Page 11

खेल

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10

देश

मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष, ज्येष्ठा, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • गुरुवार • 18 जुलाई 2024 • वर्ष 26 • अंक 218 • पृष्ठ 12

मैं पेरिस ओलंपिक में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देना चाहता हूं : किशोर जेना

डोडा हमले में शहीद हुए राजेश अपनी सैलरी से भरते थे गरीब परिवार के बच्चों की फीस

सोना चांदी

सोना	चांदी
10 ग्राम 24 कैरेट	1 किलो चांदी
₹75,000	₹96,000

आज का इतिहास

- 1892 : दादाभाई नौरोजी पहले भारतीय ब्रिटेन में संसद सदस्य के रूप में चुने गए।
- 2006 : भारत और चीन को जोड़ने वाले हिमालय में एक पहाड़ी दर्रा नाथू ला, जो चीन-भारतीय युद्ध के दौरान सील किया गया था, 40 से अधिक वर्षों के बाद व्यापार के लिए फिर से खुल गया।

न्यूज बाइट्स

मुकेश सहनी के पिता की हत्या का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

पटना (नि.सं.) । पटना। बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी के हत्यारों का पुलिस ने पता लगा लिया है। पुलिस मुख्यालय के अनुसार जीतन सहनी की हत्या पैसे के लेन-देन को लेकर की गई थी। पुलिस ने दरभंगा जिले के धनश्यामपुर थाने के सुपौल बाजार से 40 वर्षीय काजिम अंसारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस मुख्यालय के अनुसार काजिम अंसारी ने अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। डीजीपी आरएस भट्टी के निर्देश पर दरभंगा की ग्रामीण एसपी काम्या मिश्रा के नेतृत्व में गठित एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट मुख्यालय को भेज दी है। पुलिस मुख्यालय के अनुसार काजिम अंसारी कपड़े की दुकान चलाता था, जो पूंजी के अभाव में काफी दिनों से बंद थी। बेरोजगार काजिम ने जीतन सहनी से तीन किस्तों में 1.5 लाख का कर्ज लिया था। इसके लिए उसे अपनी जमीन 4% मासिक ब्याज दर पर गिरवी रखनी पड़ी थी। आरोपी ने बताया कि वह पैसे चुकाने में सक्षम नहीं था। इसी क्रम में 12 जुलाई को काजिम अंसारी और उसका एक साथी मो सितारा उर्फ छेदी मृतक से ब्याज की रकम कम कर कर्ज चुकाने और जमीन वापस करने की बात करने गए थे, जिस पर दोनों पक्षों के बीच काफी कहासुनी हुई थी।

पेपर-1, 2 की आंसर की के बाद जल्द जारी हो सकता है रिजल्ट

पटना (नि.सं.) । बिहार बोर्ड माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (एसटीइटी) 2024 (प्रथम) के पेपर-2 की आंसर-की भी आज जारी कर दी गई है। आसर की के साथ रिस्पांस शीट वेबसाइट https://secondary.biharboardonline.com पर अपलोड की गई है। जिन उम्मीदवारों ने एग्जाम दिए थे वो आधिकारिक वेबसाइट biharboardonline पर जाकर पेपर-2 की आंसर-की चेक कर सकेंगे। आपको बता दें कि आंसर की 17 से 20 जुलाई तक आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। आंसर में अगर किसी प्रकार की कोई त्रुटि होती है, तो संबंधित अभ्यर्थी समिति की वेबसाइट पर निर्धारित लिंक पर आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं।

आयकर में बदलाव से लेकर विनिर्माण को बढ़ावा

नई दिल्ली (ए.) । 23 जुलाई को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट पेश करेंगी। यह मोदी सरकार का तीसरा बजट होगा। इसी के साथ निर्मला सीतारमण के लिए यह लगातार पेश किए जाने के क्रम में उनका 7वीं बार का बजट होगा। अपकमिंग बजट सरकार के विजन और सुधार एजेंडे को लेकर खास होगा।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मेट्रो स्टेशनों का लिया जायजा

पटना मेट्रो का निर्माण तेजी से पूरा करने का दिया निर्देश, म्यूजियम टनल का लिया जायजा

निज संवाददाता | पटना

सीएम नीतीश कुमार ने अधिकारियों को बिहार म्यूजियम और पटना म्यूजियम को जोड़ने वाली सुरंग समेत पटना मेट्रो रेल परियोजना का निर्माण तेज गति से पूरा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि पटना म्यूजियम और बिहार म्यूजियम के बीच सुरंग का निर्माण पूरा होने के बाद पर्यटकों की संख्या में और बढ़ोतरी होगी। साथ ही पटना मेट्रो के पूरा होने से पटना के लोगों को आने-जाने में काफी सुविधा होगी। मुख्यमंत्री ने ये बातें बुधवार को बिहार म्यूजियम और पटना म्यूजियम को जोड़ने वाली निर्माणाधीन सुरंग, पटना म्यूजियम के उन्नयन और विस्तारीकरण समेत पटना मेट्रो रेल परियोजना का निरीक्षण करने के बाद कहीं।

सीएम नीतीश कुमार ने पटना मेट्रो रेल परियोजना के निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राजेंद्र नगर मोइनुलहक स्टेडियम, मलाही पकड़ी, खेमनीचक, पहाड़ी पर, जीरो माइल मेट्रो स्टेशन और आईएसबीटी मेट्रो स्टेशन के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कार्ययोजना के अनुरूप पटना मेट्रो रेल परियोजना का निर्माण कार्य तेज गति से पूरा करने का निर्देश दिया ताकि लोगों को इसका लाभ जल्द से जल्द मिल सके। मेट्रो निर्माण कार्य का जायजा लेने से पहले सीएम ने म्यूजियम टनल का निरीक्षण किया। जहां बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह ने टनल से बिहार संग्रहालय में प्रवेश की व्यवस्था, पार्किंग, पर्यटकों को मिलने वाली अन्य सुविधाओं आदि के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि टनल निर्माण का कार्य जल्द पूर्ण करें, जिससे बिहार संग्रहालय और पटना संग्रहालय के दर्शक आसानी से एक-दूसरी जगह जाकर लगे प्रदर्शों को देख सकें। इसके बाद मुख्यमंत्री ने पटना संग्रहालय एवं उसके विस्तारीकरण कार्य का भी जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित किचेन, भंडार, अस्थायी दीर्घा सभागार, कलेक्शन स्टोर, कंजर्वेशन लैब सहित पूरे परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान सभागार में मुख्यमंत्री के समक्ष पटना संग्रहालय के उन्नयन एवं विस्तारीकरण से संबंधित कार्य पर आधारित एक लघु फिल्म प्रदर्शित की गई।

आसपास के क्षेत्र को हरा-भरा बनाने का निर्देश

सीएम ने कहा कि बिहार संग्रहालय अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाया गया है। पटना संग्रहालय और बिहार संग्रहालय में बड़ी संख्या में पर्यटक आते रहते हैं। पटना संग्रहालय का विस्तारीकरण और उन्नयन कार्य बेहतर ढंग से किया जा रहा है। पटना संग्रहालय और बिहार संग्रहालय के बीच टनल निर्माण कार्य पूर्ण होने से पर्यटकों की संख्या और बढ़ेगी। पर्यटकों की संख्या को देखते हुए पार्किंग और अन्य सुविधाओं की समुचित व्यवस्था करें। आसपास के क्षेत्र में वृक्षारोपण कराएं ताकि क्षेत्र हरा-भरा और आकर्षक दिखे।

पटना म्यूजियम के खुदाई वाले हिस्से का भी निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पटना संग्रहालय के उन्नयन और विस्तारीकरण का कार्य बेहतर ढंग से और तेजी से करें। यह पुराना संग्रहालय है। यहां पर कई महत्वपूर्ण पुरातात्विक और ऐतिहासिक प्रदर्श रखे गए हैं, उनका रखरखाव और बेहतर ढंग से हो इसलिए भवन का विस्तारीकरण किया गया है। पटना संग्रहालय के जिस हिस्से में खुदाई कार्य किया जा रहा है, उसका भी मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए।

केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को दिए निर्देश, जेलों में समलैंगिक समुदाय के साथ न हो कोई भेदभाव

- केंद्र ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को लिखा पत्र।
- जेल में समलैंगिक समुदायों के साथ भेदभाव रोकने की अपील की।

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने जेलों में समलैंगिक समुदाय (एलजीबीटीक्यू+) के साथ होने वाले भेदभावों को रोकने के लिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश जारी किया है। गृह मंत्रालय की ओर से लिखे गए पत्र में सभी राज्यों /केंद्र शासित प्रदेशों से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि समलैंगिक समुदाय (एलजीबीटीक्यू+) के सदस्यों को जेल में समान अधिकार मिले और वस्तुओं और सेवाओं तक पहुंच में कोई भेदभाव न हो।

मंत्रालय ने इसे लेकर जारी आदेश में लिखा, गृह मंत्रालय (एमएचए) का निरंतर प्रयास रहा है कि कुशल जेल प्रशासन के विभिन्न पहलुओं पर सर्वोत्तम अभ्यास और प्रबंधन के लिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों तक पहुंचें और समसामयिक दिशा-निर्देश साझा करें।' गृह मंत्रालय ने आगे लिखा, मंत्रालय के संज्ञान में आया है कि समलैंगिक सदस्य समुदाय (एलजीबीटीक्यू+) के साथ अक्सर उनके लिंग के कारण भेदभाव किया जाता है। पहचान या यौन रुझान के कारण अक्सर हिंसा और अनादर का सामना करना पड़ता है। ऐसे में यह यह सुनिश्चित करने के लिए कि समलैंगिक समुदाय तक वस्तुओं और सेवाओं के पहुंचने में कोई भेदभाव न हो, विशेषकर जेल मुलाक़ात अधिकारों के संदर्भ में, निम्नलिखित दिशा-निर्देश दोहराए जाते हैं। दिशा-निर्देशों के साथ मंत्रालय ने सभी राज्य/केंद्रशासित प्रदेशों से इस विषय पर ध्यान देने का अनुरोध करते हुए कहा कि जेल प्राधिकारी सुनिश्चित करें कि सभी व्यक्तियों के साथ समान और उचित रूप से व्यवहार किया जाए और कोई भी व्यक्ति, विशेष रूप से समलैंगिक समुदाय से संबंधित व्यक्ति के साथ किसी भी तरह से भेदभाव न किया जाए।

इंडिया गठबंधन 20 को पूरे बिहार में निकालेगा आक्रोश मार्च

पटना (नि.सं.) । विपक्षी दल राज्य में विधि-व्यवस्था की मौजूदा स्थिति पर सरकार को घेरने की तैयारी में हैं। इसकी रणनीति तैयार करने के लिए बुधवार को राजद के प्रदेश कार्यालय में इंडिया गठबंधन के नेताओं की बैठक हुई। निर्णय लिया गया कि 20 जुलाई को पूरे बिहार में आक्रोश मार्च निकाला जाएगा। बैठक में लिए निर्णयों के बारे में राजद प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह मीडिया को जानकारी दी। कहा कि बिहार में लगातार गिरती विधि-व्यवस्था के खिलाफ मार्च निकालने का निर्णय लिया गया है। राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में एक साथ प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें राजद के अलावा कांग्रेस, माले और वीआईपी के कार्यकर्ता खासतौर से शामिल होंगे। कहा कि आक्रोश मार्च के बाद गठबंधन की तरफ से बड़ा प्रदर्शन होगा। इसकी तैयार को लेकर भी बैठक में चर्चा हुई। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि राज्य से लेकर सभी जिला मुख्यालयों में मार्च निकालने के बाद जिला अधिकारी को संयुक्त रूप से ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। विधानसभा सत्र के दौरान अपराध की लगातार हो रही घटनाओं पर चर्चा के लिए कार्यस्थगन प्रस्ताव लाया जाएगा। सरकार से इस पर जवाब की मांग की जाएगी। जगदानंद ने कहा कि जिस तरह से राज्य में आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं, उससे लगता है कि अपराधियों के मन से पुलिस का खौफ समाप्त हो गया है। पूरे प्रदेश में दशहत का माहौल है। उन्होंने कहा कि थके हुए हाथों में शासन व्यवस्था रहने और रिटायर्ड अधिकारियों के स्तर से व्यवस्था चलाने की वजह से पूरा सिस्टम ही ध्वस्त हो गया है। बैठक में कांग्रेस के कृपानाथ पाठक, माले के कुणाल, सीपीआई (एम) के ललन चौधरी, सीपीआई के रामनरेश पांडेय, वीआईपी के बालगोविंद बिंद समेत अन्य मौजूद रहे।

डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों का 15 सितंबर तक अवकाश रद्द

निज संवाददाता | पटना

स्वास्थ्य विभाग ने कुछ जिलों को छोड़कर शेष में कार्यरत चिकित्सक और सभी प्रकार के स्वास्थ्य कर्मियों का 15 सितंबर तक अवकाश रद्द कर दिया है। इन्हें राज्य में बाढ़ को देखते हुए इसकी रोकथाम और निरोधात्मक उपाय के लिए विशेष चौकसी और अनुश्रवण करना है। इसलिए अवकाश रद्द किया गया है। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव शैलेश कुमार ने आदेश जारी कर दिया है।

स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि अरवल, औरंगाबाद, बांका, गया, जमुई, जहानाबाद, कैमूर, नवादा और रोहतास जिले को छोड़ कर अन्य जिलों में यह आदेश लागू होगा। इन जिलों को छोड़ कर अन्य जिलों में पदस्थापित सभी चिकित्सा पदाधिकारी, सभी स्वास्थ्य कर्मी नियोजित सहित, स्वास्थ्य प्रशिक्षक, पारा मेडकल स्टाफ, जीएनएम, एएनएम, शल्य कक्ष सहायक, लैब तकनीशियन और कार्यालय परिचारी का सभी प्रकार के अवकाश रद्द रहेंगे। इसमें मेडिकल कॉलेज अस्पताल के प्राचार्य और अधीक्षक से लेकर निदेशक प्रमुख तक शामिल हैं। अध्ययन अवकाश और मातृत्व अवकाश का लाभ मिलेगा। इसके साथ ही आदेश में यह भी कहा गया है कि जो चिकित्सा पदाधिकारी या स्वास्थ्य कर्मी अवकाश पर हैं, उन्हें तुरंत अपने कर्तव्य पर योगदान करना है।

औषधि चिकित्सा उपकरण और सौंदर्य प्रसाधन के नियामकों की समीक्षा बैठक

औषधि के उच्च मानक तय करना जरूरी : नड्डा

एजेंसी | नयी दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने बुधवार को कहा कि औषधियों, सौंदर्य प्रसाधनों और चिकित्सा उपकरणों की विश्व स्तर पर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर उद्योगों से विचार विमर्श किया जाना चाहिए।

श्री नड्डा ने यहां औषधि चिकित्सा उपकरण और सौंदर्य प्रसाधन के नियामकों की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को वैश्विक प्रतिष्ठा 'विश्व की फार्मेसी' के अनुरूप औषधि विनियमन में वैश्विक नेता बनने के लिए, अपने परिचालन के पैमाने और अंतर्राष्ट्रीय अपेक्षाओं से मेल खाने वाले विश्व स्तरीय विनियामक ढांचे की आवश्यकता है। उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा, भारतीय औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) डॉ. राजीव सिंह रघुवंशी और केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) तथा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। श्री नड्डा ने सी.डी.एस.सी.ओ. पर अपने अनिवार्य क्रियाकलापों में वैश्विक मानकों को प्राप्त करने के लिए समय सीमा के साथ एक योजना तैयार करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एकरूपता, तकनीकी उन्नयन और भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण के उच्चतम मानकों पर ध्यान केंद्रित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्यात की जा रही दवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए उचित प्रक्रिया तैयार की जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि वैश्विक मानकों को प्राप्त करने के लिए, सी.डी.सी.एस.ओ. तथा औषधि एवं चिकित्सा उपकरण उद्योग में प्रक्रियाओं की पारदर्शिता पर ध्यान केन्द्रित करना होगा। उन्होंने कहा कि औषधि नियामक निकाय तथा उद्योग दोनों को पारदर्शिता के उच्चतम सिद्धांतों पर काम करना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि भारत में निर्मित तथा बेचे जाने वाले उत्पाद वैश्विक गुणवत्ता मानकों के उच्चतम मानकों को पूरा करते हों।

नीट-यूजी : 23 लाख बच्चों को फैसले का इंतजार

40 से अधिक याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट आज करेगा सुनवाई

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट विवादों से घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 से जुड़ी याचिकाओं पर आज सुनवाई करेगा। यह परीक्षा 5 मई को आयोजित की गई थी। सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट पर 18 जुलाई की अपलोड की गई वाद सूची के अनुसार, मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ 40 से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। इनमें राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की याचिका भी शामिल है।

शीर्ष अदालत ने 11 जुलाई को परीक्षा रद्द करने, दोबारा परीक्षा कराने और नीट-यूजी 2024 के आयोजन में कथित गड़बड़ी की जांच की मांग वाली याचिकाओं सहित अन्य याचिकाओं पर सुनवाई 18 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी थी। हलफनामे में केंद्र ने कहा कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास द्वारा किए गए डेटा विश्लेषण से पता चलता है कि न तो बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का कोई संकेत है और न ही उम्मीदवारों के एक स्थानीय समूह को लाभ होने का जिससे असामान्य अंक आए हैं। बता दें कि 5 मई को 571 शहरों में 4,750 केंद्रों पर 23.33 लाख से अधिक छात्रों ने परीक्षा दी थी, जिसमें 14 विदेशी शहर भी शामिल थे। केंद्र और एनटीए ने शीर्ष अदालत में दायर अपने पहले के हलफनामों में कहा था कि परीक्षा को रद्द करना सही नहीं होगा और बड़े पैमाने पर गोपनीयता के उल्लंघन के किसी भी सबूत के अभाव में लाखों ईमानदार उम्मीदवारों को गंभीर रूप से खतरे में डाल देगा।

आरपीएफ ने पिछले सात वर्षों के दौरान 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' के तहत 84119 बच्चों को बचाया

वशेष संवाददाता | नई दिल्ली

पिछले सात वर्षों में, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) 'नन्हे फरिश्ते' नामक एक ऑपरेशन में अग्रणी रहा है। यह एक मिशन जो विभिन्न भारतीय रेलवे जोनों में पीड़ित बच्चों को बचाने के लिए समर्पित है। पिछले सात वर्षों (2018-मई 2024) के दौरान, आरपीएफ ने स्टेशनों और ट्रेनों में खतरे में पड़े या खतरे में पड़ने से 84,119 बच्चों को बचाया है। 'नन्हे फरिश्ते' सिर्फ एक ऑपरेशन से कहीं अधिक है; यह उन हजारों बच्चों के लिए एक जीवन रेखा है जो खुद को अनिश्चित परिस्थितियों में पाते हैं। 2018 से 2024 तक का डेटा, अटूट समर्पण, अनुकूलनशीलता और संघर्ष क्षमता की कहानी दर्शाता है। प्रत्येक बचाव समाज के सबसे असुरक्षित सदस्यों की सुरक्षा के लिए आरपीएफ की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। वर्ष 2018 में 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' की महत्वपूर्ण शुरुआत हुई। इस वर्ष, आरपीएफ ने कुल 17,112 पीड़ित बच्चों को बचाया, जिनमें लड़के और लड़कियां दोनों शामिल हैं। बचाए गए 17,112 बच्चों में से 13,187 बच्चों की पहचान भागे हुए बच्चों के रूप में की गई, 2105 लापता पाए गए, 1091 बच्चे बिछड़े हुए, 400 बच्चे निराश्रित, 87 अपहृत, 78 मानसिक रूप से विक्षिप्त और 131 बेघर बच्चे पाए गए। वर्ष 2018 में इस तरह की पहल की तत्काल आवश्यकता को उजागर करते हुए ऑपरेशन के लिए एक मजबूत नींव रखी गई। वर्ष 2019 के दौरान, आरपीएफ के प्रयास लगातार सफल रहे और लड़कों और लड़कियों दोनों सहित कुल 15,932 बच्चों को बचाया गया। बचाए गए 15,932 बच्चों में से 12,708 भागे हुए, 1454 लापता, 1036 बिछड़े हुए, 350 निराश्रित, 56 अपहृत, 123 मानसिक रूप से विक्षिप्त और 171 बेघर बच्चों के रूप में पहचाने गए। वर्ष 2020 कोविड महामारी के कारण चुनौतीपूर्ण था, जिसने सामान्य जीवन को बाधित किया और परिचालन पर काफी प्रभाव डाला। इन चुनौतियों के बावजूद, आरपीएफ 5,011 बच्चों को बचाने में कामयाब रही। वर्ष 2021 के दौरान, आरपीएफ ने अपने बचाव कार्यों में पुनरुत्थान देखा, जिससे 11,907 बच्चों को बचाया गया। इस वर्ष पाए गए और संरक्षित किए गए बच्चों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जिसमें 9601 बच्चों की पहचान भागे हुए के रूप में, 961 लापता के रूप में, 648 बिछड़े हुए, 370 निराश्रित, 78 अपहृत, 82 मानसिक रूप से विकलांग और 123 बेघर बच्चों के रूप में पहचाने गए।

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की जमानत पर 29 जुलाई को फैसला

एजेंसी | नई दिल्ली

शराब नीति केस में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। बुधवार को करीब ढाई घंटे तक चली चली बहस के बाद कोर्ट ने कहा- जमानत याचिका पर सुनवाई 29 जुलाई को करेंगे। सीबीआई द्वारा केजरीवाल को अरेस्ट करने के खिलाफ जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा- अरविंद केजरीवाल जनता के चुने हुए मुख्यमंत्री हैं, आतंकवादी नहीं। सिंघवी ने कोर्ट में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का जिक्र किया। उन्होंने कहा- हाल ही में इमरान खान को रिहा किया गया था, लेकिन उन्हें दूसरे मामले में फिर से गिरफ्तार कर लिया गया। हमारे देश में ऐसा नहीं हो सकता। न्यूज वेबसाइट बार एंड बेंच के मुताबिक सीबीआई के वकील डीपी सिंह ने कहा- अगर केजरीवाल को जमानत मिली तो वह जांच प्रभावित कर सकते हैं। यहां सभी को पता है कि देश में कैसे जांच को प्रभावित किया जाता है।

केंद्र के सहयोग से विकसित राज्य बनेगा बिहार : श्रवण कुमार

निज संवाददाता | पटना

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने नीति आयोग की रिपोर्ट पर कहा है कि सीमित आर्थिक संसाधनों में भी लगातार बिहार की तरक्की हो रही है। जिन क्षेत्रों में बिहार पिछड़ा हुआ है, उसमें निरंतर प्रगति के लिए राज्य सरकार बेहतर काम कर रही है। केंद्र सरकार से भी बिहार को सहयोग मिल रहा है। आगे भी सतत सहयोग की हमें पूरी उम्मीद है, तभी बिहार विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा।

मंत्री बुधवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जन-सुनवाई कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। वीआईपी पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी के पिता की हत्या मामले पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्वयं पूरी घटना को संज्ञान में लिया है। घटना में संलिप्त अपराधियों के खिलाफ बहुत जल्द कठोर कार्रवाई होगी। इस मौके पर भवन निर्माण मंत्री जयंत राज ने आरोप लगाया कि राजद के शासनकाल में मुख्यमंत्री आवास से आपराधिक साजिश रची जाती थी, जबकि नीतीश सरकार अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलती है। मुकेश सहनी के पिता के हत्यारे को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जायेगा। इस मौके पर विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, पूर्व मंत्री गौतम सिंह, नवीन आर्या एवं लोकप्रकाश सिंह मौजूद रहे।

बिहार के लोगों के लिए खुशखबरी

प्लेटफॉर्म टिकट और हॉस्टल की फीस पर अब नहीं लगेगा जीएसटी

निज संवाददाता | पटना

बिहार में अब रेलवे स्टेशनों के प्लेटफॉर्म टिकट सस्ते हो गए हैं। बिहार सरकार द्वारा प्लेटफॉर्म टिकट, डॉरमेट्री वेटिंग रूम, क्लॉक रूम और बैटरी से चलने वाले वाहनों पर लगने वाले जीएसटी को हटा दिया गया है। हॉस्टल में रहने वाले छात्रों को भी 20000 रुपये प्रति व्यक्ति प्रतिमाह तक की हॉस्टल सेवाओं पर जीएसटी से छूट मिलेगी। यह फैसला जीएसटी काउंसिल की बैठक में लिया गया था और अब बिहार सरकार ने इसे लागू कर दिया है। हॉस्टल में रहने वाले छात्रों को भी बड़ी राहत मिली है। उन्हें 20000 रुपये प्रति व्यक्ति प्रतिमाह तक की हॉस्टल सेवाओं पर भी जीएसटी से छूट दी गई है। इसके लिए छात्रों को हॉस्टल में कम से कम 90 दिनों तक रहना अनिवार्य है। पर्यावरण संरक्षण के लिए बिहार सरकार ने बैटरी से चलने वाले वाहनों से भी जीएसटी हटा दिया है।

ऐसा कहा जा रहा है कि बिहार सरकार के इन फैसलों से बिहार की जनता को काफी राहत मिल सकती है। प्लेटफॉर्म टिकट सस्ता होने से रेलवे यात्रियों को फायदा होगा। हॉस्टल में रहने वाले छात्रों को भी जीएसटी से छूट मिलने से आर्थिक मदद मिल सकेगी।

इस फैसले से आम लोगों को मिलेगी राहत

बता दें कि प्लेटफॉर्म टिकट पर पहले पांच फीसदी जीएसटी देना पड़ता था, जो अब हटा दिया गया है। इससे 10 रुपये का प्लेटफॉर्म टिकट अब 9 रुपये में मिलेगा। इस फैसला से आम लोगों को अब राहत मिलेगी। इसके अलावा बिहार सरकार ने रेलवे की कई सेवाओं को जीएसटी मुक्त कर दिया है, जिसमें डॉरमेट्री वेटिंग रूम और क्लॉक रूम भी शामिल है।

चिराग, मांझी और ललन सिंह पर बढ़ा पीएम नरेन्द्र मोदी का विश्वास, नीति आयोग की नई टीम में दी बड़ी जिम्मेदारी

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र सरकार में मंत्री चिराग पासवान, जीतन राम मांझी और राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह की हैसियत और ज्यादा बढ़ गई है। दरअसल, केंद्र सरकार ने 16 जुलाई यानी मंगलवार को नीति आयोग का पुनर्गठन किया। केंद्र सरकार ने कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान को नीति आयोग का नया पदेन सदस्य बनाया। वहीं, बिहार से ललन सिंह, चिराग पासवान और मांझी को भी अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। केंद्र सरकार ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्री जीतन राम मांझी, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री ललन सिंहे और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान को नीति आयोग में शामिल किया है। बता दें कि इन तीन मंत्रियों को नीति आयोग में शामिल करने से बिहार की स्पेशल स्टेटस की डिमांड को और ज्यादा तवज्जो मिलने की उम्मीद है। बिहार सरकार में मंत्री विजय चौधरी पहले ही कह चुके हैं कि नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट बिहार के लिए विशेष राज्य का दर्जा या फिर विशेष आर्थिक सहायता की मांग को औचित्य प्रदान करती है।

संक्षिप्त समाचार

यात्रियों का सामान चोरी व छिनतई करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

गया। गया जंक्शन पर यात्रियों का सामान चोरी व छिनतई करने वाला गिरोह का रेल पुलिस ने भंडाफोड किया है। पुलिस ने यात्रियों का चेन, मोबाइल व अन्य सामान की चोरी करने वाले गिरोह के पांच उचक्कों को दबोचा है। गया स्टेशन रोड के एक होटल में रहकर चोरी व छिनतई की घटना को अंजाम देते थे। जीआरपी थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि मंगलवार की सुबह मुफस्सिल के यात्री अजीत कुमार पटना जाने के लिए ट्रेन पकड़ने आए थे। प्लेटफार्म पर भीड़ का फायदा उठाकर एक व्यक्ति उनके गले से सोने का चेन झपटकर भागने लगा, जिसे ड्यूटी में तैनात जीआरपी व आरपीएफ पुलिस बल ने पकड़ लिया। पकड़े गए उचक्के ने अपना नाम पंकज कुमार व बेगूसराय जिले के मुफस्सिल थाना के सिगमा वार्ड नंबर 10 लाखों का रहने वाला बताया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसके साथ चार सदस्य और हैं, ये लोग स्टेशन के बगल स्थित एक होटल में कई दिनों से रह रहे हैं तथा वहीं से स्टेशन आकर चोरी-छिनतई की घटना को अंजाम देते हैं। बताया कि पंकज की निशानदेही पर होटल में छापेमारी कर रूपेश कुमार उर्फ मिस्त्री व महेश साह (ग्राम व थाना-बलिया, बेगूसराय), जगमोहन पासवान (ग्राम - नया बाजार विष्णुपुर टोला, मुफस्सिल, बेगूसराय) एवं सचिन कुमार (सिगमा वार्ड नंबर 10 लाखो, मुफस्सिल, बेगूसराय) को दबोचा गया।

घटना के वक्त प्रार्थना के लिए लाइन में खड़े थे सभी, बाल-बाल बचे बच्चे, किताबें और बेड जले

गम्हरिया। कुमारखंड पुलिस ने मंगलवार अलसुबह तीन बजे थाना क्षेत्र के गढ़िया में एसएच-91 पर नहर पुल पर बाइक सवार तीन अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों की तलाशी लेने पर एक देसी पिस्तौल व 6 खोखा बरामद हुआ। साथ ही जब्त टीवीएस अपाचे बाइक भी चोरी का निकला। गिरफ्तार अपराधियों के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज कर तीनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष संजीव कुमार को सूचना मिली थी कि विशनपुर और टिकुलिया की ओर से आने वाले वाहन चालकों को बाइक सवार तीन बदमाश हथियार के बल पर रोकने का प्रयास कर रहे हैं। इसी सूचना पर थानाध्यक्ष ने दारोगा दीनानाथ सिंह व गोपेंद्र कुमार सिंह के साथ छापेमारी कर काले रंग के ड्रेस में मौजूद तीन युवकों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी श्रीनगर थाना क्षेत्र के इसराइन बेला पंचायत स्थित मधुबनी चौक निवासी राजू कुमार की तलाशी लेने पर एक देसी पिस्तौल और दो खोखा बरामद हुआ। वहीं श्रीनगर थाना क्षेत्र के ही मधेली टोला निवासी ओमप्रकाश कुमार और जीवन कुमार की तलाशी लेने पर दो-दो खोखा बरामद हुआ। पुलिस द्वारा जब्त की गई काले रंग का टीवीएस अपाचे बाइक भी चोरी का निकला। थानाध्यक्ष ने बताया कि तीनों अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में था लेकिन समय रहते पुलिस के हथे चढ़ गया। ▸ स्कूल में अगलगी की घटना की जानकारी मिली है। मामले की जांच की जाएगी। बहुत ऐसे स्कूल हैं जिसका रजिस्ट्रेशन नहीं है। बिना रजिस्ट्रेशन वाले स्कूलों को लेकर अभी तक विभागीय आदेश नहीं आया है। विभागीय आदेशानुसार जांच कर कार्रवाई की जाएगी। - नवलकिशोर सिंह, बीईओ गम्हरिया। ▸ हमारे स्कूल का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। अगलगी की घटना को लेकर सीओ को आवेदन भी दिया गया है। - हीरा यादव, संचालक बाल विद्या विहार स्कूल गम्हरिया। भास्कर न्यूज | गम्हरिया गम्हरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित आवासीय बाल विद्या विहार स्कूल के छात्रावास में मंगलवार की सुबह आग लग गई। अगलगी के दौरान दो सिलेंडर भी ब्लास्ट हुआ। इस घटना में लाखों का सामान जलकर राख हो गया। घटना सुबह करीब 6.30 बजे की है। हॉस्टल में रहने वाले बच्चे स्कूल के कैंपस पास में ही प्रार्थना के लिए गए हुए थे। अगर अगलगी के समय हॉस्टल में बच्चे होते तो बड़ा हादसा हो सकता था। हॉस्टल के प्राचार्य माहेश्वरी यादव ने कहा कि आग कैसे लगी, अब तक साफ नहीं हो पाया है। आग लगने की घटना में हॉस्टल की चौकी, बेड के अलावा संबंधित बच्चों के कपड़े, कुछ पुस्तक व अन्य सामग्री पूरी तरह से जलकर राख हो गया। इस विद्यालय में दसवीं तक की पढ़ाई होती है और 800 से अधिक छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं। स्कूल के हॉस्टल में करीब 250 बच्चे रहते हैं। बताया गया कि आग गैस सिलेंडर के रिसाव के कारण लगी। मंगलवार की सुबह करीब 6:30 बजे उस समय आग लगी जब हॉस्टल के सारे बच्चे स्कूल के कैंपस में प्रार्थना करने गये थे। उसी समय किसी बच्चे की नजर हॉस्टल से निकल रहे धुएं पर पड़ी। आनन-फानन में बच्चे हो हल्ला करते हुए स्कूल से भागने लगे। जब तक स्कूल के शिक्षक व बच्चे कुछ समझ पाते आग ने विकराल रूप ले लिया, जिसमें हॉस्टल के सारे बेड जल गए।

नालंदा में जमीन कारोबारी हत्याकांड का खुलासा

नालंदा। नालंदा के सरमेरा थाना क्षेत्र के धनावांडीह गांव के पास रविवार की शाम एक शव बरामद किया गया था। मृतक की पहचान अस्थावां थाना क्षेत्र के नोआवां गांव निवासी प्रभात सिंह उर्फ विरेन्द्र कुमार के रूप में की गयी थी। परिजनों ने रुपए के लेन-देन में हत्या करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने हत्या का राज खोलने का दावा किया गया है। इस

मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सदर डीएसपी ने बताया कि अनुसंधान के दौरान घटना के मास्टरमाईंड शेखपुरा जिला के जयरामपुर थाना क्षेत्र के शैलेन्द्र प्रसाद के बेटे सुमीत कुमार को गिरफ्तार किया गया। उसने पूछताछ में बताया कि कुछ साल पहले जमीन कारोबारी के माध्यम से उसने जमीन खरीदी थी। इसमें कारोबारी ने मोटा मुनाफा लिया था। इसका पता चलने पर सुमीत गुस्से में था। इधर, कुछ दिनों से उसे रुपये की जरूरत थी। वह उसी जमीन को गिरवी रखकर कारोबारी से कर्जा मांग रहा था। रुपये नहीं मिलने पर उसने दोस्तों के साथ हत्या की योजना बनायी। कारोबारी को राजगीर ले गया। हत्या करने के बाद कार से उसके शव को सरमेरा में फेंक दिया। उसकी निशानदेही पर चार अन्य आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। इसमें गाड़ी का चालक कुंदन कुमार भी शामिल है। कार भी जब्त कर ली गयी है। छापेमारी टीम में सरमेरा थाना की पुलिस टीम शामिल थी।

69 सालों तक लोगों के घरों में समाचार पत्र पहुंचाने वाले कर्मवीर युगल जी नहीं रहे

नीमचक बथानी। तीन पीढ़ियों को समाचार पत्र वितरण करने वाले खिजरसराय निवासी युगल किशोर प्रसाद अब इस दुनिया में नहीं रहे। उन्होंने मंगलवार को दोपहर बाद लगभग 3.30 बजे खिजरसराय स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। जानकारी के अनुसार युगल जी ने वर्ष 1955 में पांच पेपर से अखबार वितरण की शुरुआत की थी। उन्होंने लगातार मार्च-2024 तक अखबार वितरण का कार्य किया। अखबार वितरण के दौरान साइकिल से गिरकर पैर टूटने के बाद उन्होंने अखबार वितरण का काम छोड़ दिया था। लेकिन उनका क्षेत्र में जुड़ाव ऐसा था कि कुछ पुराने ग्राहकों

से मिलने के लिए कभी-कभी साइकिल से 15-20 किलोमीटर दूर नई बाजार की ओर जाया करते थे। एक पखवारा पूर्व उन्हें दिल का दौरा पड़ा, जिसके बाद वे लगातार बेड पर थे। अखबार वितरण में उनका हाथ बंटाने वाले नंदन कुमार ने बताया कि उनका साथ होना ही बहुत बड़ी बात थी। उनके मौत पर क्षेत्र के बुद्धिजीवी वर्ग के साथ व्यवसायियों ने भी गहरी संवेदना व्यक्त की है। दुःख व्यक्त करने में शिक्षक परमाणु कुमार, पैक्स अध्यक्ष श्रवण कुमार, एनके शर्मा, अमीर कुमार, रौशन कुमार सहित अन्य शामिल हैं।

परिवार के बीच झगड़ा, फायरिंग में पड़ोसी का बच्चा जख्मी

निज संवाददाता। नालंदा

❒ पीपल के पेड़ के नीचे खेल रहे थे बच्चे, जख्मी के परिजनों का आरोप- जानबूझ कर मारी गोली

नालंदा में बुधवार को एक 10 साल के बच्चे को गोली लग गई। गोली बच्चे के दाएं पैर में लगी। इसके बाद बच्चा खून से लथपथ होकर वहीं गिर पड़ा। वो दर्द से परेशान है और लगातार रो रहा है। घटना नूरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत जगदीशपुर तियारी गांव की है। यहां एक ही परिवार के चाचा-भतीजा के बीच झगड़ा हो रहा था। इसी बीच चाचा ने बंदूक से फायरिंग कर दी और पास में खेल रहे पड़ोसी के बच्चे को गोली लग गई। इधर, जख्मी के परिजनों का आरोप है कि आरोपी ने जानबूझ कर बच्चे को गोली मारी है। जख्मी बच्चे की पहचान विपिन रविदास के बेटे दीपक कुमार के रूप में की गई है। घटना के बाद दीपक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। दीपक के परिजनों ने बताया कि गांव में कलम गोप अपने भतीजे से झगड़ा कर रहा था। पास में ही दीपक के परिजन कुछ बच्चों के साथ पीपल के पेड़ के नीचे बैठे हुए थे। बच्चे खेल रहे थे। इसी बीच कलम गोप गुस्से में अपने घर में घुसा और बंदूक निकालकर फायरिंग करने लगा। दीपक के परिजनों के अनुसार, कलम गोप ने हमें भी गाली दी और यहां से भाग जाने की बात कही। उसने 5 राउंड फायरिंग की और इसी दौरान एक गोली दीपक के पैर में लग गई। उसने जानबूझ कर भीड़ की ओर फायरिंग की, जिससे यह घटना हुई है। इधर, नूरसराय थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि भूमि विवाद को लेकर कलम गोप और उसके भतीजे में विवाद हो रहा था। इसी बीच कलम द्वारा गोली चला दी गई। इसमें एक बच्चे को गोली लग गई। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच छानबीन में जुट गई है। चाचा और भतीजा दोनों फरार हैं। बच्चे को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

पिकअप के धक्के से व्यक्ति की मौत, सड़क पर चल रहे थे पैदल

निज संवाददाता। गया

♦ हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन लेकर हुआ फरार

गया-पटना मुख्य सड़क मार्ग पर मंगलवार की रात बेलागंज थाना क्षेत्र के खनेटा गांव के समीप पिकअप के धक्के से एक व्यक्ति की मौत हो गई। कुछ ग्रामीण उसे सरकारी अस्पताल ले गए थे। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान श्रवण प्रजापत के रूप में हुई है। वह बेलागंज थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव के रहने वाले थे। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। ग्रामीणों का कहना है कि धक्का मारने वाला पिकअप वैन चालक मौके से फरार हो गया। उसका पता नहीं चला है।

आवेदन मिलने पर केस दर्ज होगाः ग्रामीणों ने बताया कि थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव निवासी 35 वर्षीय श्रवण प्रजापत सड़क मार्ग से पैदल कहीं जा रहे थे। इसी दौरान खनेटा गांव के समीप तेज रफ्तार पिकअप की चपेट में आ गए। वे बुरी तरह से जख्मी हो गए और उनकी मौत घटना स्थल पर हो गई। घटना के बाद वाहन लेकर चालक फरार हो गया। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है। प्रशिक्षु डीएसपी सह बेलागंज थानाध्यक्ष सदानंद कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। पोस्टमॉर्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजने की तैयारी में पुलिस जुटी हुई है। मृतक के परिजन के आवेदन पर प्राथमिक दर्ज की जाएगी।

सड़क हादसे में दो भाइयों की मौत.. घटनास्थल पर मिला हथियार-कारतूस

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में लूना और मवेशियों से लदे पिकअप में टक्कर हो गई। हादसे में 2 किशोर की मौत हुई है। दोनों आपस में ममेर-फुफेरे भाई लगते हैं। दुर्घटना के बाद पिकअप गड्ढे में पलट गया था। जिस कारण 2 मवेशियों की भी जान गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से कारतूस और पिस्टल भी बरामद किया है। बताया जा रहा कि मृतक फूफा के घर प्रसाद खाने आया था। वापस अपने भाइयों के साथ लूना से घर लौट रहा था। रास्ते में पिकअप से टक्कर हो गई। एक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक ने इलाज के दौरान दम तोड़ा है। घटना बिन्द थाना क्षेत्र के बिहटा-सरमेरा टू-लेन के रामपुर मोड़ के पास की है। मृतकों की पहचान बिन्द थाना क्षेत्र के नीरपुर निवासी बोलरजीत ढाढ़ी का (14) वर्षीय पुत्र राजकुमार ढाढ़ी उर्फ राजा और सरमेरा थाना क्षेत्र के छोटकी मलावा गांव निवासी रामानंद राम का (15) वर्षीय पुत्र संदीप कुमार के रूप में हुई है। दोनों आपस में ममेरे-फुफेरे भाई लगते थे।

एक का इलाज चल रहा हैः मृतक के परिजन ने बताया कि बहादुर राम और संदीप कुमार, राजकुमार ढाढ़ी को लूना से छोड़ने उसके घर छोटकी मलावा से नीरपुर जा रहे थे। इसी बीच भिंड थाना क्षेत्र के रामपुर मोड़ के पास सड़क हादसे में राजकुमार ढाढ़ी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि बहादुर राम और संदीप कुमार को इलाज के लिए बिंद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। इलाज के क्रम में पावापुरी मेडिकल कॉलेज में संदीप कुमार की भी मौत हो गई। जबकि बहादुर राम इलाजरत है।

मुहर्रम को लेकर अलर्ट पर नालंदा जिला प्रशासन, नालंदा में 247 स्थानों पर तैनात रहेंगे अधिकारी

निज संवाददाता। नालंदा

● कंट्रोल रूम का नंबर भी किया गया जारी

मुहर्रम को लेकर नालन्दा जिला प्रशासन अलर्ट है। शहर से लेकर गांव तक दंडाधिकारी और जवान तैनात रहेंगे। मुहर्रम को लेकर जिले के 247 स्थानों पर अधिकारी व जवान तैनात किये जाने की योजना बनायी गयी है। जिले की हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी व ड्रोन की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की गयी है। जिला स्तर पर हरदेव भवन में जिला नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। जिला नियंत्रण कक्ष के लिए 06112- 235288 फोन नंबर जारी किया गया है। किसी तरह की मदद के लिए इस नंबर पर फोन लोग कर सकते हैं।

17 और 18 जुलाई को मनाया जाएगा मुहर्रमः सुरक्षा के लिए शहर के 84 तो सदर अनुमंडल क्षेत्र के 112, राजगीर के 90 व हिलसा के 45 चिह्नित स्थानों पर सुरक्षा के लिए अधिकारी व जवान तैनात किये गये हैं। 17 व 18 जुलाई को अधिकारी व जवान निर्धारित स्थलों पर ड्यूटी करेंगे। जिला प्रशासन ने लोगों ने अपील की है कि शांति से पर्व मनायें। शांति भंग करने का प्रयास करने वालों से सख्ती से निपटा जायेगा।

शहर के इन स्थानों पर तैनात रहेंगे अधिकारी और जवानः बड़ी पहाड़ी तेराहा, अस्पताल चौराहा, जानवर अस्पताल के पास, भैंसासुर मोड़, आलम क्लीनिक, एतवारी बाजार, सरकारी बस पड़ाव, भैंसासुर देवी स्थान, काशी तकिया, भरावपर देवी स्थान, भरावपर चौराहा, मछली मार्केट, भरावपर मदरसा, कांटापर कब्रिस्तान, बांस दरवाजा, गगनदीवान कब्रिस्तान, सोगरा कॉलेज मोड़, पक्की तालाब, दरगाह तिमुहानी, बड़ी दरगाह मैदान, मेहरपर, पहाड़पुरा, झींगनगर, नबीनगर, नेहाल मस्जिद, कटरा पुराना अस्पताल, टेढ़ी वरुण मस्जिद, थवई मोहल्ला के पास दंडाधिकारी तैनात किये गये हैं। इसी तरह, कोनासराय, नदी मोड़, सब्जी बाजार कटरापर, बाबा मणिराम अखाड़ा तिमुहानी, टाउन हाई स्कूल मोड़, सालूगंज मोड़, चौखंडी मंदिर, पुलपर चौक, धनेश्वरघाट, गुफापर, गढ़पर मस्जिद के पास, आलमगंज शाही मजिस्द, पोस्ट आफिस मोड़, वंदना सिनेमा, टेलीफोन एक्सचेंज, नईसराय मोड़, नरसली मंदिर, रेलवे स्टेशन, कल्याणपुर मोड़, कॉलेज मोड़ मंदिर, बैगनाबाद स्कूल एवं आस-पास, नीलकंठेश्वर मंदिर पास, खंदक मोड़, सकुनत, चैनपुरा, बनौलिया मस्जिद, बनौलिया पानी टंकी, शेखाना मस्जिद, छज्जु मोहल्ला, ईमादपुर देवी स्थान, मोगलकुआं मस्जिद, सिंगारहाट मस्जिद, बसारबिगहा मस्जिद, खासगंज मस्जिद के पास भी मजिस्ट्रेट तैनात किये गये हैं।

नालंदा में सिम दुकानों पर BSNL की बढ़ी डिमांडःजुलाई महीने में जुड़े 4 हजार कस्टमर

निज संवाददाता। नालंदा

BSNL की ओर एक बार फिर से मोबाइल उपभोक्ताओं का झुकाव देखा जा रहा है। निजी कंपनियों की टैरिफ बढ़ने से अब उपभोक्ताओं को बीएसएनएल की याद आने लगी है। निजी कंपनियों के मुकाबले बीएसएनल का टैरिफ प्लान बहुत ही सस्ता है। यही वजह है कि इस महीने जिला मुख्यालय बिहार शरीफ और हिलसा अनुमंडल में लगभग 4 हजार उपभोक्ताओं ने अलग-अलग कंपनियों से अपना मोह भंग कर लिया है और वह बीएसएनल से जुड़ गए हैं।

दुकानों पर बीएसएनएल की डिमांडः सिम रिटेलर हर्ष कुमार ने बताया कि इन दोनों बीएसएनएल सिम की डिमांड काफी बढ़ गई है। 90% लोग बीएसएनल का ही सिम लेने पहुंच रहे हैं। जब से निजी कंपनियों के रिचार्ज महंगे हुए हैं। इसके बाद से बीएसएनल में MNP कराने वालों एवं नया सिम लेने वालों की तादाद बढ़ी है। ग्राहकों का स्पष्ट तौर पर कहना है कि कॉलिंग की सुविधा बेहतर रहनी चाहिए। नेट स्पीड एडजस्ट कर लेंगे। वहीं सिम लेने पहुंचे एक उपभोक्ता ने कहा कि निजी कंपनियों के रिचार्ज प्लान महंगे हो गए हैं। इसलिए वह एमएनपी के जरिए बीएसएनल से जुड़ने के लिए पहुंचे है। हालांकि बीएसएनल सिम के दामों में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है, जो सिम पहले 60 रुपए में मिलती थी। वह अब 100 रुपए की हो गई है।

ग्रामीण क्षेत्रों में बहाल होगी 4G सेवाः नालंदा के ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी 4G की समस्या बरकरार है। लेकिन जल्द ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी बीएसएनएल की 4G सेवाओं का विस्तार कर लिए जाने की योजना है। वर्तमान समय में बीएसएनल का जिले में 123 मोबाइल टावर है।बीएसएनएल की योजना 246 बीटीएस को अपग्रेड कर 4G करने की है। जिस पर हर दिन काम तेजी से चल रहा है। इस साल के अंत तक पूरे जिले में कंपनी सभी बीटीएस 4G सेवा से जुड़ जाएगा। इसके बाद विभाग 3G सेवा बंद करेगी और ग्राहकों को 2G एवं 4G सेवा मुहैया कराएगी।

ऑप्टिकल फाइबर से जुड़े लैंडलाइन उपभोक्ताः बिहार शरीफ में अभी भी 965 लैंडलाइन उपभोक्ता हैं। इन उपभोक्ताओं के यहां अभी भी टेलीफोन की घंटियां बजती है। लैंडलाइन उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है। कॉपर केबल की जगह अब ऑप्टिकल फाइबर से इन्हें जोड़ दिया गया है। लैंडलाइन उपभोक्ता पहले बार-बार केवल कटने की समस्या से जूझते रहते थे।

नालंदा में सुसराल पक्ष ने विवाहिता को जिंदा जलाया, मौत

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में दहेज के कारण एक विवाहिता की जलाकर हत्या कर दी गई है। ससुराल पक्ष ने घटना को अंजाम दिया है। मामला खुदागंज थाना क्षेत्र के तकियापुर गांव की है। मृतका तकियापुर गांव निवासी प्रवीण यादव की पत्नी सोनाली कुमारी(22) है। घटना के सबंध में विवाहिता के पिता गया के सरबहदा थाना क्षेत्र के शेख विगहा गांव निवासी संजय यादव ने बताया कि 4 साल पहले उन्होंने अपनी बेटी सोनाली कुमारी की शादी खुदागंज थाना क्षेत्र के तकियापुर गांव निवासी स्व.बांके यादव के बेटे प्रवीण यादव से की थी। शादी के कुछ साल तक सब कुछ ठीक रहा। इधर, कुछ दिनों से ससुराली परिवार द्वारा सोनाली कुमारी को मायके से रुपए मांगने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। रुपए नहीं देने पर ससुराल वाले सोनाली के साथ मारपीट और प्रताड़ित कर रहे थे। इसकी जानकारी सोनली ने फोन कर उनलोगों को दी थी। परिजन ने बताया कि बुधवार की सुबह बेटी के ससुराल के गांव वालों से पता चला की सोनाली की हत्या कर शव को जला दिया गया है। इसके बाद वे लोग पुलिस को लेकर बेटी के ससुराल पहुंचे। वहीं, खुदागंज थानाध्यक्ष जयप्रकाश नारायण ने बताया कि बुधवार को सरबहदा थाना क्षेत्र के शेख विगहा गांव निवासी संजय यादव द्वारा खुदागंज थाना को सूचना दिया गया कि खुदागंज थाना क्षेत्र के तकिया पर गांव में ससुराल वालों ने दहेज के कारण सोनाली कुमारी की हत्या जलाकर कर दी है।

गया के शाश्वत तबला वादन में दूसरे स्थान पर

निज संवाददाता। गया

संगीत घराने के नन्हे तबला वादक शाश्वत ने प्रयागराज में गया जी का नाम रोशन किया है। बीते दिनों यूपी के प्रयागराज में हुए तीन दिवसीय कलाकार के संगम में तबला वादन में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। शाश्वत (12) देश के चर्चित कलाकार ठुमरी गायक स्वर्गीय कामेश्वर पाठक के शिष्य रह चुके हैं। उन्होंने शाश्वत को हारमोनियम और तबला सिखने का आशीर्वाद अल्प आयु में ही दिया था। बोधगया कोल्हौरा गांव निवासी शाश्वत नन्हा उस्ताद तबला वादक के रूप में जाना जाता है। स्वर्गीय कामेश्वर पाठक के आदेशानुसार उसके पिता राजेश कुमार ने संगीत की शिक्षा दिलाने में एड़ी चोटी का जोर लगा रखी है। शाश्वत के घर में तबला बजाने की परंपरा पूर्वजों से चली आ रही है। स्वर्गीय गोखुल दुसाध, उनके पुत्र स्वर्गीय वासुदेव पासवान भी तबला वादक थे। इनकी पहचान गया और आसपास अच्छे तबला वादक के रूप में थी। शाश्वत के प्रथम गुरू जी पिता राजेश कुमार ही हैं। इसके बाद स्वर्गीय कामेश्वर पाठक सुप्रसिद्ध ठुमरी गायक गया घराना, सतीश शर्मा सुप्रसिद्ध ख्याल, ठुमरी, लोक गीत गायक गया घराना। ये वर्तमान समय में रांची में रहते हैं। सलीम अल्लाह वाले सुप्रसिद्ध अंतराष्ट्रीय तबला वादक, ख्याल, ठुमरी, गजल गायक भोपाल, पंडित राम गोपाल और दिनेश मौआर गया घराना के सहयोग से शाश्वत को संगीत शिक्षा की तालीम दी जा रही है। शाश्वत ने अपनी छोटी सी उम्र में ही कई नामीगिरामी कलाकरों के साथ मंच भी साझा किया है। उन प्रसिद्ध कलाकारों के साथ संगत भी किया है। शाश्वत का कहना है कि तबला वादन के क्षेत्र में कड़ी मेहनत कर अदब की दुनिया में गया घराना का नाम रोशन करना है।

गया में ABVP नगर इकाई का पुनर्गठन, डॉ. सुनील कुमार बने मानपुर नगर अध्यक्ष

निज संवाददाता। गया

गया में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मानपुर नगर इकाई का पुनर्गठन किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पशुपतिनाथ उपमन्यु, दक्षिण बिहार विशेष आमंत्रित सदस्य सूरज सिंह, नगर अध्यक्ष डॉक्टर सुनील कुमार, पूर्व नगर मंत्री रंजित कुमार उद्घाटनकर्ता के रूप में उपस्थित हुए। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पशुपतिनाथ उपमन्यु ने कहा कि विद्यार्थी परिषद 1948 से ही राष्ट्र के लिए अपनी सनातन संस्कृति के साथ समाज की रक्षा के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम करने का संकल्प लिया है। विशेष आमंत्रित सदस्य सूरज सिंह ने कहा कि विद्यार्थी परिषद राष्ट्र पुनर्निर्माण के व्यापक संदर्भ में शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाला दुनिया का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जो राजनीतिक दल से ऊपर उठ कर काम करता है। पूर्व नगर मंत्री रंजित कुमार ने विगत एक वर्ष में संगठन द्वारा सामाजिक, शैक्षणिक मुद्दों को लेकर किए गए संघर्ष का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। प्रदेश कार्यकारी परिषद सदस्य मुरारी मयंक ने गत वर्ष के कार्यकारिणी को सफल कार्यकाल का निर्वहन की शुभकामनाएं दी।

नगर इकाई को भंग करते हुए नई कार्यकारिणी की घोषणाः विशेष आमंत्रित सदस्य सूरज सिंह नगर इकाई को भंग करते हुए नई कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमें नगर अध्यक्ष के रूप में जगजीवन कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुनील कुमार को मनोनीत किया, वहीं नगर मंत्री जगजीवन कॉलेज के छात्र रितिक रौशन को बनाया गया। वही नए दायित्व के रूप में मानपुर नगर उपाध्यक्ष के रूप में दिनेश ,अरविंद, हिमांशु सिंह, मोहम्मद इरफान को बनाया गया। वही मानपुर नगर सहमंत्री में रोहित कुमार ,गौतम, अनामिका कुमारी , दिव्या कुमारी और शिवम् कुमार और आदित्य सागर को बनाया गया। वही कार्यालय मंत्री सोनू कुमार और हर्ष कुमार को बनाया गया कोषाध्यक्ष साहिल कुमार और हिमांशु कुमार को बनाया गया, सोशल मीडिया प्रमुख अमरजीत कुमार, SFD प्रमुख राजा कुमार, SFS प्रमुख गौतम कुमार, राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख मुस्कान कुमारी ,और जोशी कुमार को बनाया गया, खेलो भारत दीपक कुमार और सूरज कुमार , छात्रावास प्रमुख गौतम कुमार, कल्याण छात्रावास प्रमुख साजिया प्रवीन, सदस्य कार्यकारणी में अंकित, पुरूषोतम, विक्रम,राहुल, सुमन राज और पंकज को बनाया गया,खेलो भारत सह प्रमुख प्रियांशु सिंह, SFD सह प्रमुख नौशाद आलम , SFS प्रमुख मुन्ना और राजेश को बनाया गया।

मुहर्रम पर्व को लेकर डीएम-एसपी ने की कई संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण

निज संवाददाता

नवादा। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल द्वारा आज वारसलीगंज, पकरीबरावां (धमौल थाना), कौआकोल एवं अकबरपुर प्रखंड अंतर्गत मोहर्रम पर्व से संबंधित विभिन्न संवेदनशील स्थलों का भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा इन प्रखंडों के पहलम स्थल कब्रिस्तान एवं जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सभी ताजियादारों को निर्देश दिया कि कोई भी जुलूस बिना लाइसेंस का नहीं निकलेगा। लाइसेंस में निर्धारित शर्तों का अक्षरसा पालन करना अनिवार्य होगा। बिना लाइसेंस का जुलूस निकालने पर तथा लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सभी संवेदनशील और अतिसंवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं काफी संख्या में सशस्त्र बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रहेगी। जुलूस के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी करने पर विधि-सम्मत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी ताजियादारों को निर्देश दिया कि जुलूस में किसी भी तरह का अस्त्र-शस्त्र का प्रयोग न करें। डीजे का प्रयोग पूर्णतः वर्जित है। उन्होंने सभी थाना अध्यक्षों को निर्देश दिया कि बिना लाइसेंस का जुलूस निकालने को किसी भी स्थिति मेंमंजूरी न दे एवं डीजे बजाने वालों पर कानूनी कार्रवाई करें। जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को निर्देश दिया कि जुलूस मार्ग में भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पानी का टैंकर एवं चलंत शौचालय उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने जुलूस रूट के अनुसार ड्रॉप गेट का निर्माण के लिए कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल को आवश्यक निर्देश दिएं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ड्रोन कैमरा के द्वारा वीडियो ग्राफी की जा रही है और असामाजिक तत्वों द्वारा गड़बड़ी करने पर उनपर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित प्रखंडों के थानाध्यक्षों एवं संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने के लिए कई आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर उपविकास आयुक्त श्री दीपक कुमार मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, अखिलेश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी रजौली, आदित्य कुमार पीयूष वरीय उप समाहर्ता राजीव कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी वारसलीगंज के साथ-साथ अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

1. **लाइसेंस अनिवार्यताः** कोई भी जुलूस बिना लाइसेंस के नहीं निकलेगा। लाइसेंस में निर्धारित शर्तों का अक्षरसा पालन अनिवार्य होगा। बिना लाइसेंस या शर्तों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।
2. **शांतिपूर्ण आयोजनः** मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने का संदेश दिया गया। सभी संवेदनशील और अतिसंवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और सशस्त्र बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रहेगी और गड़बड़ी करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
3. **अस्त्र-शस्त्र और डीजे पर प्रतिबंधः** पुलिस अधीक्षक ने ताजियादारों को निर्देश दिया कि जुलूस में किसी भी तरह का अस्त्र-शस्त्र का प्रयोग न करें और डीजे का उपयोग पूर्णतः वर्जित है।
4. **विधिक कार्रवाईः** सभी थाना अध्यक्षों को निर्देश दिया गया कि बिना लाइसेंस के जुलूस को मंजूरी न दें और डीजे बजाने वालों पर कानूनी कार्रवाई करें।
5. **सुविधाएँः** जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को जुलूस मार्ग में भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पानी का टैंकर और चलंत शौचालय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। ड्रॉप गेट निर्माण के लिए कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल को भी निर्देश दिए।

शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ मोहर्रम

निज संवाददाता

रजौली (नवादा)। नगर पंचायत समेत प्रखण्ड क्षेत्र में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मोहर्रम त्यौहार सम्पन्न हुआ। इस दौरान एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष एवं एसडीपीओ गुलशन कुमार समेत अन्य पदाधिकारीगण क्षेत्र में भ्रमणशील रहे। साथ ही थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में संदिग्ध स्थानों पर पुलिस बल भी मुस्तैद दिखाई दिए। इस्लाम धर्म में मुहर्रम को गम का महीना माना जाता है। मुहर्रम इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना होता है। 7 जुलाई 2024 को मुहर्रम का महीना शुरू हो चुका है।मुहर्रम महीने का दंसवा दिन बहुत ही खास होता है। मुहर्रम बकरीद के 20 दिन बाद मनाया जाता है। इस्लाम धर्म के लोगों के लिए यह महीना बेहद खास होता है। इसी महीने में हजरत इमाम हुसैन की शहादत हुई थी। हजरत इमाम हुसैन इस्लाम धर्म के संस्थापक हजरत मुहम्मद साहब के छोटे नवासे थे। उनकी शहादत की याद में मुहर्रम के महीने के दसवें दिन को लोग मातम के तौर पर मनाते हैं। जिसे आशूरा भी कहा जाता है। इस दिन मुस्लिम समाज के लोग आसपास के क्षेत्रों में जुलूस निकालते हैं। साथ ही जुलूस में लोग तरह-तरह के कला का प्रदर्शन भी करते हैं। एसडीओ ने बताया कि रजौली समेत पूरे अनुमण्डल क्षेत्र में शांतिपूर्ण रूप से त्यौहार मनाया गया। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बीडीओ संजीव झा एवं सीओ मो गुफरान मजहरी के अलावे जगह-जगह पर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बलों की पर्याप्त संख्या में मौजूद रही।

मुहर्रम जुलूस के दौरान नगर में भारी वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित

नवादा (नि.सं.)। मुहर्रम जुलूस के दौरान नगर में बड़ी और भारी वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित रहेगा। डीएम आशुतोष कुमार वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने डीआरडीए सभागार में मुहर्रम पर्व 2024 को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द वातावरण में आयोजित कराने के लिए अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। इस दौरान अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि इस पर्व को शांतिपूर्व संपन्न कराने के लिए सभी अधिकारी कर्तव्य के प्रति गंभीर रहेंगे। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कुछ स्थानों से अभी तक रिपोर्ट अप्राप्त है। डीएम ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी और थानाध्यक्षों को कहा कि जिन्होंने रिपोर्ट नहीं दिया है, वे आज रात तक शत्-प्रतिशत रिपोर्ट तैयार कर भेजेंगे। उन्होंने कहा कि चुनौतियों को अवसर में परिणत करना है। यह पर्व 17 और 18 जुलाई को दो दिनों तक मनाया जायेगा, जिसको शांतिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा व्यापक व्यवस्था की गयी है।

नरहट में ताजिया पहलाम के साथ मोहर्रम का त्योहार शांतिपूर्ण सम्पन्न

निज संवाददाता

नरहट (नवादा)। प्रखण्ड में मुस्लिम समुदाय का त्योहार मोहर्रम ताजिया को कर्बला में पहलाम के बाद वुधवार को शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गया। नरहट, छोटा शेखपुरा, कुशा, पुनौल, हजरतपुर, ओलिपुर आदि जगहों पर हसन हुसैन की शहादत की याद में बैठाया गया ताजिया को पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था के साथ शांतिपूर्ण तरीके से पहलाम कराया गया। हिसुआ सर्कल इंस्पेक्टर धीरेंद्र कुमार सिंह और नरहट थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर उमाशंकर सिंह, बीडीओ बैजु कुमार मिश्रा दल बल के साथ ताजिया को शांतिपूर्ण व्यवस्था में पहलाम कराने में जुटे रहे। मिली जानकारी के अनुसार शेखपुरा, कुशा, पुनौल, काजीपुरा, मीनापुर गांव में बैठाए गए ताजियों का पहलाम शेखपुरा के कर्बला कराया जाता है। इसलिए शेखपुरा बाजार में उक्त सभी गांवों के ताजिया का शाम में जुटान होता है। शेखपुरा बाजार में शाम में मेला जैसा नजारा देखने को मिलता है। दर्जनों खिलौने, चाट, गोल गप्पे आदि की दुकानें सजती है। इस जगह पर दोनों समुदायों के लोग आपस मे गदक्का खेलते हैं। शेखपुरा में ताजिया हिन्दू मुस्लिम एकता की मिसाल होती है। पुनौल, शेखपुरा में हिंदू मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग मिलकर ताजिया बना कर इबादत करते हैं। पुनौल गांव में बड़ी आबादी हिंदू की है। एक भी घर मुस्लिम का नही है फिर भी यहां कुछ हिंदू परिवार से जुड़े लोग वर्षो से ताजिया बनाते आ रहे हैं। मोहर्रम का त्योहार में ताजिया पहलाम को लेकर प्रखण्ड क्षेत्रों की बिजली काट दी जाने से भीषण गर्मी में लोगों को भारी फजीहत झेलनी पड़ी। लोगों को पीने के लिए पानी के लिए फजीहत झेलनी पड़ी। हांलाकि बिजली विभाग द्वारा 2 बजे दिन से 12 बजे रात तक बिजली बंद रहने की सूचना दी गई थी लेकिन बताया जाता है कि लगभग बारह बजे दिन से ही बिजली गायब हो गई थी। लम्बे समय तक बिजली बंद रहने से लोगों को सबसे ज्यादा परेशान पानी और गर्मी में पंखा बन्द रहने से हुआ। तेज धूप और लोग गर्मी से परेशान दिखे। वर्षो से वाटर लेबल नीचे चले जाने के कारण अधिकतर घरों में समरसेबल मोटर लग गया है। हैंड पम्प जो लगा हुआ था सब बेकार हो गया है। अब लोगों को समरसेबल के सहारे रहना पड़ रहा है। बिजली कट जाने से लोगों को पीने के पानी के लिए फजीहत हो जाती है।

चिंताजनक-फोरलेन में यू-टर्न नहीं रहने के कारण लोग गलत साइड से रहे सफर

गत तीन माह की दुर्घटनाओं की रिपोर्टः

1. 5 मार्च 2024 को हरदिया के समीप ट्रक और हाइवा में टक्कर, हाइवा चालक घायल।
2. 10 मार्च 2024 को अमावां मोड़ पर बोलेरो पिकअप ने महिला को घायल किया।
3. 6 मई 2024 को ट्रैक्टर और ट्रक में टक्कर, ट्रैक्टर चालक घायल।
4. 14 जून 2024 को टोल प्लाजा के समीप दो बाइकों में टक्कर, एक युवक घायल।
5. 18 जून 2024 को हरदिया के समीप टेम्पो और कार में टक्कर, महिला की मौत, चालक और अन्य घायल।
6. 4 जुलाई 2024 को टोल प्लाजा के समीप दो बाइकों में टक्कर, एक बाइकसवार घायल।
7. 16 जुलाई 2024 को अनुमण्डल कार्यालय के समीप ट्रक और बस में टक्कर, यात्रीगण बाल-बाल बचे।

निज संवाददाता

रजौली (नवादा)। थाना क्षेत्र अंतर्गत फोरलेन एनएच-20 में यू-टर्न को छोड़ लोग गलत साइड से आवागमन करते हैं। जिससे सड़क दुर्घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। वहीं ग्रामीणों की मानें तो फोरलेन में यू-टर्न नहीं रहने के कारण लोग गलत दिशा में सफर करने को मजबूर हैं। प्रशासन द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह को बड़े ही बेहतर तरीके से मनाकर खानापूर्ति कर दी जाती है। सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान पुलिस एवं प्रशासन द्वारा बिना हेलमेट के घूम रहे दोपहिया वाहन चालकों से जुर्माना की राशि की वसूली एवं कड़ी हिदायत भी दी जाती है। वहीं कई निजी कारों से भी सीट बेल्ट आदि का जुर्माना कर लोगों को सुरक्षित चलने की सलाह दी जाती है। बीते वर्ष 2023 के 27 जून को तत्कालीन डीटीओ अनुराग कौशल के नेतृत्व में एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष, एसडीपीओ पंकज कुमार, एनएचएआइ के पदाधिकारियों एवं अनुमण्डल अंतर्गत सभी थानाध्यक्ष एवं सीओ के साथ मीटिंग कर सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र एवं मोड़ को चिन्हित कर दूर करने के उपाय आदि को लेकर प्रतिवेदन भी सुपुर्द करने को निर्देश दिए गए थे। अखबारों में खबरों के प्रकाशन के बाद फोरलेन के आसपास रहे घनी आबादी वाले ग्रामीणों को आशा थी कि अब कुछ निष्कर्ष निकलेगा किन्तु स्थिति पूर्ववत ही बनी रही। ऐसा लगता है मानों फिर जब सड़क सुरक्षा सप्ताह आदि अभियान आता है तो जिले से लेकर स्थानीय पदाधिकारी सक्रिय होतें है। फिर बाद में शिथिलता के कारण पूर्ववत समस्याएं बनी रहती है। जबकि एन.एच-20 व्यस्त राष्ट्रीय राजमार्गों में से एक है। फोरलेन सड़कों में सुरक्षा के मानकों को दूर रखकर ग्रामीणों के जीवन के साथ खिलवाड़ हो रहा है। जिसका भुगतान आये दिन किसी मां, पत्नी, बच्चे, भाई बहन आदि को अपना बेटा, पति, पिता व भाई खोकर चुकाना पड़ रहा है। अनुमण्डल कार्यालय भी एन.एच-20 के किनारे अवस्थित है। जहां प्रत्येक दिन डीओ, एसडीपीओ, डीसीएलआर, सब रजिस्ट्रार, कार्यपालक दंडाधिकारी एवं लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के अलावे अन्य कर्मी एवं ग्रामीण भी प्रतिदिन रजौली से अनुमण्डल कार्यालय जाते हैं। किंतु लौटते वक्त लगभग सभी लोग अनुमण्डल कार्यालय से गलत साइड में चलकर बांके मोड़ तक पहुंचते हैं। उसके बाद डाकबंगला चौराहा होते हुए अपने-अपने सरकारी आवास एवं निजी आवास जाते हैं। आम लोग हों या पदाधिकारी वर्ग के लोग हों सभी को सुविधा की जरूरत है। यदि सभी लोग अनुमण्डल कार्यालय से महज 500 मीटर दूर गलत दिशा में नहीं चलेंगे तो उन्हें हरदिया सेक्टर ए के पास फोरलेन द्वारा छोड़े गए कट के पास से घूमना पड़ेगा जो लगभग 5 किलोमीटर का फासला होगा। अब सभी लोग पांच किलोमीटर बनाम 500 मीटर में उलझ कर रह जाते हैं। जिससे सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है।

फलेरिया रोग की पहचान के लिए किया रक्त संग्रह

- प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया फलेरिया रोग की पहचान हेतू शादिकपुर गांव के 165 लोगों का रक्त संग्रह किया गया।

निज संवाददाता

नारदीगंज (नवादा)। फलेरिया रोग की पहचान के लिए तीन दिवसीय रात्रि रक्त पट संग्रह व प्रीटा कार्यक्रम किया गया। यह कार्यक्रम 16 से 19 जुलाई तक चलेगा। आयोजित कार्यक्रम में मंगलवार की रात में फलेरिया रोग की पहचान हेतु शादिकपुर गांव में लोगों को रक्त संग्रह हुआ। कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. नवीन कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक राहुल कुमार के अलावा लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार, आशुतोष कुमार,डाटा आपरेटर जितेंद्र कुमार व आशा सुधा कुमारी, रिंकू कुमारी, शंभु सिंह की मौजदगी में हुआ। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया फलेरिया रोग की पहचान हेतू शादिकपुर गांव के 165 लोगों का रक्त संग्रह किया गया। इस गांव के अलावा पंडपा और परमा गांव में भी रात को ग्रामीणों का रक्त संग्रह होना है। उन्होंने कहा इस रोग का कीड़ा मानव शरीर के रक्त में रात में ही निकलता है, ऐसे में रात को ही लोगों का रक्त लेकर फलेरिया रोग की पहचान की जाएगी। इसमें कितने लोग फलेरिया रोग से पीड़ित हैं। वैसे रोगियों को पहचान कर इलाज किया जाएगा,

सेवा संग नई पीढ़ी को संस्कार और स्नेह की भी शिक्षा

बिहटा (पटना) (नि.सं.)। सप्ताहांत (वीकेंड) पर किसी रमणीक स्थल की यात्रा या फिल्म आदि देखने जैसे कार्यक्रम बनाना आम चलन में है। फास्ट फूड और कोल्ड ड्रिंक भी पसंद में है, पर ऐसे अवसर पर कोई गोशाला को अपनी पसंद बना ले तो! खाने में लिट्टी-चोखा, देसी गाय का शुद्ध दूध और छाछ। पटना में यह संस्कृति बहुत तेजी से विस्तार ले रही है। इसके कई पक्ष हैं। गोवंश के प्रति प्रेम। अपनी मिट्टी से जुड़ाव। उस विरासत से साक्षात्कार, जिसे पूर्वजों ने अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनाया। पटना से लगभग 20 किलोमीटर दूर बिहटा प्रखंड के विष्णुपुरा गांव स्थित आक्सीजन गोशाला उसी जीवनशैली और संस्कृति को सहेज रही है। इसका संचालन विनोद सिंह कर रहे हैं।

25 वर्षीय महिला ने फांसी के फंदे से झूल लगायी मौत को गला

निजसंवाददाता

नवादा। जिले के अकबरपुर प्रखंड क्षेत्र के बकसंडा गांव में 25 वर्षीय महिला ने फांसी के फंदे से झूल मौत को वरण कर लिया। सूचना के आलोक में पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि सुबोध चौधरी की पत्नी 25 वर्षीय पुनी देवी किसी निजी कंपनी के ऋणजाल में फंस गयी थी। बार बार तकादा से परेशान पुनी ने मौत को गले लगाना स्वीकार किया। ऐसे में जब पति समेत कोई परिजन घर में नहीं थे कमरे में गले में घर में रखे रस्सी से झूल मौत को वरण कर लिया। सुबह जब घर से बाहर नहीं निकली तब आसपास के लोगों को संदेह हुआ। झूलते देख सूचना पुलिस को दी। सूचना के आलोक में एफएसएल टीम के साथ पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

पूर्व रेलवे

ई-निविदा सूचना सं.: ओ/एसी/टी/116 से 119/24-25 (खुली), दिनांक 16.07.2024, मंडल रेल प्रबंधक, आसनसोल, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं.: 1, केस सं.** : ओ-एसी-टी-116-24-25, **कार्य का नामः** एईएन/बीआरएल/आसनसोल के अधीन संपूर्ण आसनसोल मंडल में विभिन्न पुलों पर टीई लिमिट संचालन के लिए रेट्रो रिफ्लेक्टिव कॉशन इंडिकेटर के प्रावधान सहित जी.सी. सेक्शन में पुल संख्या 18 के गैंग पाथवे के प्रतिस्थापन, अन्य सहायक कार्यों के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 1,59,92,091.05, **बयाना राशि :** रु. 2,30,000/-, **कार्य की समापन अवधिः** 09 माह। **क्रम सं.: 2, केस सं.** : ओ-एसी-टी-117-24-25, **कार्य का नामः** आसनसोल मंडल के लिए खुली निविदा:-एक्सईएन/बीआरएल/आसनसोल के अधीन विभिन्न गर्डर पुलों के गैंग पाथवे के प्रतिस्थापन और अन्य सहायक कार्य सहित सुदृढ़ीकरण। **निविदा मूल्य :** रु. 64,70,421.50, **बयाना राशि :** रु. 1,29,400/-, **कार्य की समापन अवधिः** 06 माह। **क्रम सं.: 3, केस सं.** : ओ-एसी-टी-118-24-25, **कार्य का नामः** वरिष्ठ डीईएन/4/आसनसोल के कार्यक्षेत्र के अधीन एईएन/2/अंडाल की शाखा में ओपन टॉप ब्रिज पर आरसीसी प्री कास्ट स्लैब की व्यवस्था के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 10,49,076.37, **बयाना राशि :** रु. 21,000/-, **कार्य की समापन अवधिः** 06 माह। **क्रम सं.: 4, केस सं.** : ओ-एसी-टी-119-24-25, **कार्य का नामः** एईएन/II/आसनसोल के अधीन छोटा अंबाना और कालूबथान के बीच पुल संख्या 70 (स्पैन 1X3.1 मी.) की जैकेटिंग और सीतारामपुर-प्रधानखुंटा के बीच जी सी सेक्शन में पुल संख्या 82 की आरसीसी जैकेटिंग के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 3,73,40,957.58, **बयाना राशि :** रु. 3,36,700/-, **कार्य की समापन अवधिः** 09 माह। **बंद होने की तिथि और समयः** 08.08.2024 को 12.00 बजे (क्रम सं. 1 से 4 प्रत्येक हेतु)। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-123/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ
पूर्व रेलवे
56, सी. आर. एवेन्यू, कोलकाता-700012, वेबसाइटः www.rrcer.org

वर्ष 2024-25 के लिए सांस्कृतिक कोटा के तहत भर्ती

शुद्धिपत्र

पूर्व रेलवे के वर्ष 2024-25 के लिए सांस्कृतिक कोटा के तहत ग्रुप सी श्रेणी/पे लेवल-2 में दो (02) पदों के लिए रिक्त स्थानों को भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन के आमंत्रण के संबंध में पूर्ववर्ती अधिसूचना के संदर्भ में यह उल्लेख किया जाता है कि कुछ तकनीकी कारणों से ऑनलाइन आवेदन भरने की तारीख आगे बढ़ा दी गई है। इस भर्ती के संबंध में ऑनलाइन आवेदन के लिए लिंक **दिनांक 18.07.2024 को सुबह 10.00 बजे से 17.08.2024 को शाम 06.00 बजे तक** सक्रिय रहेगी। इस संबंध में एक सूचना आरआरसी-ईआर की आधिकारिक वेबसाइट (**www.rrcer.org**) पर अपलोड कर दी गई है।

सहायक कार्मिक अधिकारी/भर्ती
रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, पूर्व रेलवे, कोलकाता

पूर्व रेलवे
हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

रेलवे रिक्रुटमेंट सेल
पूर्व रेलवे
56, सी. आर. एवेन्यू, कोलकाता – 700012, वेबसाइटः www.rrcer.org

वर्ष 2024-2025 के लिए स्काउट्स और गाइड्स कोटा के तहत भर्ती

शुद्धिपत्र

पूर्व रेलवे, चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स (सीएलडब्ल्यू) और मेट्रो रेलवे के वर्ष 2024-2025 के लिए स्काउट्स और गाइड्स कोटा के तहत लेवल-2 (ग्रुप 'सी') कैटेगरी में पाँच (05) पदों और लेवल-1 (पूर्व के ग्रुप 'डी') कैटेगरी में दस (10) पदों के लिए रिक्त स्थानों को भरने हेतु पात्र आवेदकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करने के विषय में पूर्व अधिसूचना के संदर्भ में यह सूचित किया जाता है कि कुछ तकनीकी कारणों से ऑनलाइन आवेदन भरने के कार्य को विलंबित कर दिया गया है। इस भर्ती के सिलसिले में ऑनलाइन आवेदन के लिए लिंक **दिनांक** 18.07.2024 **को** 10.00 **बजे से दिनांक** 17.08.2024 **को** 18.00 **बजे** तक सक्रिय रहेगा। इस संबंध में एक सूचना आरआरसी-ईआर की आधिकारिक वेबसाइट **(www.rrcer.org)** पर अपलोड कर दी गई है।

सहायक कार्मिक अधिकारी/भर्ती,
रेलवे रिक्रुटमेंट सेल, पूर्व रेलवे/कोलकाता

पूर्व रेलवे
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व मध्य रेल

खुली ई-निविदा सूचना

ई-निविदा नोटिस सं0-14 ऑफ 2024-25/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।
मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध हैं, निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑन लाईन (ई – निविदा) आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा सं.-09-डीडीयू-व.मं.इंजी.-II-24-25**
(i) **कार्य का नाम एवं लोकेशन** : वरीय मंडल इंजीनियर/II/डी.डी.यू. के अधिकार क्षेत्र के तहत ट्रैक आधारित रेल गेज फेस ल्यूब्रिकेटर (हाइड्रोलिक/इलेक्ट्रॉनिक प्रकार)-28 की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग।, (ii) **कार्य का अनुमानित लागत** : ₹ 20069280.00, (iii) **धरोहर राशि** : ₹ 250400.00, (iv) **ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय** : 07.08.2024 को 12.00 बजे तक, (v) वेबसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी : **www.ireps.gov.in नोट** : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक, पूर्व मध्य रेल,
पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल
पीआर/0701/डीडीयू/ईंजी./टी/24-25/40

संक्षिप्त समाचार

595 वाहनों से वसूला 1,25,000 हजार जुर्माना

आरा। पुलिस ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चलाकर कुल 595 वाहनों की जांच कर 1,25,000 हजार रुपया जुर्माना की वसूल किया है। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया की शराव,अवैध हथियार और असमाजिक तत्वों की गिरफ्तारी के लिए जिले के सभी थानाध्यक्षों को हिदायत दिया है की सभी अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर वाहन चेकिंग अभियान और छापामारी लगातार करे। उसी के आलोक में पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चलाकर कुल 595 वाहनों से हेलमेट गाड़ी का पेपर आदि की जांच में 1,25,000 हजार रुपया जुर्माना वसूला है।

राजस्व कर्मचारी का दलाल धराया, डीएम ने की कार्रवाई

आरा। टाउन थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर थाना क्षेत्र के शीश महल चौक एवं सपना सिनेमा हॉल के पास से अवैध रूप से जुआ खेल रहें कुल 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से मोबाइल, नकद 3100 रुपए एवं 3 ताश का गड्डी बरामद किया गया। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली की शीश महल चौक एवं सपना सिनेमा हॉल के पास कुछ लोगों के द्वारा अवैध रूप से गेसिंग / जुआ खेला जा रहा हैं। उक्त आसूचना का सत्यापन एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टाउन थानाध्यक्ष देवराज राय के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए रेड /छापामारी कर नगर थानान्तर्गत शीश महल चौक एवं सपना सिनेमा हॉल के पास अवैध रूप से जुआ खेल रहें 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। आरा भोजपुर डीएम राजकुमार सिंह ने पूर्व में मिले शिकायत के आधार पर मंगलवार को भोजपुर जिले के सदर प्रखंड में पहुंच कर राजस्व कर्मचारी के निजी कार्यालय से उनका एक दलाल उमेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार दलाल उमेश कुमार सदर प्रखंड के राजस्व कर्मचारी का दलाल है। उमेश कुमार ब्लॉक के पीछे बने कर्मचारी आवास में ऑफिस चलता है। उसी में उमेश कुमार रहता है और राजस्व कर्मचारी का कागजात से सम्बन्धित कामकाज देखता था। 70 डिसमिल जमीन के दाखिल खारिज करने के एवज में उमेश कुमार ने जमीन मालिक से 30 हजार रुपया की मांग किया था। जिसकी शिकायत विगत शुक्रवार को जमीन मालिक रितेश कुमार गुप्ता ने डीएम से किया था। जिसके बाद डीएम ने मंगलवार को सदर प्रखण्ड पहुंच राजस्व कर्मचारी के दलाल उमेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। टाउन थाना क्षेत्र के जेल रोड निवासी पीड़ित रितेश कुमार गुप्ता पिता स्वर्गीय विमल प्रसाद गुप्ता ने बताया की मेरा 70 डिसमिल जमीन टाउन थाना क्षेत्र के धनुपरा में है। जिसका दाखिल खारिज कराने के लिए मैं राजस्व कर्मचारी के पास मार्च में आवेदन दिया था। आवेदन देने के बाद कर्मचारी के दलाल द्वारा 30 हजार रुपया नजराना के रूप में मुझसे मांगा गया। मैं बोला की मैं गरीब आदमी हू, इतना रुपया नही दे सकता। दो - तीन हजार रुपया दे सकता हू। लेकिन उमेश कुमार को मंजूर नही हुआ और हमको परेशान किया जाने लगा। अंत में मैं डीएम को आवेदन देकर शिकायत किया। जिसके बाद डीएम के द्वारा करवाई कर उमेश कुमार दलाल को गिरफ्तार किया गया। डीएम राजकुमार सिंह ने बताया की टाउन थाना क्षेत्र के जेल रोड निवासी रितेश कुमार गुप्ता के द्वारा शिकायत की गई थी।

वेतन भुगतान नहीं होने से शिक्षकों में मायूसी

आरा। प्रखण्ड के करथ गांव निवासी अनिल कुमार सिंह को तरारी प्रखण्ड के शिव सेना का प्रखण्ड अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। शिव सेना द्वारा अध्यक्ष पद की जिम्मेवारी देने के बाद पार्टी की मजबूती एवं भ्रष्टाचार मुक्त बनाने की जिम्मेवारी सौंपी है। ज्ञात हो कि अनिल कुमार सिंह पूर्व में प्रखण्ड अंतर्गत आंगनबाड़ी, जनवितरण सहित अन्य विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध कई बार भूख हड़ताल कर चुके हैं। कुछ दिन पहले अनिल को करथ पंचायत में स्वच्छता विभाग का पर्यवेक्षक बनाया गया था। लेकिन कार्य से संतुष्ट नही होने के कारण त्याग पत्र दे दिया था। पंचायतों में होने वाले लूट खसोट के विरोध में एक बार पुनः आंदोलन होने की संभावना दिखने लगी है। आरा| शिक्षा विभाग ने हर रोज शिक्षक कि उपस्थिति तो मोबाइल एप्लीकेशन से दर्ज करने का फरमान जारी कर दिया। यहां तक कि उपस्थिति दर्ज करने में कोताही बरतने वाले शिक्षकों का वेतन भुगतान नहीं करने का भी निर्देश दिए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर शिक्षक के वेतन भुगतान को लेकर शिक्षा विभाग बेखबर है। जिला के ननकोषागार शिक्षकों ने नाम नहीं छापे जाने के शर्त पर बताया कि जून माह का वेतन भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। साथ ही एरिया वर्षों से लंबित है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कई बार संगठन के नेता मिल कर ससमय वेतन और बकाया एरियर राशि का भुगतान करने की मांग की।

गड़हनी में मोबाइल छिनतई का बढ़ी घटनाएं

गड़हनी। गड़हनी थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ मोबाइल छिनतई की घटना बढ़ रही है। आज बगवां नहर के पास बात कर रही एक लड़की से बाइक पर सवार लड़कों ने मोबाइल छिन कर फ़रार हो गया। इस संबंध में लड़की के मामा ने गड़हनी थाना में जाकर एक लिखित आवेदन देकर करवाई करने की गुहार लगाया। बता दे कि गड़हनी में लगातार मोबाइल छिनतई की घटना से बाज़ार आये ग्रामीण भयभीत रहते है कि कही मोबाइल न छीन जाय। बगवां पहरपुर पथ पर भी लगातार मोबाइल चोरी की घटना हो रही है। गड़हनी बाजार पर कई लोगो का मोबाइल चोरी कर भाग गया। अभी दो दिन पहले गड़हनी अगिआंव पथ में धमनियां रेलवे क्रॉसिंग के पास से चोरी कर भाग रहे दो चोर को गड़हनी पुलिस पकड़कर जेल भेजा है, दोनों मोबाइल चोर चरपोखरी थाना क्षेत्र के सेमराँव छपरा टोला के रहने वाला था।

अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता पुनर्परीक्षा 19 से

बक्सर। अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता पुनर्परीक्षा के कदाचारमुक्त और विधि व्यवस्था के लिए कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सभाकक्ष में मंगलवार को डीएम अंशुल अग्रवाल व एसपी मनीष कुमार ने संबंधित अधिकारियों के साथ की। इस दौरान डीएम ने मजिस्ट्रेट, केन्द्राधीक्षक और पुलिस पदाधिकारी को परीक्षा से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिला में अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता पुनर्परीक्षा 19, 20 और 21 जुलाई को दोपहर 12 बजे से 2:30 बजे तक होगी। 19 जुलाई को 12 परीक्षा केन्द्रों पर 5964 अभ्यर्थी, 20 जुलाई को 9 परीक्षा केन्द्रों पर 4799 अभ्यर्थी और 21 जुलाई को 5 परीक्षा केन्द्रों पर 2477 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र में प्रवेश सुबह 10 बजे से होगा। सुबह 11 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को केन्द्र में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। तलाशी के बाद मिलेगा प्रवेश परीक्षार्थियों को केंद्र में परीक्षा शुरू होने के दो घंटे पहले से प्रवेश की अनुमति सघन तलाशी के बाद दी जाएगी। महिला अभ्यर्थियों की तलाशी केन्द्राधीक्षक एक अलग कक्ष अथवा घेरायुक्त स्थल में करेंगी। किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, ब्लूटूथ, वाई-फाई, गैजेट, इलेक्ट्रॉनिक पेन, पेजर, इरेजर, व्हाइटनर, ब्लेड जैसी सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं होगी। कर्मियों को भी मोबाइल ले जाने पर रहेगी रोक परीक्षा संचालन में संलग्न वीक्षक और केन्द्राधीक्षक भी किसी भी परिस्थिति में परीक्षा कक्ष में मोबाइल नहीं ले जा सकेंगे। वहीं वीक्षक और परीक्षा कार्य में संलग्न सभी कर्मी भी परीक्षा केंद्र परिसर में मोबाइल फोन के साथ प्रवेश नहीं करेंगे। इसकी शिकायत के लिए प्रशासन ने जिला नियंत्रण कक्ष बनाया है। साथ ही दूरभाष नंबर 06183-223333 भी जारी किया गया है। लगायी जाएगी धारा 163 परीक्षा केंद्र के 200 मीटर तक धारा163 के तहत निषेधाज्ञा जारी रहेगा। साथ ही विधि व्यवस्था के लिए निरोधात्मक कार्रवाई भी करेंगे। एसडीओ और एसडीपीओ सोशल मीडिया पर साइबर सेनाना वाट्स ग्रुप के माध्यम से लगातार नजर बनाए रखेंगे।

अलग-अलग थाना क्षेत्रों में छापेमारी, 12 की गिरफ्तारी

निज संवाददाता। आरा

❑ पुलिस की कार्रवाई में 11 सट्टेबाज धराए, एक को हथियार संग घर से पकड़ा

भोजपुर जिले के अलग- अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने कार्रवाई की है, जिसमें 12 की गिरफ्तारी हुई है। छापेमारी कर अवैध हथियार के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। एक कट्टा भी बरामद किया गया है। जानकारी भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार यादव ने दी। उन्होंने बताया कि सिकरहटा थाना में प्राथमिकी की गई है। पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि पनवारी गांव में एक व्यक्ति अपने घर में हथियार रखे हुए हैं। जो लोगों को दिखाकर डरा धमका रहा है। इसके बाद सिकरहट्टा थानाध्यक्ष राजीव रंजन के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घर से गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी सिकरहट्टा क्षेत्र के पनवारी गांव निवासी स्वर्गीय दिलीप कुमार सिंह का पुत्र अजय कुमार सिंह है। इसके अलावा 11 सट्टेबाजों को भी गिरफ्तार किया गया है।

गेसिंग अड्डा पर छापेमारी, 11 सट्टेबाज गिरफ्तार: शहर में गेसिंग और जुआ के अड्डों पर भी कार्रवाई हुई है। टाउन थाना क्षेत्र अन्तर्गत अलग-अलग दो जगहों पर पुलिस ने छापेमारी कर जुआ खेलने के आरोप में 11 सट्टेबाजों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि करीब 38 गेसिंग रसीद, चार बोर्ड, नौ मोबाइल और 23 हजार नगद बरामद किया गया है। टाउन थाना के शीश महल चौक और सपना सिनेमा रोड के पास कुछ लोग गेसिंग व जुआ के अड्डे का संचालन कर रहे थे।

इनकी हुई गिरफ्तारी: शीश महल चौक और सपना सिनेमा रोड, मोती टोला के पास छापेमारी कर सशस्त्र बलों के सहयोग से टाउन के मोती टोला निवासी मनोज कुमार यादव, बड़हरा के मनीछपरा गांव निवासी दिनेश कुमार, टाउन थाना के सपना सिनेमा रोड निवासी सन्नी कुमार, काजी टोला निवासी कृष्ण कुमार, बिहिया के बेलवनिया निवासी सोनू कुमार, तरी मोहल्ला निवासी प्रदीप कुमार, भलुहीपुर निवासी अमित शर्मा, बड़हरा के करजा निवासी कलुटन प्रसाद, टाउन के शिवगंज निवासी सुमित प्रसाद, टाउन के भलुहीपुर निवासी राज कुमार शर्मा और बिंद टोली अखाड़ा निवासी संजय साह को गिरफ्तार कर लिया गया।

लगातार छापेमारी चलेगी: तलाशी के दौरान नौ मोबाइल, चार गेसिंग में प्रयुक्त बोर्ड, एक कैल्कुलेटर, जुआ में प्रयुक्त 38 रसीद, एक कॉपी और जुआ में खेला गया 23 हजार 730 रुपए नकद बरामद हुए। इसे लेकर बंगाल एक्ट जुआ अधिनियम के तहत प्राथमिकी की गई है। गेसिंग व जुआ के अड्डे पर लगातार छापेमारी चलाने का निर्देश दिया गया है।

करंट लगने से युवा किसान की मौत, घर के बाहर कर रहा था स्नान

निज संवाददाता। आरा

◆ नल में करंट आने से बुरी तरह से झुलसा

भोजपुर के चांदी थाना क्षेत्र के भैरव टोला गांव में बुधवार की सुबह नहाने के दौरान करंट की चपेट में आने से एक युवा किसान मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। मृतक चांदी थाना क्षेत्र के भैरव टोला गांव निवासी कामता महतो का 26 वर्षीय पुत्र चिंटू कुमार है। मृतक के परिजन बिजेंद्र कुमार ने बताया कि बुधवार की सुबह वह घर के बाहर नल पर नहा रहा था। उसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया और गिर पड़ा। गिरने की आवाज सुनकर हमलोग बाहर गए तो देखा कि वह बेहोश पड़ा है। पहले गांव में स्थित निजी अस्पताल ले गए। इसके बाद आरा सदर अस्पताल लेकर आए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

तीन भाई में दूसरे स्थान पर था: सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमॉर्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई में दूसरे स्थान पर था। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। मृतक की मां खुशबू देवी, पत्नी सीमा देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मोहर्रम की 10वीं पर निकाला गया ताजिया जुलूस

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में मंगलवार की रात मुहर्रम के 10वीं पर ताजिया जुलूस निकाला गया। जिसे नगर भ्रमण के बाद निर्धारित चौकी पर रखा गया। इसके बाद परंपरागत हथियारों से अखाड़ा में शामिल युवाओं ने एक से बढ़कर एक करतब दिखाया। या अली और या हुसैन के नारों से पूरा शहर देर रात तक गुंजायमान रहा। डीजे के धून पर मर्सिया की आवाज गूंजती रही। इसको लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा का व्यापक इंतजाम किया गया है। शहर के सभी संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी के साथ सुरक्षाकर्मियों की प्रतिनियुक्त की गई है। जुलूस में सामिल मोहम्द अहमद हुसैन ने बताया कि हम लोग अपना यह पर्व बड़े ही धूम धाम से मना रहे है। इसमे सभी वर्ग के लोगों का सहयोग मिल रहा है। कहीं कोई दंगा फसाद की बात नहीं है।सुकून और शांति पूर्वक अपना खेल कर रहे है। उन्होंने बताया कि पर्व हुसैन की याद में मनाते है। इस्लामिक कैलेंडर में महीने की शुरुआत मोहर्रम से ही होती है। परंपरागत हथियारों के साथ युवाओं ने जुलूस के दौरान हैरतअंगेज कारनामें दिखाए।

वर्ल्ड होम्योपैथी समिट में भाग लेने दुबई पहुंचे अश्विनी चौबे, बक्सर के एग्रो सेक्टर

निज संवाददाता। बक्सर

♦ हेलीपोर्ट और गंगा नदी में निवेश की कही बात

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दुबई में इंडियन पीपल्स फोरम (आईपीएफ) और बिहार काउंसिल की ओर से आयोजित "बिहार में निवेश" कार्यक्रम में प्रवासी भारतीयों, उद्योगपतियों ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे का अभिनंदन और स्वागत किया। अश्विनी चौबे बतौर विशिष्ट अतिथि वर्ल्ड होम्योपैथी समिट सीजन 2 में भाग लेने के लिए दुबई गए हुए हैं। वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने बताया कि बिहार और देश के सैकड़ों उद्योगपतियों और निवेशकों से बिहार के विकास के लिए विभिन्न सेक्टरों में निवेश करने का आवाहन किया। चौबे ने कहा कि बिहार के लोग देश विदेश में जाकर अच्छा काम कर रहे है और उद्योग भी लगा रहें हैं लेकिन बिहार में ऐसा संभव नहीं हो पा रहा है। उन्होंने बताया की बिहार कृषि आधारित राज्य है जहां कृषि उत्पादों और पल्प उद्योग की अपार संभावनाएं हैं। यूएई 90 प्रतिशत सामग्री आयात करता है और इस क्षेत्र में बिहार का महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित हो सकता है ताकि बिहार निर्यातक बन सके। चौबे ने ब्रेन ड्रेन से ब्रेन गेन पर बल डाला और बिहार सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश करने का आग्रह किया। दुबई के निवेशकों ने चौबे के समक्ष कहा कि वह पर्यटन क्षेत्र के विकास और रामीश्वरनाथ मंदिर सहित कई स्थलों के जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक विकास के लिए दिल खोल कर दान करेंगे और व्यवसायिक रूप से निवेश भी करेंगे। वहीं सभी प्रवासी भारतीय उद्योगपतियों ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा जताया और कहा की बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अगर मौका दे तो यहां के निवेशक इन्वेस्टमेंट को लेकर बिहार में सम्मेलन करेंगे।

मुहर्रम को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च, बक्सर में एसपी ने कहा-ड्रोन से होगी जुलूस की निगरानी

निज संवाददाता। बक्सर

♦ मिलजुल कर पर्व मनाने की अपील

मुहर्रम पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए जिले के दोनों अनुमंडल क्षेत्र में पुलिस ने मंगलवार की रात को फ्लैग मार्च निकाला। बक्सर शहर में यह मार्च नगर थाना से शुरू होते हुए पीपरपाती रोड, जमुना चौक, ज्योति चौक, अंबेडकर चौक होते हुए स्टेशन रोड नई बजार के रास्ते पुलिस चौकी तक पहुंची। इस दौरान डीएम और एसपी ने कई महत्वपूर्ण जगहों पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान मोहर्रम पर्व को मिलजुल कर एक साथ मनाने को लेकर लोगों से अपील भी की।

ड्रोन से होगी जुलूस की निगरानी: इस बार जिला प्रशासन मुहर्रम को लेकर काफी चौकस दिख रही है। बताया गया कि असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर बनी रहेगी। संवेदनशील जगहों पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बलों की तैनाती की जाएगी। वहीं जुलूस वाले जगहों पर पुलिस सादे लिबास में भी मौजूद रहेंगे। प्रशासन ने लोगों से अपील किया गया है कि किसी भी फेक मैसेज को शेयर करने और अफवाहों से सजग रहें। वहीं एसपी मनीष कुमार ने कहा कि मोहर्रम को लेकर पूरी तैयारी कर ली गई है। ड्रोन के माध्यम से पूरे जुलूस की निगरानी की जाएगी। सोशल मीडिया पर भी राउंड द क्लॉक नजर रखी जा रही है।पुलिस बल पूरी तरह से सजग है। लोगों से यही अपील है कि पर्व को शांति पूर्वक मनाए और लाइसेंस में जो भी पुलिस का निर्देश दिया गया है उसका पालन करें।

आहार में डूबने से युवक की मौत, शौच करने गया था, हाथ–पैर धोने के दौरान हुआ हादसा

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के पवना थाना क्षेत्र के सवना टोला स्थित आहर में डूबने से शौच करने गए एक मजदूर की मौत हो गई। उसका शव दूसरे दिन मंगलवार को बरामद हुआ है। मृतक पवना थाना क्षेत्र के पवना गांव वार्ड नंबर 8 निवासी स्व.बचन सिंह के 46 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार सिंह है। वह मजदूरी करता था। इधर, मृतक के भाई विजय कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार की शाम वह शौच करने के लिए सवना टोला स्थित आहर के किनारे गए थे। उसी दौरान वह उसमें डूब गए। देर शाम जब वह घर वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने काफी खोजबीन की। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया था। मंगलवार को जब खोजबीन के दौरान परिजन सवना टोला स्थित आहर के पास पहुंचे तो उसमें उनकी लाश मिली। इसके बाद परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना की पुलिस को दी। मृतक अपने तीन भाई व दो बहन में चौथे स्थान पर थे।

आम तोड़ने के विवाद में युवक को मारा चाकू, छोटा भाई से बगान में आम छीना

निज संवाददाता। आरा

शहर के टाउन थाना क्षेत्र के बराहबरता मोहल्ले में मंगलवार की देर शाम आम छीनने के विवाद को लेकर एक किशोर को चाकू मार दी गई। जख्मी किशोर को चाकू बाएं साइड हाथ, दाहिने साइड की हथेली और बाएं साइड सीन के पास मारी गई है। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद परिजन द्वारा उसे आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, जख्मी किशोर टाउन थाना क्षेत्र के बराहबरता मोहल्ला निवासी मो. शहाबुद्दीन का 17 वर्षीय पुत्र मो.कुर्बान है। इधर, मो. कुर्बान ने बताया कि मंगलवार की शाम उसका छोटा भाई मो. हैदर बगीचे में आम चुन रहा था। तभी मोहल्ले का ही एक शख्स वहां आया और उससे आम छीन लिया। जब उसके छोटे भाई ने कहा कि तुमने आम क्यों छीना। इसी बात पर उसने उसकी पिटाई कर दी। इसके बाद वह घर पर आया। वह अपने छोटे भाई को लेकर उक्त शख्स के घर पूछताछ करने गया कि तुमने इसे क्यों मारा। इसी बात पर उसके द्वारा गाली-गलौज की जाने लगी। जब उसने इसका विरोध किया तो उक्त शख्स ने अपने बेटे के साथ मिलकर उसे चाकू मार दी। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

शिरडी और ज्योतिर्लिंग धाम की यात्रा कराएगी भारत गौरव ट्रेन, बक्सर के भी यात्रियों को मिलेगा लाभ

निज संवाददाता। बक्सर

भारतीय रेलवे की ओर से इस बार देखो अपना देश के तहत भारत गौरव ट्रेन की शुरुआत की गई है। भारतीय रेलवे की शाखा इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड के क्षेत्रीय कार्यालय पटना ने इस बार ट्रेन के माध्यम से 10 रात और 11 दिनों की शिरडी और ज्योर्तिलिंग यात्रा प्रारंभ की है। भारत गौरव ट्रेन योजना के तहत भारतीय रेलवे रेल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगभग 33 फीसदी रियायत दे रही है। इसकी खास बात यह है कि यह ट्रेन अबकी बार बक्सर में भी रुकेगी और यहां ऑफलाइन बुकिंग की भी व्यवस्था की गई है। आइआरसीटीसी के अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि पर्यटक ट्रेन 24 अगस्त को बेतिया से खुलेगी। इसके बाद सुगौली, रक्सौल, सीतामढ़ी, दरभंगा, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर जंक्शन, पटलिपुत्रा, आरा, बक्सर, और पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन पर रुकेगी। यह ट्रेन तीर्थ स्थलों जैसे कि उज्जैन (श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग और श्री ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग), द्वारका (श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग और श्री द्वारिकाधीश मंदिर), सोमनाथ (श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग) शिरडी (साई बाबा दर्शन) और नासिक (श्री त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग और शनि शिंगनापुर मंदिर) का दर्शन कराते हुए तीन सितंबर को वापस लौटेगी।

स्लीपर क्लास के लिए 20,899 रुपए और थर्ड एसी के लिए 35,795 रुपए किराया: भारत गौरव ट्रेन में दो श्रेणी रखी गई है। स्लीपर क्लास को बजट श्रेणी भी कहा जा रहा है इसमें 20 हजार 899 रुपए प्रति व्यक्ति का किराया निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार स्टैंडर्ड श्रेणी में थर्ड एसी क्लास से यात्रा करने के लिए 35 हजार 795 रुपए प्रति व्यक्ति शुल्क तय किया गया है। बुकिंग के लिए बक्सर में प्लेटफॉर्म संख्या एक पर स्थित फूड प्लाजा में 24 घंटे ऑफलाइन और आइआरसीटीसी के वेबसाइट www.irctctourism.com पर ऑनलाइन या फिर अधिकृत एजेंट से भी बुकिंग करा सकते हैं।

संक्षिप्त समाचार

अपराधियों में पुलिस व प्रशासन का खौफ नहीं

भागलपुर। वीआईवी सुप्रीमो मुकेश सहनी के पिता की निर्मम हत्या पर भागलपुर के विधायक अजीत शर्मा ने अफसोस जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि राज्य की कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई है। अपराधियों में पुलिस और प्रशासन का कोई खौफ नहीं रह गया है। इसलिए आये दिन ऐसी घटनाएं घटित होती रहती है। राज्य सरकार को प्रदेश की गिरती विधि व्यवस्था पर अविलंब लगाम लगाने की जरूरत है।

यूपी की शिक्षिका पर शिक्षक ने उठाया हाथ, मामला कर दिया गया रफा-दफा

भागलपुर। मध्य विद्यालय पोठिया में यूपी की शिक्षिका पर शिक्षक ने हाथ उठाया। महिला शिक्षिका ने आपत्ति जताई तो शिक्षक नेता ने आपसी समझौता कराकर मामला रफादफा कर दिया। शिक्षा विभाग में कार्यस्थल पर महिलाओं से जुड़ी हिंसा के मामले सामने आते रहे हैं। बावजूद ऐसे मामलों में ठोस कार्रवाई नहीं होती। जिले के सरकारी स्कूलों में 10 हजार शिक्षिका और महिला कर्मी कार्यरत हैं। फिर भी यौन उत्पीड़न शिकायत कमेटी नहीं बनी है। वहीं मोक्षदा बालिका, एसएस बालिका, राजकीय बालिका सहित अन्य महिला स्कूल में भी यौन उप्पीड़न शिकायत कमेटी नहीं है। शिक्षक संघ की महिला नेत्री सुप्रिया सिंह ने कहा कि आए दिन कार्यस्थल में महिलाओं पर होने बाली घटना बढ़ रही है। इसलिए विभाग को बनाये गए नियम पर चलना चाहिए। प्राथमिक शिक्षक संघ के नेता संजीव कुमार यादव ने बताया कि महिला अपनी संवेदना को हर जगह नहीं रख पाती है। किसी प्रकार का मामला होने पर थाना स्तर पर रखना पड़ता है। जिससे महिलाएं सहज महसूस नहीं करती हैं।

पति व सौतेले बेटे की पिटाई से जख्मी महिला केस दर्ज कराने पहुंची थाना

भागलपुर। पहली शादी से दो बच्चे होने के बाद महिला को दूसरे शख्स से प्यार हो गया, जिसके बाद उसने पहले पति को छोड़ कर प्रेमी से दूसरी शादी कर ली। शादी के कारण उसने धर्म परिवर्तन भी कर लिया, लेकिन अब दूसरे पति से भी तलाक की नौबत आ गई। क्योंकि पति व सौतेला बेटा लगातार उक्त महिला को प्रताड़ित करता है। मंगलवार को भी पति व सौतेले बेटे ने पीटकर महिला को जख्मी कर दिया था। इसके बाद पीड़िता बीवी सकीना शिकायत लेकर केस दर्ज कराने के लिए इशाकचक थाने पहुंची। पीड़िता ने बताया कि मेरी जिंदगी नर्क हो गई है। पहले पति को छोड़ दूसरे के साथ शादी की थी ताकि जीवन में खुशहाली होगी, लेकिन ऐसा लगता है कि हालिया जिंदगी पहले से भी बदतर हो गई है। पति व सौतेले बेटे की प्रताड़ना से जीना मुश्किल हो गया है। इशाकचक पुलिस पीड़िता की शिकायत पर मामले की जांच कर रही है। 2012 में सकुना देवी से बनी थी बीबी सकीना वर्ष 2012 में सकुना देवी ने पहले पति से अलग होकर मो. मुमताज से दूसरी शादी की थी। शादी के बाद सकुना देवी ने धर्म परिवर्तन कर खुद का नाम बीबी सकीना रख ली। हाथ पर जो सकुना देवी के नाम का टैटू था उसे भी मिटा ली। सकीना ने बताया कि मेरे साथ मुमताज की भी यह दूसरी शादी थी। मुझे पहले पति से दो बेटी थी। वहीं, मुमताज को भी दो बच्चे हैं। पहली शादी मेरे मां-बाप ने करायी थी। जिस समय मेरी शादी हुई थी उस वक्त मैं सिर्फ 14 वर्ष की थी, जबकि मेरा पति 35 वर्ष का शादी-शुदा था।

प्रतियोगिता के दौरान एक खिलाड़ी का हाथ टूटा

मुंगेर। राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी अंडर-17 बालक फुटबाल प्रतियोगिता के दौरान मंगलवार को एक खिलाड़ी चोटिल हो गया। उसे तुरंत सदर अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। दरअसल, मुजफ्फरपुर और पूर्वी चंपारण टीम के बीच हो रहे मुकाबला के दौरान 14 वर्षीय प्रभात कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके बाएं हाथ के कंधे की हड्डी टूट गई है। घायल प्रभात कुमार मुजफ्फरपुर के सिकंदरपुर का रहने वाला है, जो मुजफ्फरपुर टीम की ओर से मंगलवार को प्रतियोगिता में खेल रहा था। खेल के दौरान चोट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। चिकित्सक के अनुसार बाएं हाथ के कंधे की हड्डी टूट गई है।

मिट्टी प्राकृतिक खेती से ही जीवंत रह सकती है, दें बढ़ावा

भागलपुर। बीएयू, सबौर में मंगलवार को दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न हुई। इसका विषय "पुनर्योजी कृषि के लिए प्राकृतिक खेती के तरीके' था। दो दिनों में अलग-अलग जिलों और राज्य से आए कृषि वैज्ञानिकों ने (रिजेनेरेटीव एग्रीकल्चर) के बारे में विस्तार से चर्चा की। उसके आवश्यकता और महत्व के बारे में चर्चा की। सभी ने कहा कि मिट्टी प्राकृतिक खेती से ही जीवंत रह सकती है। इसके लिए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई। वैज्ञानिक डॉ. शंभु प्रसाद ने प्रशिक्षणार्थियों को बीजामृत, जीवामृत बनाने की विधि को विस्तार से बताया। डॉ. एके झा ने पुनर्योजी कृषि में वर्मी-कंपोस्ट की महत्ता एवं उसको बनाने एवं उपयोग करने के तरीके के बारे में बताया। समापन सत्र की अध्यक्षता निदेशक शोध डॉ. अनिल कुमार ने की। बीएयू के सह निदेशक प्रसार शिक्षा एवं उप निदेशक प्रशिक्षण डॉ. आरएन सिंह ने कार्यक्रम के लिए सभी को बधाई दी। कार्यक्रम में सस्य विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. एके झा थे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शंभु प्रसाद ने किया।

मुकेश के पिता की हत्या की जांच हो : जफर

मुंगेर। वीआईपी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष जफर अहमद ने कहा कि मुकेश साहनी के पिता की हत्या सरकार की विफलता है। मामले की जांच करा कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ ही महीने पहले केंद्र सरकार ने मुकेश साहनी के वाई श्रेणी की सुरक्षा हटा ली थी। हम वीआईपी पार्टी की ओर से सरकार से मांग करते हैं कि घटना का उद्भेदन जल्द-से-जल्द हो। जीतन साहनी के हत्यारा को नहीं पकड़ा गया तो पार्टी पूरे बिहार में सड़कों पर जन आंदोलन करेगा।

निगम कार्यालय गेट पर करेंगे धरना-प्रदर्शन:लंबित मांगें पूरी नहीं हुईं तो हड़ताल करेंगे सफाई कर्मी

मुंगेर। बिहार लोकल बॉडीज इम्प्लाइज फेडरेशन के जिला इकाई कर्मचारी संघ के महामंत्री ब्रह्मदेव महतो ने नगर आयुक्त निखिल धनराज को लंबित मांगों को लेकर मंगलवार को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि नगर विकास विभाग के पत्रांक-2503 के आदेश को निरस्त करने का अनुरोध पत्र विभाग को भेजने और स्थानीय मांगों की पूर्ति 31 सितंबर तक नहीं होने पर 1 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर निगम सफाई कर्मी चले जाएंगे। ब्रह्मदेव महतो ने बताया कि निगम प्रशासन के द्वारा बार-बार समझौता वार्ता किए जाने के बावजूद स्थायी कर्मियों का पेंशन, सातवां वेतनमान, अंतरवेतन, दैनिक व एनजीओ कर्मी की मजदूरी रोजाना 600 रुपए किए जाने की मांग को लागू नहीं किया गया है। इसके अलावा सरकार के द्वारा महादलित आश्रितों को इंटर पास होने पर ही अनुकंपा पर बहाली किए जाने को लेकर कर्मचारियों में काफी आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने बताया कि नगर विकास विभाग पटना के द्वारा निर्गत आदेश में स्पष्ट है कि निगम अपने आय स्रोत से पेंशन व सातवां वेतनमान दिया जा सकता है।

महिला के नाम से अकाउंट, गिरफ्तार

मुंगेर। साइबर थाना प्रभारी ने मंगलवार को दूसरे के नाम से फर्जी एकाउंट बनाकर उपयोग करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यातायात डीएसपी सह साइबर थानाध्यक्ष प्रभात कुमार रंजन ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति वासुदेवपुर थाना क्षेत्र के दलहट्टा निवासी राजेश कुमार दास है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि थाना में आवेदन के आधार पर एक महिला द्वारा केस दर्ज किया गया था। आवेदन में बताया गया था कि महिला के नाम पर सोशल मीडिया एकाउंट बनाकर उसका दुरूपयोग किया जा रहा है। जिसके बाद थाना में केस दर्ज कर आरोपी के बारे में पता कर उसे गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं गिरफ्तार आरोपी के ऊपर यूपी और सुपौल में भी ठीक इसी तरह केस दर्ज है। जबकि आरोपी पहले भी कोतवाली थाना में शराब अधिनियम के तहत गिरफ्तार होकर जेल जा चुका है।

मोहर्रम जुलूस के दौरान दो पक्षों के बीच पत्थरबाजी

निज संवाददाता। मुंगेर

♦ मुंगेर मुख्य बाजार में मची अफरा-तफरी, आधा दर्जन से अधिक लोग घायल

मुंगेर के हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार के मोमिन टोला और रौशन नगर के इमामबाड़ा के समीप मोहर्रम जुलूस के दौरान दो अखाड़ा दल सदस्यों के बीच विवाद हो गया। इसके बाद माहौल पूरी तरीके से तनाव पूर्ण हो चुका है। साथ ही इस बीच जमकर पत्थर बाजी हुई है। इस घटना में दोनों पक्ष से आधे दर्जन से अधिक लोग घायल है। इस दौरान मुख्य बाजार में काफी अफरा-तफरी और लोगों में भगदड़ मच गई। मोहर्रम के जुलूस को देखने पहुंची महिला और बच्चों के बीच दोनों अखाड़े के बीच हुई मारपीट के क्रम में भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। मारपीट और रोड़ेबाजी को रोकने पुलिस बल के जवान और मुख्य पार्षद बीच-बचाव करने पहुंचे, तो उन्हें भी धक्का देकर गिरा दिया गया।

घायल का इलाज जारी: घायल का इलाज अनुमंडल अस्पताल हवेली खड़गपुर और निजी क्लिनिक में कराया जा रहा है। हालांकि, पुलिस ने पत्थर बाजी की घटना को रोकने के साथ ही माहौल को अपने काबू में कर लिया है। स्थिति पर नियंत्रण बनाने के लिए एसएसबी जवानों के साथ सीआरपीएफ, जिला बल पुलिस के अलावा दंगा नियंत्रण पुलिस और क्यूआरटी पुलिस जवानों को सुरक्षा में लगा दिया गया है। एसपी सैयद इमरान मसूद के आदेश पर डीएसपी प्रशिक्षण डीएसपी के अलावा आसपास के सभी थाने की पुलिस को बुलाया गया है। फिलहाल, स्थिति को नियंत्रण में कर लिया गया है। लोगों से संयम बरतने के लिए पुलिस लगातार पैदल मार्च कर लोगों को शांत रहने की अपील कर रहे हैं। फिलहाल खड़गपुर पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर मामला को शांत कराया है। माहौल तनाव पूर्व है।

गैंगरेप मामले में 5वें की गिरफ्तारी, छठे ने किया सरेंडर

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर हवाई अड्डे में नाबालिग से गैंगरेप मामले में 5वें आरोपी की गिरफ्तारी हो चुकी है। छठे ने पुलिस दबिश में आकर न्यायालय में सरेंडर कर दिया है। 5वां आरोपी तिलकामांझी पुलिस ने नीलकंठ नगर मोहल्ले से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सच्चिदानंद नगर निवासी अश्वनी मंडल के पुत्र सहित कुमार और सरेंडर करने वाला उमेश यादव का बेटा सन्नी यादव है। दोनों एक ही मोहल्ले के रहने वाले हैं।

11 जुलाई को वारदात हुई थीः भागलपुर पुलिस ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि तिलकामांझी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ गैंगरेप हुआ था। मामले में प्राथमिकी दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू की गई। केस दर्ज होने के 36 घंटे के अंदर चार की गिरफ्तारी हुई थी। दरअसल 11 जुलाई को बॉयफ्रेंड से मिलने पीड़िता हवाई अड्डा पहुंची थी। जहां कुछ बदमाश लूटपाट की नीयत से वहां पहुंचे, लेकिन लड़की को देख मन बदल गया। इसके बाद बदमाशों ने अपने चार अन्य साथियों को बुलाया। बॉयफ्रेंड के साथ मारपीट की, मोबाइल भी छीन लिया। 4 लकड़े मिलकर पीड़िता को सुनसान जगह ले गए और उसके साथ दरिंदगी की। घटना का खुलासा 13 जुलाई को हुआ।

आज सहनी के पिता, कल मंत्री-नेता की हत्या हो सकती है

निज संवाददाता। भागलपुर

♦ कांग्रेस विधायक ने CM नीतीश पर साधा निशाना, कहा- अपराधियों-शराब माफियाओं को संरक्षण देते हैं अधिकारी

VIP प्रमुख मुकेश सहनी के पिता की हत्या के मामले पर कांग्रेस विधायक अजित शर्मा ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि लॉ एंड ऑर्डर ध्वस्त है। मुकेश सहनी NDA के साथ थे तो सब ठीक था। महागठबंधन के साथ आए तो उनके पिता की हत्या हो गयी। आज उनके पिता की हत्या हुई है। कल किसी और मंत्री-नेता की हत्या हो सकती है।

अपराधियों-शराब माफियाओं को संरक्षण देते हैं अधिकारीः अजित शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री अधिकारियों का पैर पकड़ते हैं। हाथ जोड़ने और पैर पकड़ने से कुछ नहीं होगा। कार्रवाई की जरूरत है। बिहार में अधिकारी, अपराधियों और शराब माफियाओं को संरक्षण देते हैं। यह पूरे बिहार को शर्मसार करने की बात है। मामले में कड़ाई से जांच होनी चाहिए। दरअसल आज यानी मंगलवार की सुबह अपराधियों ने मुकेश सहनी के पिता की हत्या कर दी।

4 दिन में स्थलीय निरीक्षण का काम पूरा करेंः डीएम

निज संवाददाता। मुंगेर

बाढ़ पूर्व तैयारी और आपदा प्रबंधन को लेकर सोमवार को प्रखंड कार्यालय बरियारपुर में जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में संभावित बाढ़ की स्थिति बनती जा रही है। बाढ़ पूर्व तैयारी को लेकर आप सभी आपदा मोड में सजग हो कर कार्य प्रारंभ कर दें। जिले में 2 प्रखंड मूल रूप से बाढ़ में अत्यधिक प्रभावित होते हैं, जिसमें बरियारपुर एवं सदर प्रखंड आते हैं। बरियारपुर प्रखंड के 11 पंचायत बाढ़ प्रभावित होते हैं। इसलिए आप सभी अधिकारी अभी से ही स्थलीय निरीक्षण प्रारंभ कर दें और 4 दिनों के अंदर सारी तैयारियों से संबंधित प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दें। 5 दिन बाद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी अधिकारी और कर्मी आपदा कार्य को हल्के में नहीं लें, जिन्हें जो भी कार्य दिया जाए वो उसे तय समय पर पूर्ण करें। यदि लापरवाही या अनुपस्थित पाए जाते हैं तो उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई के साथ-साथ प्राथमिकी दर्ज भी की जाएगी। इसलिए प्रत्येक कार्यों को सजगता के साथ निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को 4 दिनों के अंदर ही सभी बाढ़ प्रभावित पंचायतों और सामुदायिक रसोई का स्थलीय निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी श्वेता कुमारी, अंचल अधिकारी रवीना गुप्ता समेत अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे। गर्भवती महिलाओं को चिह्नित करने का निर्देश बाढ़ पूर्व तैयारी समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को सभी कैंपों में चिकित्सा व्यवस्था, टीकाकरण आदि को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही प्रखंड क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं को चिन्हित करते हुए, उन्हें भी सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा नावों की व्यवस्था से जिलाधिकारी संतुष्ट दिखें। उन्होंने अंचलाधिकारी को सभी नावों के मालिकों के साथ बैठक कर इकरारनामा करने का निर्देश दिया। साथ ही एसडीआरएफ की टीम को भी अलर्ट रहने के लिए कहा।

श्रावणी मेले से पहले तैयारियां पूरी करने के निर्देश, जिलाधिकारी ने व्यवस्था का लिया जायजा

निज संवाददाता। भागलपुर

♦ कांवरिया पथ पर बिछाया गया बालू

सावन का पावन माह अब शुरू होने जा रहा है। श्रद्धालुओं में काफी उत्साह है। 22 जुलाई से विश्वप्रसिद्ध श्रावणी मेला की शुरुआत होगी। इधर जिला प्रशासन की तैयारियां जोरों पर है। कांवरिया पथ पर बालू बिछा दिया गया है। रास्ते से लाखों कांवरिया बैद्यनाथ धाम में जलार्पण करेंगे। मंगलवार को जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ सुल्तानगंज अजगैबीनाथ के कई इलाकों का निरीक्षण किया। उन्होंने देखा श्रद्धालुओं को कहां परेशानी हो सकती है। उसको जल्द अधिकारियों को सुधारने की निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि समय से पहले काम पूरा कर लिया जाए। 22 जुलाई को श्रावणी मेला का उद्घाटन होना है। इसको लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।

पड़ोस के जिले से आते श्रद्धालुः पूरे माह भागलपुर के सुल्तानगंज स्थित बाबा अजगैबीनाथ धाम का नजारा बदल जाता है। बाबा की नगरी देवघर जाने के लिए श्रद्धालुओं का जत्था उत्तरवाहिनी गंगा का जल लेकर बाबा धाम के लिए प्रस्थान करते हैं। गौरतलब हो की आज यानी बुधवार से बांग्ला सावन की शुरुआत हो चुकी है। बंगाल, झारखंड, उड़ीसा और छतीसगढ़ के अलग-अलग इलाके से श्रद्धालु अजगैबीनाथ धाम सुल्तानगंज उत्तरवाहनी गंगा से जल लेकर पैदल बैद्यनाथ धाम के लिए जा रहे हैं।

भागलपुर में द्वितीय मासिक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन, 19 जुलाई को जारी होगा रिजल्ट

20 विजेताओं को किया जाएगा सम्मानित

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मारवाड़ी महाविद्यालय इकाई द्वारा मंगलवार को द्वितीय मासिक क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमे सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। छात्रों के बीच इस क्विज प्रतियोगिता को लेकर काफी उत्साहित दिखाई दिए। कॉलेज अध्यक्ष शिव सागर ने बताया कि विद्यार्थी परिषद ऐसे रचनात्मक कार्यक्रम कर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास करने का कार्य करती है। क्विज में मुख्य रूप से वीर शहीद वीर सावरकर और सामान्य ज्ञान के विषय से प्रश्न पूछे गए। क्विज प्रतियोगिता के परिणाम 19 जुलाई को घोषित कर सर्वश्रेष्ठ 20 परीक्षार्थी को सम्मानित किया जाएगा।

ये रहे मौजूदः क्विज के माध्यम से छात्रों के बीच महाविद्यालय में कक्षा करने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में मंच संचालन आयुष सिंह और धन्यवाद ज्ञापन प्रिंस कुमार राजा ने किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से प्रदेश सह मंत्री हैप्पी आनंद, जिला संयोजक रोहित राज, नगर मंत्री गौतम साहू, प्रदेश कार्यकारणी कुणाल पांडे, नगर सह मंत्री प्रांजल, कॉलेज अध्यक्ष शिव सागर, प्रिंस कुमार राजा, आयुष सिंह, देव सूरज, अमन, प्रत्युष, कृष्णा, आदि मौजूद थे।

19 हजार घरों में पहुंचा पानी, बाकी घरों में अगस्त तक पहुंचाने का दावा

निज संवाददाता। मुंगेर

♦ प्रमंडलीय आयुक्त संजय कुमार सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की

मुंगेर नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत जलापूर्ति, सीवरेज व गैस पाइप लाइन योजना के क्रियान्वयन व सड़कों की मरम्मति को लेकर मंगलवार को प्रमंडलीय आयुक्त संजय कुमार सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। नगर आयुक्त निखिल धनराज ने कमिश्नर को जानकारी देते हुए बताया जलापूर्ति की स्थिति को लेकर संबंधित वार्ड पार्षद के साथ टीम बनाकर घर-घर जाकर सत्यापन कराया गया। प्रतिवेदित 38 हजार घरों को कनेक्शन के संबंध में पाया गया कि अभी तक मात्र 19 हजार घरों में जलापूर्ति हो पायी है। ऐसी भी शिकायते हैं कि पानी का दबाव कम आता है। कुल 19 हजार घरों में शुद्ध रूप से आपूर्ति की जा रही है और 19 हजार घर बचे हुए हैं। आयुक्त ने कहा कि अभी भी 50 प्रतिशत ही घरों में सप्लाई पानी पहुंचाने का कार्य पूरा हुआ है। एजेंसी को निर्देश देते हुए बचे हुए 19 हजार हाउस होल्ड में फोकस करते हुए पेयजल आपूर्ति 31 अगस्त की अंतिम तिथि निर्धारित की गई। साथ ही नगर आयुक्त को इसे सुनिश्चित कराने के लिए मानिटरिंग करने का निर्देश दिया गया। आयुक्त ने कहा कि धैर्य की परीक्षा नहीं लें, आमजन काफी परेशान हैं। अगर निर्देश नहीं माना जाएगा तो जबाबदेही ठहराते हुए एजेंसी के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा शहर में 8 हजार घर ऐसे बचे हुए हैं, जहां पानी का कनेक्शन नहीं लगाया गया है। इसके लिए परियोजना निदेशक बुडको जलापूर्ति एजेंसी के माध्यम से 10 दिनों के अंदर ऐसे घरों का सर्वे कराते हुए व क्रास चेक कर प्रस्ताव नगर आयुक्त को सौंपने को कहा गया है। बैठक में नगर आयुक्त धनराज निखिल, आयुक्त के सचिव अरबिन्द कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी दिलीप कुमार देव, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, बुडको, ग्रामीण कार्य विभाग, राष्ट्रीय उच्च पथ निर्माण विभाग, जलापूर्ति, सीवरेज व गैस पाईप लाइन के एजेंसी के प्रतिनिधि मौजूद थे।

आने वाले दिनों में बिहार भी विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़ा होगा: सम्राट चौधरी

पटना, एजेंसी। बिहार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और नीतीश सरकार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा है कि देश के अन्य राज्यों की तरह बिहार का भी विकास होगा। आने वाले दिनों में बिहार भी विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़ा होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र प्रायोजित सहित अन्य योजनाओं के समुचित क्रियान्वयन के लिए अतिरिक्त राशि की जरूरत है जिसकी मांग केंद्र से की गई है। उन्होंने उम्मीद जताया कि केंद्र सरकार बिहार के विकास में खुलकर सहायता करेगी। बिहार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पूरा भरोसा है। जेडीयू बिहार को विशेष राज्य का दर्जा या विशेष पैकेज देने की मांग पहले से करती आ रही है। मंत्री विजय चौधरी ने फिर से पार्टी की मांग दुहराई है। उन्होंने कहा कि पीएम के दिल में भी बिहार के प्रति विशेष लगाव है। राज्य को पहले भी पैकेज व अन्य सुविधाएं मिली हैं। मोदी सरकार इस बजट में भी बिहार पर विशेष ध्यान देगी, यह उम्मीद है। उपमुख्यमंत्री सह वित्त एवं वाणिज्यकर मंत्री की जिम्मेवारी संभाल रहे सम्राट चौधरी ने कहा कि सरकार के स्तर पर बिहार को क्या-क्या जरूरत है, यह मांग की जा चुकी है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ प्री-बजट मीटिंग में बिहार सरकार की ओर से विस्तृत रूप से पूरी बात कही गई है। हमें पूरा भरोसा है कि बिहार सरकार की मांगों पर केंद्र सरकार सकारात्मक तरीके से विचार करेगी। इस बार राज्य सरकार ने बाजार से निर्धारित मानक से एक फीसदी अतिरिक्त कर्ज लेने की अनुमति मांगी है। एफआरबीएम (फिस्कल रिस्पांसिब्लिटी एंड बजट मैनेजमेंट एक्ट) के प्रावधान में थोड़ी राहत देते हुए राज्य के कुल सकल घरेलू उत्पाद के आधार पर बाजार से कर्ज लेने की निर्धारित सीमा में एक फीसदी की बढ़ोतरी करने की मांग की गई है। वर्तमान में यह सीमा तीन फीसदी की है, जिसे बढ़ाकर चार फीसदी करने की मांग की गई है।

राज्य में नौ स्थानों पर एयरपोर्ट बनाने की मांग

राज्य में नौ स्थानों डेहरी, सहरसा, फारबिसगंज, मुंगेर, बेगूसराय, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, रक्सौल और गोपालगंज में नए एयरपोर्ट बनाने की कार्रवाई शुरू करने की मांग की गई है। पटना-पूर्णिया एक्सप्रेस-वे, बक्सर-भागलपुर तथा आमस-दरभंगा सड़क को बोधगया, राजगीर, वैशाली से जोड़ने की मांग की गई है। मुंगेर, मोतिहारी, गोपालगंज, सुपौल, बेगूसराय, महुआ (वैशाली), और आरा में मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए अतिरिक्त धनराशि की मांग की गई है।

विशेष आर्थिक सहायता बिहार की जरूरत

इधर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट बिहार के लिए विशेष दर्जा या विशेष आर्थिक सहायता की मांग को औचित्य प्रदान करती है। यह बिहार की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमारे पास अकूत प्राकृतिक संसाधन हो। हमारे पास खनिज संपदा भी नहीं है। विजय चौधरी जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद हमने अपनी विश्वसनीयता प्रमाणित की है और विकास के कई मानकों में बिहार आज अधिकांश प्रदेशों से काफी आगे है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक व भौगोलिक कारणों से बिहार आज भी गरीब है और इसकी भरपाई के लिए राज्यों को विशेष आर्थिक मदद का संवैधानिक प्रावधान भी किया गया है।

बिजली के क्षेत्र में वन नेशन-वन टैरिफ की मांग

राज्य को अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान करने के साथ ही बिजली के क्षेत्र में वन नेशन-वन टैरिफ की मांग भी रखी गई है। देश में प्रति व्यक्ति आय के मामले में बिहार पीछे है। जबकि जनसंख्या घनत्व सबसे ज्यादा है। फिर भी 2022-23 में बिहार की विकास दर 10.64 रही, जो देश में अव्वल है। केंद्र सरकार से अनुरोध किया गया है कि जिस तरह 2023-24 में विशेष कैपेक्स फंड के तहत राज्यों को अतिरिक्त सहायता के लिए एक लाख करोड़ का प्रावधान था, इसे 2023-24 में भी जारी रखा जाए। अंतरिम बजट में इसे घटाकर 55 हजार करोड़ कर दिया गया है। चौसा में थर्मल पॉवर प्लांट योजना के लिए भी मदद मांगी गई है।

प्रदेश में आतंकराज, अपराधियों का मनोबल बढ़ा : तेजस्वी यादव

पटना, एजेंसी। विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या के बाद विपक्ष के नेताओं ने राज्य में कानून व्यवस्था के मुद्दे पर सरकार को कठघरे में खड़ा किया। घटना के आरोपियों की गिरफ्तारी कर स्पीडी ट्रायल कर सजा दिलाने की मांग की। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि इस घटना से स्तब्ध हूं। प्रदेश में आतंकराज है। डबल इंजन की सरकार में सत्ता पोषित, संरक्षित और प्रायोजित अपराधियों का मनोबल बढ़ चुका है। एनडीए सरकार सच्चाई स्वीकारने के बजाय डायलॉग दोहराती रहती है कि सुशासन का राज है। टायर्ड नेता और रिटायर्ड अधिकारी प्रदेश की विधि व्यवस्था संभालेंगे तो यही हश्र होगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि बिहार सरकार से अपेक्षा है कि वह तुरंत कार्रवाई कर हत्यारों को कड़ी सजा दिलवाए और सहनी परिवार को न्याय दिलाए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि राज्य में कानून का राज खत्म है और पुलिस व्यवस्था ध्वस्त है। प्रदेश में नीतीश सरकार ने गुंडाराज स्थापित कर दिया है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पांडेय ने कहा कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त सजा दी जाए। बिहार में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। इस घटना ने सरकार के सुशासन के दावे को तार-तार कर दिया है। वीआईपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता देव ज्योति ने कहा कि सरकार जब एक पूर्व मंत्री के पिता को सुरक्षा नहीं दे सकती है तो आम इंसान के लिए बात करना ही बेमानी है। आप के प्रदेश प्रवक्ता बबलू प्रकाश ने कहा कि भाषणों मे बिहार में कानून का राज है कहने वाले सीएम नीतीश कुमार बिहार में बढ़ते अपराध पर चुप क्यों हैं?

संक्षिप्त समाचार

नगर के सभी 45 वार्डों में मच्छर निरोधक एंटी लार्वा दवा का छिड़काव

हाजीपुर, एजेंसी। नगरीय क्षेत्रों में मच्छरों के बढ़ रहे प्रकोप से बचाव के लिए एंटी लार्वा दवा का छिड़काव कराया जाएगा। मंगलवार को नगर की सभापति संगीता कुमारी ने एंटी लार्वा दवा के छिड़काव के लिए टीम को रही झंडी दिखा कर रवाना किया। इसी के साथ दवा और छिड़काव मशीन के साथ कर्मी वार्ड के लिए रवाना हो गए। सभापति ने कहा कि मच्छरों से बचाव के लिए सभी वार्डों में छिड़काव की योजना तैयार की गई। सभी 45 वार्डों में एक साथ कीटनाशक दवा का छिड़काव की सारी तैयारी कर ली गई है। नगर के सभी 45 वार्डों में एक-एक छिड़काव कर्मी की ड्यूटी लगाई गई है। नगरीय क्षेत्र के सभी नालों और जल जमाव व गंदगी वाले क्षेत्रों में किटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया जाएगा। छिड़काव कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए सुपरवाइजर भी रखा गया है। छिड़काव कर्मियों को वार्ड में भेजने के समय कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार सभापति के साथ मौजूद थे।

कुढ़नी के बच्चे में मिला एईएस

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। कुढनी के साढ़े तीन वर्षीय बच्चे हुसैन में एईएस की पुष्टि हुई है। इसकी जानकारी जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ सतीश कुमार ने दी। बच्चे को 15 जुलाई को चमकी के लक्षण पर एसकेएमसीच में भर्ती कराया गया था और 16 जुलाई को ठीक होने पर डिस्चार्ज कर दिया गया। बच्चे में एईएस का कारण हाइपोग्लाइसीमिया बताया गया है। जिले में इस वर्ष एईएस के 26 मरीज मिले हैं। एसकेएमसीएच में अब तक 46 मरीज भर्ती हो चुके हैं। सोमवार को भी कटरा की एक बच्ची में एईएस मिला था। मुजफ्फरपुर में अब तक बोचहां में 2, कांटी में 1, कटरा में 2, कुढनी में 4, मीनापुर में 5, मोतीपुर में 2, मुसहरी में 5, पारू में 1, सकरा में 1, सरैया में 1 और शहरी क्षेत्र में 2 मरीज मिले हैं।

बेटे की शादी का सपना नहीं हुआ पूरा

दरभंगा, एजेंसी। जीतन सहनी की अपने छोटे बेटे संतोष सहनी की शादी की अंतिम इच्छा भी पूरी नहीं हो सकी। उनकी इच्छा थी कि अपने छोटे पुत्र संतोष की शादी धूमधाम से करेंगे, लेकिन भगवान को कुछ और ही मंजूर था। इस गम भरी चर्चा के बीच रात करीब पौने नौ बजे वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी अपने पैतृक गांव बिरौल थाने के अफजला पहुंचे। उनके पहुंचने के बाद अंतिम संस्कार रस्म शुरू हुई। पूर्व मंत्री मुकेश सहनी अपने पिता की अर्थी को कंधा देकर मां मीना देवी के स्मारक स्थल के पास ले गए। वहां ठीक बगल में पिता जीतन सहनी की अंत्येष्टि स्थल बनाकर उन्होंने अपने पिता को मुखाग्नि दी। अंत्येष्टि में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। मौके पर छोटे भाई संतोष सहनी, बिहार सरकार के मंत्री मदन साहनी, महेश्वर हजारी, पूर्व मंत्री व विधायक ललित कुमार यादव, यूपी के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद आदि सहित कई गणमान्य लोग थे।

पेय जल योजना को लेकर प्रिंसिपल से मांगा गया जवाब:किशनगंज में विभाग को मिली थी शिकायत, डीईओ ने लिखा पत्र

किशनगंज, एजेंसी। किशनगंज में शिक्षा विभाग में कार्य करने वाले संवेदकों और भ्रष्ट अधिकारियों पर विभागीय शिकंजा कसना शुरू हो चुका है। मालूम हो कि जिला शिक्षा पदाधिकारी मो जफर आलम ने जिले के सभी प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक को पत्र लिख कर तीन दिनों के अंदर पेय जल योजना की राशि निकासी के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा है। जानकारी के अनुसार विद्यालयों में बच्चों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए राशि दी की गई थी। इसमें बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और राशि की बंदर बांट होने की शिकायत मिलने के बाद अब जिला शिक्षा पदाधिकारी ने स्पष्टीकरण मांगा है। सूत्रों की माने तो जमीन पर जो काम होना चाहिए था वह नहीं किया गया। जारी पत्र के अनुसार 109 प्राथमिक और मध्य विद्यालयों को दो लाख पचास हजार की दर से ड्राइंग लिमिट दिया गया था। वहीं 64 उच्च विद्यालयों को राशि दो लाख 72 हजार की दर से ड्राइंग लिमिट दिया गया था। इसमें 93 प्राथमिक और मध्य विद्यालय और 58 उच्च विद्यालय की ओर से राशि की निकासी की गई। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने प्रधानाध्यापकों से जवाब मांगा है कि राशि निकासी का आधार क्या था और कितना फिट बोरिंग करवाया गया है।

खुसरूपुर में दहेज के लिए महिला की हत्या :7 महीने की प्रेग्नेंट भी थी, परिजनों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप

पटना, एजेंसी। पटना के खुसरूपुर में दहेज और लड़की नहीं पसंद आने को लेकर 7 माह के गर्भवती महिला की गला दबाकर हत्या का मामला प्रकाश में आया है। लड़की के परिजनों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए लड़की के सास, ससुर, पति पर मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मृतक महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। फतुहा डीएसपी पंकज कुमार ने बताया कि खुसरूपुर थाने के हैबतपुर गांव में एक महिला के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या का मामला प्रकाश में आया है। उन्होंने बताया कि युवती के परिजनों के द्वारा जो लिखित आवेदन प्राप्त हुई है। उसके आधार पर युवती के ससुराल वालों के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज कर छापेमारी शुरू कर दी गई है।

अक्सर होती थी मारपीट

लड़की के भाई मुकेश कुमार ने बताया कि उनकी बहन संगीता कुमारी की शादी वर्ष 2021 में खुसरूपुर में की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके ससुराल वाले बराबर उनकी बहन के साथ मारपीट किया करते थे। मंगलवार की सुबह उनकी बहन ने फोन कर बताया कि उनके साथ मारपीट की जा रही है और घर में बंद कर दिया गया है। मायके वाले संगीता कुमारी के घर पहुंचे तो देखा कि संगीता का शव घर के आंगन में पड़ा है। सभी लोग घर बंद कर फरार हो गए हैं। उन्होंने इसकी सूचना खुसरूपुर थाना को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस ने स्कूली छात्राओं को किया जागरूक

रक्सौल में डीएसपी ने कहा–किसी भी तरह की परेशानी होने पर पुलिस से करे संपर्क

मोतिहारी, एजेंसी। पूर्वी चंपारण के रक्सौल पुलिस की ओर से मंगलवार को रामजानकी मंदिर रोड स्थित कस्तूरबा बालिका हाई स्कूल में जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। इसमें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार ने स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं से बातचीत किया। स्कूली छात्राओं को संबोधित करते हुए डीएसपी धीरेंद्र कुमार ने कहा कि आप सभी मन लगाकर पढ़ाई कीजिए।

पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए हर वक्त मुस्तैद

आपकी सुरक्षा का ख्याल रखने के लिए पुलिस मुस्तैद है। लड़कियों और महिलाओं की सुविधा के लिए हर थाना में बिहार पुलिस की ओर से महिला हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। जहां पर आप अपनी बातों को बिना किसी परेशानी के महिला पुलिस पदाधिकारी के साथ समस्या को शेयर कर सकती है। किसी भी तरह की परेशानी होने पर आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112 या अपने नजदीकी थाना के मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकती है।

इसके साथ ही डीएसपी धीरेंद्र कुमार ने स्कूली छात्राओं को अपना सरकारी नंबर भी दिया। वहीं महिला पुलिस पदाधिकारियों के साथ पहुंची पुलिस टीम को देख कर स्कूली छात्राएं काफी उत्साहित दिखी। जागरूकता के बाद स्कूली छात्राओं को पाठ्य सामग्री पुलिस की ओर से दी गई।

मौके पर रक्सौल थानाध्यक्ष राजीव नंदन सिन्हा, महिला पुलिस पदाधिकारी एकता सागर, प्रयास संस्था की समन्वयक आरती कुमारी, माहेर ममता निवास की सुप्रिया बोदरा सहित विद्यालय के शिक्षक और अन्य लोग मौजूद थे।

बिहार में 2,558 ग्रामीण डाक सेवक नियुक्त होंगे: 5 अगस्त तक कर सकते हैं आवेदन

6 से 8 अगस्त तक आवेदन में हुई गलतियों में सुधार का मौका

पटना, एजेंसी। डाक विभाग की ओर से बिहार डाक सर्कल में ग्रामीण डाक सेवकों के 2558 पदों के लिए वैकेंसी निकली है। इसके लिए आवेदन करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

5 अगस्त तक आवेदन करने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। वही 6 से 8 अगस्त तक आवेदन में हुई त्रुटियों में सुधार का मौका मिलेगा। योग्य उम्मीदवार डाक विभाग की आधिकारिक पर जाकर इसके लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

जीडीएस की तीन वर्गो के लिए निकाली वैकेंसी : यह वैकेंसी जीडीएस के तीन वर्गो के लिए निकली है। इनमें ब्रांच पोस्टमास्टर, असिस्टेंट ब्रांच पोस्टमास्टर और डाक सेवक का पद शामिल है। दसवीं पास उम्मीदवार इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन से पहले उम्मीदवारों का अपना पंजीयन करना होगा।

दसवीं में प्राप्त अंकों के आधार पर आवेदकों का चयन : सभी पद पर आवेदन करने के लिए आवेदकों की न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष वही अधिकतम आयु सीमा 32 वर्ष निर्धारित की गई है। आरक्षित श्रेणी में आने वाले उम्मीदवारों को अधिकतम उम्र सीमा में छूट भी दी जाएगी। आवेदकों का चयन दसवीं में प्राप्त अंकों के आधार पर की जाएगी। परिमंडल की ओर से अंकों के आधार पर मेधा सूची जारी की जाएगी। दस्तावेजों को सत्यापन के बाद नियुक्ति होगी।

विपक्ष ने व्यवस्था पर उठाए सवाल

दरभंगा, एजेंसी। राजद के राष्ट्रीय महासचिव सह पूर्व विधायक भोला यादव ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि वीआईपी सुप्रीमो व पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की निर्मम हत्या की खबर सुनकर काफी मर्माहत हूं। उनकी हत्या जिस तरह से घर में घुसकर की गई है, लगता है कि राज्य में शासन नाम की कोई चीज ही नहीं है। मैं इस कायराना कृत्य की कड़ी निंदा करता हूं। वहीं, राजद के वरिष्ठ नेता व दरभंगा के पूर्व महापौर ओमप्रकाश खेड़िया ने कहा कि बिहार में कानून व्यवस्था एकदम चौपट हो गयी है। श्री खेड़िया ने मुकेश सहनी के पैतृक गांव जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने सरकार से मांग की है कि अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी हो तथा कड़ी सजा दी जाए।

19, 20 और 21 जुलाई को जिले में 22 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा का है आयोजन, 15328 अभ्यर्थी होंगे शामिल

निर्देश : परीक्षार्थियों को सुबह 09:30 बजे से प्रवेश करने की अनुमति

मोतिहारी, एजेंसी। बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता पुनर्परीक्षा जिले में 19, 20 व 21 जुलाई को होगी। 19 जुलाई को 14 केंद्रों पर कुल 9756, 20 जुलाई को चार केंद्रों पर कुल 2774 व 21 जुलाई को चार केंद्रों पर 2798 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। इस तरह कुल 22 केंद्रों पर कुल 15328 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा 12 बजे से अपराह्न 2.30 बजे तक आयोजित जाएगी। डीएम सौरभ जोरवाल ने बैठक के दौरान कहा कि परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों को सुबह 09.30 बजे से प्रवेश की अनुमति रहेगी। परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटे पहले अर्थात 11 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा केंद्रों पर विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी सदर मोतिहारी को परीक्षा अवधि के दौरान परीक्षा केंद्रों के आसपास 144 लागू करने का निर्देश दिया गया है। डीएम ने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर स्टैटिक दंडाधिकारी सह केंद्र प्रेक्षक एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है जो स्वच्छ वातावरण में परीक्षा सम्पन्न कराने का काम करेंगे। सभी कर्मी 8.30 बजे तक प्रतिनियुक्ति केंद्र पर होंगे मौजूद, कड़ी होगी निगरानी डीएम ने कहा कि सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी 08.30 बजे पूर्वाहन तक अपनी प्रतिनियुक्ति स्थान ग्रहण कर लेंगे। परीक्षा केंद्र के भीतर परीक्षार्थियों के अतिरिक्त अनधिकृत प्रवेश वर्जित रहेगा तथा परीक्षा केंद्र में प्रवेश के समय परीक्षार्थियों की तलाशी निश्चित रूप से ली जाएगी। कोई भी परीक्षार्थी किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक उपकरण यथा मोबाईल, ब्लूटूथ, पेजर, घड़ी आदि लेकर नहीं जाएगा। परीक्षा कक्ष में एक बेंच पर दो से अधिक अभ्यर्थी नहीं बैठेंगे। सभी परीक्षा कक्षा में सीसीटीवी कैमरा लाइव मोड में रहेगा। परीक्षा केंद्र पर जैमर लगाने की व्यवस्था कराई गई है। परीक्षार्थियों का बायोमेट्रिक अटेंडेंस लिया जाएगा। परीक्षा केंद्र पर गेट से अंदर प्रवेश के समय परीक्षार्थियों की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। परीक्षा कक्षा में वीक्षकों की प्रतिनियुक्ति के पहले केंद्र अधीक्षक और स्टेटिक मजिस्ट्रेट के द्वारा वीक्षकों का रेंडमाइजेशन किया जाएगा।

विपक्ष ने व्यवस्था पर उठाए सवाल

दरभंगा, एजेंसी। राजद के राष्ट्रीय महासचिव सह पूर्व विधायक भोला यादव ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि वीआईपी सुप्रीमो व पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की निर्मम हत्या की खबर सुनकर काफी मर्माहत हूं। उनकी हत्या जिस तरह से घर में घुसकर की गई है, लगता है कि राज्य में शासन नाम की कोई चीज ही नहीं है। मैं इस कायराना कृत्य की कड़ी निंदा करता हूं। वहीं, राजद के वरिष्ठ नेता व दरभंगा के पूर्व महापौर ओमप्रकाश खेड़िया ने कहा कि बिहार में कानून व्यवस्था एकदम चौपट हो गयी है। श्री खेड़िया ने मुकेश सहनी के पैतृक गांव जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने सरकार से मांग की है कि अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी हो तथा कड़ी सजा दी जाए।



बिना डिग्री के इन फील्ड में बना सकते हैं अपना करियर

कई बार पैसों की तंगी के कारण कई लोग अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते हैं। ऐसे में आप बिना किसी डिग्री या कोर्स के इन नौकरियों को कर सकते हैं। इन फील्ड में नौकरी कर आप हर महीने अच्छी कमाई कर सकते हैं।

हर इंसान की यही चाहत होती है कि कॉलेज खत्म होने के बाद उनको एक अच्छी सी जॉब मिल जाए। ताकि वह अपने सपनों को पूरा कर सकें। लेकिन कई बार ऐसा नहीं हो पाता है। वहीं कुछ परिस्थितियों के कारण हम आगे की पढ़ाई नहीं कर पाते हैं। जिसके कारण अच्छी नौकरी मिलने में दिक्कत होती है। अगर आप भी ऐसी ही किसी समस्या से परेशान हैं तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज हम आपको कुछ ऐसी नौकरियों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिन्हें आप बिना किसी डिग्री के भी पा सकते हैं।

मेकअप आर्टिस्ट

आज के दौर में हर कोई अच्छा दिखना चाहता है। ऐसे में लोग मेकअप का सहारा लेते हैं। वहीं मेकअप आर्टिस्ट की डिमांड भी तेजी से बढ़ रही है। बता दें कि मेकअप आर्टिस्ट बनने के लिए किसी तरह की डिग्री की जरूरत नहीं होती है। हालांकि आप कुछ ऑनलाइन कोर्सेज जरूर कर सकती हैं। इन ऑनलाइन कोर्स की मदद से आप मेकअप की हर बारीकी को अच्छे से समझ सकती हैं। मेकअप के बारे में अच्छी जानकारी होने के बाद आप बतौर मेकअप आर्टिस्ट अपना करियर शुरू कर सकती हैं। इसके अलावा चाहे तो खुद का सैलून भी खोल सकती हैं। इसमें आपको कमाई के अच्छे अवसर मिलेंगे।

स्टाइलिस्ट

अगर आपको भी डिजाइन में रुचि है तो आप स्टाइलिस्ट को बतौर करियर शुरू कर सकती हैं। बता दें कि यह फील्ड ऐसा है, जहां आपको डिग्री से ज्यादा काम करना आना चाहिए। इस तरह आप वॉरड्रोब स्टाइलिस्ट और फैशन स्टाइलिस्ट बन अपने करियर को नई उड़ान दे सकती हैं। भले ही यह प्रोफेशन थोड़ा अलग है, लेकिन इस फील्ड में आपको शानदार सैलरी दी जाती है।

सेलिब्रिटी मैनेजर

हर एक सेलेब्स अपने काम को मैनेज करने के लिए मैनेजर रखते हैं। क्योंकि अक्सर सेलेब्स को एक साथ कई प्रोजेक्ट्स पर काम करना होता है। इस नौकरी के लिए किसी डिग्री की जरूरत नहीं होती है। इस तरह बिना डिग्री के आप आसानी से सेलिब्रिटी मैनेजर बन सकती हैं। इस फील्ड में सैलरी सुन आप दंग हो जाएंगी।

वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी

अगर आपको भी फोटोग्राफी का शौक है तो वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी को बतौर करियर चुन सकते हैं। इसके लिए किसी डिग्री या कोर्स की आवश्यकता नहीं होती है। बेहतरीन फोटोग्राफी कर आप सोशल मीडिया पर इस फोटोज को सेल कर सकती हैं।

प्रोफेशनल ब्लॉगर

आपने भी कई ब्लॉगर को देखा होगा। जो अलग-अलग विषयों के बारे में जानकारी देते हैं और लोग उनके काम को खूब पसंद भी करते हैं। बता दें कि ब्लॉगिंग आपके लिए एक बेहतरीन ऑप्शन साबित हो सकता है। इस फील्ड में आप बिना किसी डिग्री व कोर्स के लाखों रुपए कमा सकते हैं।

लॉ से ग्रेजुएशन करने के बाद छात्रों के पास कई सारे करियर विकल्प होते हैं। उनमें से सबसे अच्छे ऑप्शंस के बारे में हमनें इस आर्टिकल में बताया है। अगर आपने भी रूक्र की है और इनके बारे में जानने में इंटरेस्ट रखते हैं, तो यह आर्टिकल जरूर पढ़ें। आप अपने इंटरेस्ट के अनुसार इनमें से एक ऑप्शन चुन सकते हैं।

ये हैं लॉ ग्रेजुएट्स के लिए सबसे ज्यादा सैलरी वाली नौकरियां

लॉ के छात्रों के पास वैसे तो कई सारे करियर ऑप्शन हैं, पर अपने इंटरेस्ट के अनुसार एक ऑप्शन चूज करना बहुत महत्वपूर्ण होता है। परंपरागत रूप से कानून के छात्रों से ग्रेजुएशन स्तर की पढ़ाई पूरी करने के बाद मुकदमेबाजी की प्रैक्टिस करने की अपेक्षा की जाती थी। हालाँकि, समय के साथ लॉ में करियर के अवसर बढ़े हैं, जिसने युवाओं को भारत में लॉ को करियर विकल्प के रूप में चुनने के लिए प्रेरित किया है। आइए जानते हैं इनके बारे में।

जज

वकील के अलावा छात्रों के पास जज बनने का भी एक बेहतरीन अवसर होता है। जज बनने के लिए आपको उस राज्य में होने वाली जुडिशरी की परीक्षा को पास करना होता है। यह एक बहुत ही प्रतिष्ठित करियर विकल्प है। न्यायाधीश के रूप में आपके ऊपर क़ानूनी व्यवस्था को सँभालने और उसे लागू करने, महत्वपूर्ण कानूनी निर्णय लेने की जिम्मेदारी होती है।

कॉर्पोरेट वकील

अगर आपको बड़े कॉरपोरेट हाउस में काम करने का मन है, तो आप कॉरपोरेट लॉयर बनकर अपना सपना पूरा कर सकते हैं। कॉर्पोरेट वकील व्यवसायों को उनके कानूनी अधिकारों, दायित्वों और लेनदेन पर सलाह देते हैं। वे सीधे निगमों के लिए या कॉर्पोरेट कानून में विशेषज्ञता वाली कानून फर्मों के लिए काम कर सकते हैं। आपके अनुभव के अनुसार इसमें आपको सैलरी भी काफी अच्छी मिलती है।

लिटिगेशन/ट्रायल वकील

अगर आप कोर्ट में जाकर अपनी वकालत प्रेक्टिस करना चाहते हैं तो आप ट्रायल वकील बन सकते हैं। ट्रायल वकील सिविल और क्रिमिनल मुकदमों में क्लाइंट का प्रतिनिधित्व करते हैं और अदालत में उनकी ओर से वकालत करते हैं। हाई-प्रोफाइल मामलों को संभालने से आपको पैसे और शोहरत दोनों मिलती हैं। कोर्ट में प्रैक्टिस शुरू करने से पहले आपको अपनी रूक्र खत्म करने के बाद ऑल इंडिया बार काउंसिल की परीक्षा पास करनी होती है और फिर उसके बाद अपने संबंधित राज्य में उसके बार काउंसिल में रजिस्ट्रेशन कराना होता है।

सरकारी वकील

सरकारी वकील सरकार की तरफ से केस लड़ते हैं। वे स्थानीय, राज्य या संघीय स्तर पर विभिन्न सरकारी एजेंसियों के लिए काम करते हैं। वे कानूनी मामलों पर सलाह देते हैं और मुकदमेबाजी में सरकार का प्रतिनिधित्व करते हैं।

अल्टरनेटिव डिस्प्यूट रेजोल्यूशन

अल्टरनेटिव डिस्प्यूट रेजोल्यूशन एक तरीका है जिसमें विवादों को सुलझाने के लिए कोर्ट के बाहर के विकल्पों का उपयोग किया जाता है। इसमें कोर्ट की लंबी प्रक्रिया और लागत से बचा जा सकता है। इसके तहत कई प्रकार के तरीके शामिल होते हैं, जैसे मीडिएशन और आरबिट्रेशन। इसका उद्देश्य विवाद को जल्दी से सुलझाना होता है। इसमें आप एक मिडिएटर के रूप में काम कर सकते है।

कंटेंट राइटर

अनुभव और एक मजबूत पोर्टफोलियो वाले कानून के छात्रों के लिए लीगल कंटेंट राइटिंग एक प्रोमिसिंग और डायनामिक करियर ऑप्शन है। इसमें आपको काफी हाई पेइंग जॉब्स मिल जाते हैं जो आपके एक्सपीरियंस के अनुसार बढ़ती रहती है। आप सब्जेक्ट मैटर एक्सपर्ट बन सकते हैं। इसके साथ-साथ आप लीगल कंसलटिंग और जर्नलिज्म में भी काम कर सकते हैं।

लीगल एडवाइजर

लीगल एडवाइजर के रूप में आप व्यवसायों और संगठनों को कानूनी मामलों पर एक्सपर्ट एडवाइस प्रदान करते हैं। आप इंडिपेंडेंट या कंसल्टेंसी फर्म के जरिए काम कर सकते हैं। लीगल एडवाइजर्स की आज के टाइम में बहुत ज्यादा डिमांड है। सभी बिजनेस को विभिन्न कानूनी मुद्दों पर विशेष ज्ञान और मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है।

लॉ प्रोफेसर

लॉ प्रोफेसर लॉ स्कूलों में पढ़ाते हैं और लीगल रिसर्च करते हैं। टीचिंग हमेशा से एक नोबल प्रोफेशन रहा है और आप एक लॉ टीचर बन के छात्रों के साथ हमेशा जुड़े रह सकते हैं और उन्हें सही मार्गदर्शन दे सकते हैं। सरकारी कॉलेज में टीचर की सैलरी पैकेज भी बहुत अच्छे होते हैं।

जज एडवोकेट जनरल अधिकारी

यदि आपका सपना इंडियन आर्म्ड फोर्सज ज्वाइन करने का है तो आप लॉ की पढ़ाई के बाद भी इसे ज्वाइन कर सकते हैं। आप जज एडवोकेट जनरल बनकर सेना में शामिल हो सकते हैं। भारतीय सेना का JAG अधिकारी मेजर होता है जो सेना के कानूनी और न्यायिक प्रमुख के रूप में कार्य करता है। एक JAG अधिकारी सैन्य कानून या नीतियों की व्याख्या और उन्हें लागू करने में कोर्ट-मार्शल के पीठासीन अधिकारियों की मदद करता है।

बीटेक कंप्यूटर साइंस या आर्टिफिशयस इंटेलिजेंस कौन-सा कोर्स बेहतर है

अगर आप भी करना चाहते हैं इंजीनियरिंग तो यह खबर आपके लिए है। बीटेक कंप्यूटर साइंस या आर्टिफिशयस इंटेलिजेंस किस कोर्स को करना बेहतर होगा। किस इंजीनियरिंग सेक्टर मे सबसे ज्यादा सैलरी है आइए जानते हैं।

12वीं पास छात्र इंजीनियरिंग में करियर बनाने का सपना देख रहे हैं। लेकिन समझ नहीं आ रहा किस ब्रांच का चुनाव करना सही है। चिंता छोड़िए और हम आपको बताएंगे कि बीटेक कंप्यूटर साइंस या आर्टिफिशयस इंटेलिजेंस किस कोर्स को करना बेहतर होगा। बीटेक कंप्यूटर साइंस के साथ अब बीटेक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कोर्स भी मार्केट में काफी डिमांड में है। किस इंजीनियरिंग सेक्टर मे सबसे ज्यादा सैलरी है आइए जानते हैं।

बीटेक कंप्यूटर साइस

अगर आप इंजीनियरिंग में करियर बनाना चाहते हैं तो आप कंप्यूटर एप्लीकेशन, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और डेटा बेस एनालिसिस के लिए बीटेक कंप्यूटर साइस कोर्स कर सकते हैं।

बीटेक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

जब से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आया तब से इसकी काफी डिमांड हो गई है। आर्टिफिशयस इंटेलिजेंस के जरिए लोग फोटो, लिखना और वॉइस आवाज निकाल रहे हैं। इसकी मांग काफी बढ़ रही है। कई टॉप इंजीनियरिंग कॉलेज में बीटेक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स जैसे कोर्स शुरु किए गए हैं।

किस कोर्स में सबसे ज्यादा कमाई

आज के समय को देखा जाए तो बीटेक कंप्यूटर साइंस डिग्री वालों को हाई सैलरी पर नौकरी मिलती है। वहीं, आने वाले समय में बीटके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की डिमांड बढ़ने वाली है। आर्टिफिशयस इंटेलिजेंस की जानकारी रखने वाले को लाखों का पैकेज मिल सकता है।

कौन कोर्स बेस्ट?

12वीं के बाद छात्रों को टॉप इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटके कंप्यूटर साइंस या आर्टिफिशयस इंटेलिजेंस का कोर्स कर सकते हैं। जानकारी के लिए बता दें कि आर्टिफिशयस इंटेलिजेंस के कई शॉर्ट टर्म कोर्स भी शुरु किए हैं। जिसे आप कर सकते हैं और आपको नौकरी मिल जाएगी।



भागदौड़ वाली नौकरी नहीं करना चाहते तो घर बैठे कमा सकते हैं लाखों रुपये

दुनिया में हर प्रकार का प्राणी है। कई लोग मेहनती होते हैं तो कुछ महा-आसली होते हैं। वहीं, कई तो लोग नौकरी के लिए ऑफिस का हर काम करने के लिए तैयार रहते हैं तो कुछ ऑफिस जाने के नाम से ही जी चुराने लगते है। अगर आप भी भागदौड़ वाली नौकरी नहीं करना चाहते तो आप घर बैठे इन नौकरियों से कमा सकते हैं लाखों रुपये।

कोरोना काल के बाद से वर्क फ्रॉम होम का कल्चर काफी चल गया है। तब से वर्क कल्चर काफी बदल गया। आज भी कुछ जगह हाइब्रिड मोड में काम चल रहा है। आज भी कंपनियों ने एंप्लॉइज को परमानेंट घर से काम करने की सुविधा दे रखी है। हालांकि, कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो फिर से ऑफिस में जाकर काम नहीं करना चाहते हैं। इन लोगों को आप चाहे आलसी कहो या फिर घर से काम करने की आदत हो गई है। आइए आपको बताते हैं कुछ ऐसी नौकरियां जिन्हें आप कर सकते हैं। जहां आपको ऑफिस जाने की जरुरत नहीं है।

शॉपिंग कंसल्टेंट

आमतौर पर शॉपिंग कंसल्टेंट काफी डिमांड में हैं। बता दें कि, इन्हें आप पर्सनल शॉपर भी कहा जाता है। अगर आपको शॉपिंग का शौक है और स्टाइलिंग तो यह जॉब आपके लिए ही है। नामी इंफ्लुएंसर्स, एक्टर्स, एक्ट्रेसेस और बिजनेसमेन मार्केट में पहचाने जाने की वजह से और बिजी लाइफस्टाइल की वजह से खुद शॉपिंग करने नहीं जाते हैं। वह शॉपिंग कंसल्टेंट या पर्सनल शॉपर हायर कर लेते हैं। आप भी कर सकते हैं यह मजेदार जॉब।

बुक रिव्यू जॉब

अगर आप बुक पढ़ने के शौकीन हैं तो आप अपने शौक को अच्छी कमाई में बदल सकते हैं। इस कार्य को आप प्रोफेशनली भी कर सकते हैं। सबसे अच्छी बात है कि आप जहां से चाहें, वहां से बुक्स रिव्यू कर सकते हैं। इसके लिए आपको ऑफिस जाने की जरुरत नहीं है। आप खुद भी लेखकों से टाई अप कर सकते हैं या किसी पब्लिशिंग हाउस से बात कर सकते हैं। आप बुक रिव्यू के ब्लॉग्स भी बना सकते हैं।

फूड क्रिटिक

आप खाना-पीने के शौकीन हैं तो यह जॉब आपके लिए है। शुरुआत में आपको अपना नाम बनाने के लिए थोड़ी मेहनत करनी होगी, फिर आपको रेस्त्रां और कैफे वाले खुद ही इनविटेशन भेजने लगेंगे। फूड क्रिटका काम होता है, खाने-पीने की चीजों का रिव्यू देना। इस कार्य में ईमानदारी होनी चाहिए तभी लोग आपको आपके काम से पहचानेंगे। इस नौकरी में कोई वर्किंग आवर्स निश्चत नहीं होते हैं। आप अपनी मर्जी और शेड्यूल के हिसाब से यह काम कर सकते हैं।

मैट्रेस टेस्टर जॉब

सोना तो सभी को पसंद है, अगर आप भी कुंभकरण की तरह सोते हैं, तो यह जॉब आपके लिए है। आपको सोने के पैसे भी मिलेंगे। दरअसल, गद्दे, तकिए बनाने वाली कई कंपनियां मैट्रेस टेस्टर हायर करने लगी हैं। इनका काम होता है गद्दे पर सोकर इसकी क्वालिटी टेस्ट करना और आपको बढ़िया सैलरी भी मिलेगी। वहीं स्लीपिंग पैटर्न पर रिसर्च करने वाले एक्सपर्ट भी लोगों को सोने के बदले लाखों रुपये देते हैं।

वाइन टेस्टिंग जॉब

अगर आप वाइन पीते हैं तो यह नौकरी आपके लिए है। इसे टेस्ट करने से आप अपना घर चला सकते है। विदेशों की तरह अब भारत में भी टेस्टिंग जॉब्स खूब है। बता दें कि वाइन बनाने वाली कंपानियां और बार आदि में वाइन टेस्टर बुलाए जाते हैं। इन्हें नई वाइन पर अपना फीडबैक देना होता है। फ्रेशर के तौर पर आप 10-20 हजार रुपये कमा सकते हैं। कुछ सालों बाद जब अनुभव हो जाएगा तब आप 50 हजार रुपये कमा सकते हैं।

विचार-मंथन

संपादकीय

दिल्ली में लापरवाही की बाढ़

राजधानी दिल्ली के कई इलाकों से कभी लोगों के पानी के लिए तरसने की खबर आती है, तो कभी यहां के कुछ क्षेत्रों में पानी भर जाता है। पिछले महीने दिल्ली के कई हिस्सों में पेयजल का गंभीर संकट पैदा हो गया था। तब दिल्ली सरकार का कहना था कि हरियाणा से यमुना में उसके हिस्से का पूरा पानी नहीं छोड़ा जा रहा है। अब यमुना की एक नहर में इतना पानी आ गया कि दिल्ली के बवाना में तटबंध टूट गए और आसपास के क्षेत्र जलमग्न हो गए। यहां लोगों के लिए पेयजल का भी संकट खड़ा हो गया है, क्योंकि बाढ़ से जलशोधन संयंत्रों को नुकसान पहुंचा है। सरकार इस समस्या से जल्द निजात दिलाने का दावा कर रही है, लेकिन क्या समय रहते इस खतरे को टाला नहीं जा सकता था? दरअसल, हर साल बरसात में यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से दिल्ली में बाढ़ का खतरा बना रहता है। पिछले साल भी यमुना के उफान से राजधानी के कई इलाके जलमग्न हो गए थे। जब सब कुछ पहले से अंदाजा रहता है, तो बाढ़ से बचने के दीर्घकालिक उपायों पर काम क्यों नहीं किया जाता? दिल्ली के बवाना में जिस नहर के तटबंध टूटने से पानी भरा है, वह हरियाणा के करनाल से यमुना नदी से निकलने वाली मुनक नहर का हिस्सा है। दिल्ली सरकार का तर्क है कि इस नहर की देखरेख का जिम्मा हरियाणा सरकार का है। पर जो नहर दिल्ली से होकर जा रही है, क्या उसकी निगरानी करने का कर्तव्य यहां के शासन-प्रशासन का नहीं बनता है? दिल्ली सरकार का कहना है कि संबंधित इलाकों में बाढ़ की स्थिति से निपटने के बाद हरियाणा सरकार के साथ मिलकर नहर के क्षतिग्रस्त होने के कारणों की जांच की जाएगी। अगर इस नहर की नियमित निगरानी की जाती, तो इसके तटबंध टूटने से बचाने के उपाय समय रहते किए जा सकते थे। आशंका है कि ज्यादा बरसात के समय यमुना और इससे निकलने वाली नहरों में जलस्तर और खतरनाक रूप ले सकता है। ऐसे में दिल्ली और हरियाणा सरकारों को बाढ़ के संभावित खतरों से निपटने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में जान-माल के नुकसान से बचा जा सके।

बेटियों की हत्या, 21वीं सदी में ऐसी निर्ममता शर्मनाक

जिस दौर में अमूमन सभी मोर्चों पर मौका मिलने पर लड़कियां अपने बरक्स या समांतर खड़े लड़कों से खुद को बराबर या बेहतर साबित कर रही हैं, उसमें ऐसी खबर निराशा और दुख से भर देती है कि एक व्यक्ति ने बेटे की चाह में अपनी जुड़वां नवजात बेटियों की हत्या कर दी। इक्कीसवीं सदी का सफर तय करते आधुनिक मूल्यों वाले देश में यह हैरान करने वली घटना लगती है, मगर आज भी ऐसे लोग हैं, जो लड़कियों के खिलाफ इस हद तक संकीर्ण सोच और रवैया रखते हैं।खबर के मुताबिक, बाहरी दिल्ली में रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी तीन दिन की जुड़वां बेटियों की सिर्फ इसलिए हत्या कर दी, क्योंकि वह बेटा चाहता था। यह कोई दूरदराज के इलाके की नहीं, बल्कि देश की राजधानी दिल्ली की घटना है, जहां माना जाता है कि समाज अपेक्षया आधुनिक मूल्यों के बीच जीता है और लैंगिक बराबरी के साथ-साथ बेटियों की सुरक्षा और उन्हें समान जीवन-स्थितियां मुहैया कराने को लेकर सरकार की ओर से भी अक्सर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाते हैं।आज तकनीक की दुनिया इतनी विस्तृत हो चुकी है कि दूरदराज के इलाके में बैठा व्यक्ति भी यह देख-समझ सकता है कि समाज में निचले स्तर से लेकर उच्च स्तर की पढ़ाई-लिखाई या बेहतर पदों पर नौकरी हासिल करने के मामले में लड़कियां किसी भी तरह से लड़कों से कम नहीं हैं। यों एक सभ्य समाज में समानता के दृष्टिकोण के लिए इस तरह के उदाहरणों की जरूरत नहीं पड़नी चाहिए, लेकिन जड़ मानसिकता वाले व्यक्ति के लिए ऐसे उदाहरण काम के हो सकते हैं।समाज में लैंगिक बराबरी के हक में लड़ाई के लंबे दौर का हासिल यह रहा है कि आज हर स्तर पर महिलाएं पुरुषों के साथ समांतर खड़ी हैं और जहां भी मौका मिल रहा है, वहां वे अपनी क्षमताएं साबित कर रही हैं।

अनेक विभागों ने स्थापित कर लिया है स्वयं का राजतंत्र?

(डा. रवीन्द्र अरजरिया)

देश में कार्यपालिका का अनियंत्रित व्यवहार नागरिकों के लिए आये दिन परेशानी का कारण बनता जा रहा है। कर्तव्य परायणता और दायित्वों का बोध करने वालों पर संगठित रूप से आक्रमण होने लगते हैं। सरकारी सेवकों ने सरकारी अफसरों की श्रेणी में स्वयं के निर्णय से पदोन्नति पा ली है जबकि सेवा नियुति पत्र में शासकीय सेवक पद ही लिखा होता है जिसका अर्थ जन सेवक के रूप में भी निरूपित किया गया है। इन संवैधानिक शदों ने पुस्तक से बाहर निकलते ही मौत को गले लगा लिया था, तभी तो कानूनी अनुशासन के समान अनुपालन के स्थान पर स्वच्छन्दता देखने को मिल रही है। सडक सुरक्षा अभियान के तहत केवल दोपहिया और चारपहिया निजी वाहनों को ही निशाना बनाया जाता है। दोपहिया वाहन चालकों से हैल्मेट कहां है, जूते कहां हैं, गाडी का पंजीयन प्रमाण पत्र कहां है, बीमा कहां है, ड्राइविंग लाइसेंस कहां है, पति पत्नी के साथ तीसरी सवारी के रूप में बच्चा यों बैठा है, साइड से यों नहीं चल रहे थे, मुडने के पहले इंडीगेटर या हाथ का इशारा यों नहीं किया जैसे अनगिनत सवालों के जबाब में सुविधा शुल्क न देने पर चालानी कार्यवाही की जा रही है। ऐसे ही निजी चारपहिया वाहन चालकों से सीट बैल्ट यों नहीं लगाया, आगे बैठे व्यति का सीट बैल्ट कहां है, मुडने के पहले इन्डीगेटर यों नहीं जलाया, बच्चे को अतिरित सवारी की तरह यों बैठाया, निर्धारित गति से ज्यादा तेज यों चला रहे थे, गलत जगह पाकिंग यों की, गाडी रोकने के पहले इशारा यों नहीं किया, प्राथमिक चिकित्सा का सामान कहां है जैसे अनेक सवाल किये जाते हैं। जबाब पर मानवीय याचना करने पर भेंट की मांग करने वाले गैर शासकीय लोग भी उत्तरदायी सरकारी अमले के साथ स्थल पर पहले से ही मौजूद रहते हैं जिसकी बात न मानने पर चालानी कार्यवाही, मनमाना जुर्माना आदि जबरन वसूला जाता है। दूसरी ओर उसी स्थान से ओवर लोड ट्रक शान्त क्षेत्र में भी प्रेशर हार्न बजाते हुए धडल्ले से निकल जाते हैं। कृषि कार्य हेतु पंजीकृत टैटरों में लगी ट्रालियों में व्यवसायिक सामग्री की ढुलाई सरेआम होती है। बसों में बिना वर्दी वाले ड्राइवर और कन्डेटर सेवायें देते देखे जा सकते हैं। आटो रिशा, ई-रिशा में क्षमता से कई गुना ज्यादा सवारियां पुलिस थानों के सामने ही भरी जाती हैं। निजी वाहनों में स्कूली बच्चों का अवैध परिवहन होता है। परमिटधारी मार्गों पर टूरिस्ट परमिट के बहाने समानान्तर लग्जरी बसों का खुलेआम संचालन हो रहा है। नियमों के प्रतिकूल वातानुकूलित स्लीपर बसों सहित लग्जरी बसों में केवल एक ही दरवाजा होता है। इन बसों में क्षमता से कहीं अधिक सवारियां भरी जातीं हैं। माल वाहक वाहनों के स्थान पर इन बसों की छतों, चेचिस के पास बनाये गये गुप्त बसों, सीटों के नीचे तथा गैलरी में बिना टैस भुगतान का माल भरा होता है जो टैस चौकियों के सामने से प्रतिदिन खुलेआम निकल रहा है। तभी तो चाइना के उत्पाद बिना उत्पाद शुल्क, आयात शुल्क, स्थानीय शुल्क, जीएसटी आदि के गांव की टपरा दुकानों तक निरंतर पहुंच रहे हैं। शायद ही कभी टैटर चालकों, आटो चालकों, ई रिशा चालकों आदि के ड्राइविंग लाइसेंस और वाहनों के पंजियन संबंधी कागजातों आदि की कभी जांच हुई हो। जबकि यही वे वाहन है जो निरंतर दुर्घटनाओं के कारण बनकर लोगों की जिन्दगियों को तबाह करते हैं। यातायात और पुलिस विभाग के अलावा चिकित्सा विभाग में भारी मनमानियां देखने को मिलती है। इस विभाग में बडे-बडे भवनों का निर्माण बहुत तेजी से होता है। अत्याधुनिक मशीनों की खरीद भी तत्काल प्रभाव से कर ली जाती है। वाहनों का क्रय भी द्रुत गति से हो जाता है। इन भवनों में कार्यालय प्रारम्भ होने में सालों लग जाते हैं। मशीनों को आपरेट करने के लिए विभागीय अधिकारियों को प्रशिक्षण तत्काल दिलवा दिया जाता है परन्तु उन मशीनों के कवर खुलने में लम्बा समय व्यतीत हो जाता है। खरीदे गये वाहनों के लिए चालकों की भर्ती तथा उनका निरंतर उपयोगितापूर्ण संचालन होने की कोई समय सीमा निर्धारित नहीं होती है। मनमानियों का आलम केवल कुछ ही विभागों तक सीमित न होकर लगभग सभी विभागों में कम-ज्यादा अनियमिततायें देखने को सरेआम मिल रहीं है। सभी सरकारी कार्यालयों में सुरक्षा के नाम पर सीसीटीवी कैमरे लगवाये जाते हैं परन्तु कर्मचारियों-अधिकारियों के आने-जाने का समय सहित उनके व्यवहार आदि के डाटा का विश्लेषण करने के नियमित उपयोग के लिये शायद ही कभी किया जाता हो। इनका उपयोग यदाकदा नागरिकों व्दारा नियमत- काम करने की दुहाई पर सरकारी कार्य में बाधा डालने वाले आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने के दौरान साक्ष्य के तौर पर जरूर किया जाता है ताकि हितग्राही उस विभाग के कर्मचारियों-अधिकारियों की मनमानियों पर प्रश्नचिन्ह अंकित न कर सकें। औद्योगिक क्षेत्रों में कुशल कारीगरों के लिए आवंटित भूखण्डों पर पूंजीपतियों के काबिज होने के अनगिनत प्रकरण आज भी धरातल पर स्वयं अपनी दास्तानें सुना रहे हैं। गरीबी रेखा के नीचे का कार्ड, आयुष्मान कार्ड, विधवा पेन्शन, वृध्दावस्था पेन्शन, गरीब आवास योजना आदि सरकारी कार्यक्रमों का लाभ लेने के लिए अपात्रों व्दारा पात्र बनकर प्रस्तुत होने का अनगिनत उदाहरण पूरे देश में बिखरे पडे हैं। सरकारी स्कूलों में बच्चों का वास्तविक पंजीकरण, उनकी उपस्थिति आदि की शतप्रतिशत जांच शायद ही कभी हुई हो। गांव के सक्षम परिवारों के बच्चे अंग्रेजी माध्यम के कान्वेन्ट स्कूलों में दखिला लेने के साथ-साथ सुविधाओं के लिए गांवों में भी पंजीकरण करवा लेते हैं। इस दोहरे पंजीकरण का निरीक्षण तकनीकी माध्यम से करने की जेहमत उत्तरदायी अधिकारियों को उठाने की फुर्सत ही नहीं होती। कभी जिले के बच्चों की कुल जनसंख्या से स्कूली बच्चों की संख्या का तुलनात्मक अध्ययन नहीं किया जाता है। ऐसा करने पर फर्जीवाडा स्पष्ट दिखाई देने लगेगा। सरकारी स्कूलों की निरंतर बढ रही संख्या के साथ-साथ उससे कई गुना ज्यादा निजी संस्थानों की तादात में बढोत्तरी हो रही है। निजी संस्थानों में चार अंकों की राशि का वेतन पाने वाले प्रतिभाशाली युवा अपनी जी तोड सेवायें देते हैं। वहीं दूसरी ओर सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को पांच अंकों से प्रारम्भ होने वाले वेतन के साथ-साथ उसी अनुपात में अन्य लाभ भी दिये जाते हैं।

> *छात्रों को गणवेश, मध्यान भोजन, पुस्तकें, साइकिलें, छात्रवृत्ति आदि का सरकारी सहयोग भी खुलकर दिया जाता है। अनियमितताओं की क्रम निरंतर बढता जा रहा है। ट्रकों का स्थान लग्जरी बसों, स्कूल बैन का स्थान निजी वाहनों, छोटे परिवहन वाले वाहनों का स्थान कृषि कार्य वाले टैटरों, सरकारी स्कूलों का स्थान निजी संस्थानों, सरकारी चिकित्सालयों का स्थान निजी अस्पतालों, परमिटधारी बसों के स्थान वातानुकूलित टूरिस्ट वाहनों ने ले लिया है।*

रूस और ऑस्ट्रिया की यात्राओं से भारत की नई उड़ान

(ललित गर्ग)

भारत की रूस से दोस्ती तो बहुत पुरानी है, लेकिन अमेरिका, ऑस्ट्रिया या अन्य नए देशों से दोस्ती का यह मतलब नहीं है कि अपने पुराने साथियों से दूर हो जाएं। इजरायल और फिलिस्तीन के मामले में भी यह देखा जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस और ऑस्ट्रिया की यात्रा के निष्कर्षों के साथ-साथ इसके वैश्विक निहितार्थ भी तलाशे जा रहे हैं। इन दोनों देशों की राजकीय यात्रा अनेक दृष्टियों से नई उम्मीदों को पंख लगाने के साथ भारत को शक्तिशाली बनाने वाली होगी। दोनों देशों की यात्रा के दौरान हुए विभिन्न समझौते भारत की तकनीकी एवं सामरिक जरूरतों को पूरा करने में अहम कदम साबित होंगे। सैन्य उत्पाद, व्यापार व उद्योग के साथ-साथ प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में रूस और ऑस्ट्रिया के साथ द्विपक्षीय सहयोग ने नई उम्मीदें जगाई हैं। इन यात्राओं के दौरान प्रधानमंत्री ने जो प्रयास किए वे मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भरता के प्रयास, नये भारत-सशक्त भारत एवं सतत विकास की प्राप्ति में सहायक सिद्ध होंगे। निश्चित ही प्रधानमंत्री मोदी के प्रति इन दोनों देशों में जो सम्मानभावना देखने को मिली, उससे यही कहा जा सकता है कि मोदी विश्व-नेता के रूप में स्वतंत्र पहचान एवं प्रतिष्ठा प्राप्त कर रहे हैं, जो भारत के लिये शुभ है।निश्चित तौर पर वैश्विक राजनीति में अपनी चमक के साथ आगे बढ़ते भारत के लिये रूस की यात्रा कई मायनों में बहुत उपयोगी एवं दूरगामी रही। इस यात्रा के दौरान भारत और रूस के बीच हुई 22वीं द्विपक्षीय बैठक में हुए नए समझौते काफी अहम हैं। रूस के युद्ध में फंसे होने के कारण रक्षा जरूरतों से संबंधित आपूर्ति में बाधा होना हमारे लिए चिंता की बात थी लेकिन मेक इन इंडिया के तहत भारत में ही रक्षा उपकरणों के स्पेयर पार्ट्स का प्लांट लगाने पर सहमति जताकर पुतिन ने बड़ी चिंता का समाधान कर दिया है। दोनों देशों के बीच का व्यापार 2030 तक 65 अरब डॉलर से बढ़ाकर 100 अरब डॉलर तक करने पर भी सहमति बनी है। यह भारत-रूस के विशेष रिश्ते को और मजबूत करने वाले होंगे। भारत-रूस की दोस्ती की गर्माहट से चीन एवं पाकिस्तान की बौखलाहट भी देखने को मिली है। यूक्रेन और गाजा में युद्धों की पृष्ठभूमि के बीच प्रधानमंत्री मोदी की रूस और ऑस्ट्रिया की यात्रा पर दुनिया की नजरे लगी रही। एक ध्रुवरीय विश्व व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश कर रहे अमरीका और बहुध्रुवरीय विश्व व्यवस्था में अपना हित देख रहे रूस के बीच भारत की स्थिति एवं उसकी बढ़ती ताकत का भी विश्लेषण किया जा रहा है। मास्को में प्रधानमंत्री मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के गले मिलने पर यूक्रेन की नाराजगी के बावजूद अमरीका की सधी प्रतिक्रिया सामने आयी कि इससे उसके भारत से रिश्तों पर कोई असर नहीं होगा। निश्चित ही इससे यह साफ हो जाता है कि दुनिया अब एक या दो ध्रुवरीय नहीं रही। अमेरीका यह जान रहा है कि चीन के तानाशाही भरे रवैये से निपटने के लिए भारत का साथ आवश्यक है। वास्तव में इस आवश्यकता ने भी अमेरीका में भारत की अहमियत बढ़ाने का काम किया है। यह अहमियत यही बता रही है कि अब भारत का समय आ गया है। वास्तव में आज अमेरीका ही नहीं, विश्व का हर प्रमुख देश भारत को अपने साथ रखना आवश्यक समझ रहा है। कहना न होगा कि वैश्विक मंच पर योग का विषय हो, या अहिंसा का या फिर आतंकवाद से निपटने का, जलवायु परिवर्तन का मसला हो या फिर जी-20 देशों की अध्यक्षता की बात, भारत, दुनिया को नई दिशा दे रहा है, नई उम्मीदें जगा रहा है। एक नई ताकत एवं सशक्त अर्थ-व्यवस्था के साथ एक नया ध्रुव बनकर उभर रहा भारत समूची दुनिया की नजरों का ताज बना हुआ है। भारत अब बिना किसी दबाव के किसी भी अन्य ताकतवर देश की नाराजगी मोल लेने का हौसला रखता है। शीतयुद्ध के दौर में दो ध्रुवरीय विश्व व्यवस्था के बाद एक धुवीय व्यवस्था का अनुभव दुनिया को मिल चुका है। अब बहुध्रुवरीय विश्व व्यवस्था में ही संभावनाएं देखी जा रही हैं।

सुडोकू पहेली क्रमांक- 5434

	4			1			6	
9		6	5		2			4
						9	5	
3	2						8	
1			7	5	9			2
	9						1	5
	7	4						
6			4		8	5		1
	5			2			9	

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5433

2	5	4	8	9	7	6	3	1
3	6	7	2	4	1	9	8	5
8	1	9	3	6	5	7	4	2
7	4	8	1	3	6	2	5	9
6	2	1	5	8	9	4	7	3
5	9	3	7	2	4	1	6	8
4	8	2	6	1	3	5	9	7
9	3	5	4	7	2	8	1	6
1	7	6	9	5	8	3	2	4

आज का राशिफल

मेष
आज दिन शुरुआत से ही काफी अच्छा रहेगा। हर काम में आपके मन के अनुसार परिणाम मिलने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। दोपहर के बाद आपकी सेहत में गिरावट आ सकती है या फिर परिवार में कोई अचानक से बीमार पड़ सकता है। इसके लिए आपको डॉक्टर के पास जाना पड़ सकता है और कुछ जांचें कराने में आपका काफी वक्त और पैसे दोनों बर्बाद होंगे।

वृष
आज करियर में लाभ होगा और दिन आपके लिए सफलता से भरा रहेगा। आपको अपने परिवार के लोगों का सहयोग हर मामले में मिलेगा। आपको अपने बच्चों के करियर के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। आपको ऑफिस में किसी की तरफ से कोई बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है और इसके लिए आप तैयार रहें। शाम के समय कोई रुका काम बनने की संभावना है।

मिथुन
आज दिन सफलता से भरा होगा और आपके काम को देखकर आपके विरोधी भी आपकी तारीफ करने लगेंगे। ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है। आपको कारोबार के मामले में भी अच्छा मुनाफा होगा। कहीं से रुके धन की प्राप्ति होने से आपकी कुछ रुकी योजनाएं फिर से आरंभ होंगी।

तुला
आज का दिन बहुत ही सावधानी के साथ अपने काम को करने का है। किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या फिर चोरी होने की आशंका है। आपको शिक्षा और प्रतियोगिता में जीतने का प्रयास करने पर मनचाही सफलता प्राप्त होगी और ऑफिस में कोई खुशी का समाचार भी मिल सकता है। मन में हर्ष होगा। शाम से लेकर रात तक आपको कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

वृश्चिक
आज भाग्य का साथ मिलेगा और आज का दिन रोजाना की तरह आपके लिए एकदम सामान्य रहेगा। आप अपने रूटीन काम पूरे करेंगे और ऑफिस में अपने प्रॉजेक्ट्स निपटाएंगे। आपको नए अनुबंधों के द्वारा लाभ हो सकता है और ऑफिस में आप कुछ नई योजनाओं पर भी काम शुरू कर सकते हैं। कारोबार में आपकी पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

धनु
आज उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के संकेत मिल रहे हैं और दिन आपके लिए आनंद में बीतेगा। आपको करियर की तरफ से काफी सुखद समाचार मिलेगा और आपको सफलता प्राप्त होगी। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और आप बच्चों की भरपूर मदद कर पाएंगे। संतान के दायित्व की पूर्ति हो सकती है। आपको जरूरी कार्य से बाहर जाना पड़ सकता है।

कर्क
आज भाग्य साथ देगा और आपको आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। करियर में आप जो भी भी प्रयास कर रहे हैं उसमें आपको सफलता मिल सकती है। आपको अपने नीचे काम करने वाले लोगों से अच्छा फीडबैक मिलेगा और आपके प्रति उनके मन में सम्मान भी बढ़ेगा। शाम के समय किसी झगड़े और विवाद में न पड़ें।

सिंह
रात में आपको दोस्तों की वजह से कोई कार्य पूर्ण करने में सफलता मिल सकती है और मन प्रसन्न होगा। रात्रि का समय प्रियजनों से भेंट व आमोद-प्रमोद में बीतेगा। और आपको फिर से लाभ होना आरंभ हो जाएगा। सेहत पर ध्यान दें और फालतू खर्च से बचें। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद या मुकदमे आपकी जीत होने से आपको खुशी होगी। शुभ खर्च और कीर्ति में वृद्धि होगी।

कन्या
शाम के वक्त आपको जब यह सूचना मिलेगी कि आप कोई काफी समय से अटका काम पूरा हो गया तो आपको बहुत खुशी होगा। और आपकी साख भी बढ़ेगी। रात में किसी कारण से आपको अनावश्यक कष्ट का सामना करना पड़ सकता है। संतान पक्ष से कुछ राहत मिलेगी।

मकर
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आज के दिन आपको अपने ऑफिस के असाइनमेंट में सकारात्मक परिणाम मिलने से आपको खुशी होगी और उत्साह बढ़ेगा। जो लोग नई नौकरी पाने के लिए काफी समय से प्रयास कर रहे थे उन्हें भी अच्छा रिजल्ट मिल सकता है। आप अपने बच्चों की पढ़ाई और करियर पर भी ध्यान दे पाएंगे। वे आपको पीछे करने के लिए फालतू के हथकंडे अपना सकते हैं।

कुंभ
आज सफलता के योग बन रहे हैं और आज आपके चारों ओर काफी खुशी का माहौल रहेगा। यहां तक कि आपस में कई दिनों से चली आ रही समस्या का समाधान निकलेगा। आपके हाथ में पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में आ जाने से आपको खुशी होगी। किसी कारण से आपको पास और दूर की यात्रा भी करनी पड़ सकती है। ऑफिस में सहयोगियों के साथ आपके संबंध काफी मधुर होंगे और हर काम को काफी सफलता से पूरा करेंगे।

मीन
आज आपके लिए लाभ के शुभ योग बन रहे हैं। आपको आमदनी के नए स्रोत मिलेंगे और भरपूर मात्रा में धन लाभ होगा। शिक्षा और प्रतियोगिता में आपको विशेष सफलता मिलेगी और भाग्य आपका साथ देगा। आज किसी अशुभ ग्रह के प्रभाव की वजह से आपको सामान्य दिनों की तुलना में काम अधिक करना पड़ेगा। आज आपको बिजनस में अपने विराधियों से सावधान रहने की जरूरत है।

वर्ग पहेली 5434



संकेत: बाएं से दाएं

1. सितंबर 1927 को इस बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी और प्रसिद्ध साहित्यकार ने जन्म लिया था इस साहित्यकार ने पूर्व प्रसारित धारावाहिक महाभारत की पटकथा लिखी थी (7)
7. हल्का बुखार, ज्वर अनुभूति (4)
8. वायु द्वारा उत्पन्न (3)
10. निरूत्तर, चुप, खामोश (2)
11. मानवीय, पौरूषेय, मानुषिका (3)
13. सियार, श्रृंगाल, निशामृग (3)
14. अभ्युदय काल, उन्नति के दिन , वैभव काल (2)
15. संगीत में स्वरों का राग सहित उच्चाण, संभाषण, लंबी तान (3)
16. इस अभिनेत्री ने पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर मोहसिन खान से विवाह किया था (4)
18. तीन, तीसरा (संस्कृत)(2)
20. क्षमताहीन, जो थक चुका हो (2)
22. द्वेष (2)
23. हथेली पर जल लेकर मंत्रपूर्वक पढ़ते हुए पीना (4)

संकेत: ऊपर से नीचे

1. वर्तमान दौर का यह शाहर मूलतःइंदौर का निवासी है (6)
2. डायमंड ज्वेल बीयरिंग, अनमोल रत्न (2)
3. रेडियों (वायरलेस) के आविष्कारक (4)
4. धागा, तंतु, बंदीजन, विजित दास (2)
5. जावक पत्र, इनडैंट, चालान पत्र (6)
6. कोटि, उत्पन्न, घटित, नवजात शिशु (2)
9. पाशबद्ध करना, ठिठुरना, मजबूती से पकड़ना (4)
12. वाराणसी से करीब 6 किमी उत्तरपूर्व में बौद्धों का एक तीर्थस्थल जिसे सारंगनाथ भी कहते है (4)
15. इंकम, जमा प्रविष्टि (2)
17. पूर्णिमा की रात को यह भी कहा जाता है (2)
19. भरोसा, विश्वास, ऐतबार (3)
21. अनुसंधान, इन्क्वायरी, जांचने की क्रिया या भाव (2)

वर्ग पहेली 5433 का हल

अ	मृ	ता	प्री	त	म	■	कौ
स	ग	र	■	र	ह	मा	न
मा	या	■	स	फ	ल	ता	■
न	■	आ	मा	दा	■	■	वि
ता	न	■	न	र	सों	■	य
■	ज	न	ता	■	ठ	ग	ना
कु	रा	न	■	हां	■	ज	■
■	ना	द	ना	■	बा	रा	त

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

आने वाले दिनों में बिहार भी विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़ा होगा: सम्राट चौधरी

पटना, एजेंसी। बिहार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और नीतीश सरकार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा है कि देश के अन्य राज्यों की तरह बिहार का भी विकास होगा। आने वाले दिनों में बिहार भी विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़ा होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र प्रायोजित सहित अन्य योजनाओं के समुचित क्रियान्वयन के लिए अतिरिक्त राशि की जरूरत है जिसकी मांग केंद्र से की गई है। उन्होंने उम्मीद जताया कि केंद्र सरकार बिहार के विकास में खुलकर सहायता करेगी। बिहार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पूरा भरोसा है। जेडीयू बिहार को विशेष राज्य का दर्जा या विशेष पैकेज देने की मांग पहले से करती आ रही है। मंत्री विजय चौधरी ने फिर से पार्टी की मांग दुहराई है। उन्होंने कहा कि पीएम के दिल में भी बिहार के प्रति विशेष लगाव है। राज्य को पहले भी पैकेज व अन्य सुविधाएं मिली हैं। मोदी सरकार इस बजट में भी बिहार पर विशेष ध्यान देगी, यह उम्मीद है। उपमुख्यमंत्री सह वित्त एवं वाणिज्यकर मंत्री की जिम्मेवारी संभाल रहे सम्राट चौधरी

ने कहा कि सरकार के स्तर पर बिहार को क्या-क्या जरूरत है, यह मांग की जा चुकी है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ प्री-बजट मीटिंग में बिहार सरकार की ओर से विस्तृत रूप से पूरी बात कही गई है। हमें पूरा भरोसा है कि बिहार सरकार की मांगों पर केंद्र सरकार सकारात्मक तरीके से विचार करेगी। इस बार राज्य सरकार ने बाजार से निर्धारित मानक से एक फीसदी अतिरिक्त कर्ज लेने की अनुमति मांगी है। एफआरबीएम (फिस्कल रिस्पांसिब्लिटी एंड बजट मैनेजमेंट एक्ट) के प्रावधान में थोड़ी राहत देते हुए राज्य के कुल सकल घरेलू उत्पाद के आधार पर बाजार से कर्ज लेने की निर्धारित सीमा में एक फीसदी की बढ़ोतरी करने की मांग की गई है। वर्तमान में यह सीमा तीन फीसदी की है, जिसे बढ़ाकर चार फीसदी करने की मांग की गई है।

राज्य में नौ स्थानों पर एयरपोर्ट बनाने की मांग

राज्य में नौ स्थानों डेहरी, सहरसा, फारबिसगंज, मुंगेर, बेगूसराय, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, रक्सौल और गोपालगंज में नए एयरपोर्ट बनाने की कार्रवाई शुरू करने की मांग की गई है। पटना-पूर्णिया एक्सप्रेस-वे, बक्सर-भागलपुर तथा आमस-दरभंगा सड़क को बोधगया, राजगीर, वैशाली से जोड़ने की मांग की गई है। मुंगेर, मोतिहारी, गोपालगंज, सुपौल, बेगूसराय, महुआ (वैशाली), और आरा में मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए अतिरिक्त धनराशि की मांग की गई है।

विशेष आर्थिक सहायता बिहार की जरूरत

इधर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट बिहार के लिए विशेष दर्जा या विशेष आर्थिक सहायता की मांग को औचित्य प्रदान करती है। यह बिहार की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमारे पास अकूत प्राकृतिक संसाधन हो। हमारे पास खनिज संपदा भी नहीं है। विजय चौधरी जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद हमने अपनी विश्वसनीयता प्रमाणित की है और विकास के कई मानकों में बिहार आज अधिकांश प्रदेशों से काफी आगे है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक व भौगोलिक कारणों से बिहार आज भी गरीब है और इसकी भरपाई के लिए राज्यों को विशेष आर्थिक मदद का संवैधानिक प्रावधान भी किया गया है।

बिजली के क्षेत्र में वन नेशन-वन टैरिफ की मांग

राज्य को अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान करने के साथ ही बिजली के क्षेत्र में वन नेशन-वन टैरिफ की मांग भी रखी गई है। देश में प्रति व्यक्ति आय के मामले में बिहार पीछे है। जबकि जनसंख्या घनत्व सबसे ज्यादा है। फिर भी 2022-23 में बिहार की विकास दर 10.64 रही, जो देश में अव्वल है। केंद्र सरकार से अनुरोध किया गया है कि जिस तरह 2023-24 में विशेष कैपेक्स फंड के तहत राज्यों को अतिरिक्त सहायता के लिए एक लाख करोड़ का प्रावधान था, इसे 2023-24 में भी जारी रखा जाए। अंतरिम बजट में इसे घटाकर 55 हजार करोड़ कर दिया गया है। चौसा में थर्मल पॉवर प्लांट योजना के लिए भी मदद मांगी गई है।

प्रदेश में आतंकराज, अपराधियों का मनोबल बढ़ा : तेजस्वी यादव

पटना, एजेंसी। विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या के बाद विपक्ष के नेताओं ने राज्य में कानून व्यवस्था के मुद्दे पर सरकार को कठघरे में खड़ा किया। घटना के आरोपियों की गिरफ्तारी कर स्पीडी ट्रायल कर सजा दिलाने की मांग की। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि इस घटना से स्तब्ध हूं। प्रदेश में आतंकराज है। डबल इंजन की सरकार में सत्ता पोषित, संरक्षित और प्रायोजित अपराधियों का मनोबल बढ़ चुका है। एनडीए सरकार सच्चाई स्वीकारने के बजाय डायलॉग दोहराती रहती है कि सुशासन का राज है। टायर्ड नेता और रिटायर्ड अधिकारी प्रदेश की विधि व्यवस्था संभालेंगे तो यही हश्र होगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि बिहार सरकार से अपेक्षा है कि वह तुरंत कार्रवाई कर हत्यारों को कड़ी सजा दिलवाए और सहनी परिवार को न्याय दिलाए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि राज्य में कानून का राज खत्म है और पुलिस व्यवस्था ध्वस्त है। प्रदेश में नीतीश सरकार ने गुंडाराज स्थापित कर दिया है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पांडेय ने कहा कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त सजा दी जाए। बिहार में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। इस घटना ने सरकार के सुशासन के दावे को तार-तार कर दिया है। वीआईपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता देव ज्योति ने कहा कि सरकार जब एक पूर्व मंत्री के पिता को सुरक्षा नहीं दे सकती है तो आम इंसान के लिए बात करना ही बेमानी है। आप के प्रदेश प्रवक्ता बबलू प्रकाश ने कहा कि भाषणों मे बिहार में कानून का राज है कहने वाले सीएम नीतीश कुमार बिहार में बढ़ते अपराध पर चुप क्यों हैं?

संक्षिप्त समाचार

नगर के सभी 45 वार्डों में मच्छर निरोधक एंटी लार्वा दवा का छिड़काव

हाजीपुर, एजेंसी। नगरीय क्षेत्रों में मच्छरों के बढ़ रहे प्रकोप से बचाव के लिए एंटी लार्वा दवा का छिड़काव कराया जाएगा। मंगलवार को नगर की सभापति संगीता कुमारी ने एंटी लार्वा दवा के छिड़काव के लिए टीम को रही झंडी दिखा कर रवाना किया। इसी के साथ दवा और छिड़काव मशीन के साथ कर्मी वार्ड के लिए रवाना हो गए। सभापति ने कहा कि मच्छरों से बचाव के लिए सभी वार्डों में छिड़काव की योजना तैयार की गई। सभी 45 वार्डों में एक साथ कीटनाशक दवा का छिड़काव की सारी तैयारी कर ली गई है। नगर के सभी 45 वार्डों में एक-एक छिड़काव कर्मी की ड्यूटी लगाई गई है। नगरीय क्षेत्र के सभी नालों और जल जमाव व गंदगी वाले क्षेत्रों में किटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया जाएगा। छिड़काव कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए सुपरवाइजर भी रखा गया है। छिड़काव कर्मियों को वार्ड में भेजने के समय कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार सभापति के साथ मौजूद थे।

कुढ़नी के बच्चे में मिला एईएस

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। कुढनी के साढ़े तीन वर्षीय बच्चे हुसैन में एईएस की पुष्टि हुई है। इसकी जानकारी जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ सतीश कुमार ने दी। बच्चे को 15 जुलाई को चमकी के लक्षण पर एसकेएमसीच में भर्ती कराया गया था और 16 जुलाई को ठीक होने पर डिस्चार्ज कर दिया गया। बच्चे में एईएस का कारण हाइपोग्लाइसीमिया बताया गया है। जिले में इस वर्ष एईएस के 26 मरीज मिले हैं। एसकेएमसीएच में अब तक 46 मरीज भर्ती हो चुके हैं। सोमवार को भी कटरा की एक बच्ची में एईएस मिला था। मुजफ्फरपुर में अब तक बोचहां में 2, कांटी में 1, कटरा में 2, कुढनी में 4, मीनापुर में 5, मोतीपुर में 2, मुसहरी में 5, पारू में 1, सकरा में 1, सरैया में 1 और शहरी क्षेत्र में 2 मरीज मिले हैं।

बेटे की शादी का सपना नहीं हुआ पूरा

दरभंगा, एजेंसी। जीतन सहनी की अपने छोटे बेटे संतोष सहनी की शादी की अंतिम इच्छा भी पूरी नहीं हो सकी। उनकी इच्छा थी कि अपने छोटे पुत्र संतोष की शादी धूमधाम से करेंगे, लेकिन भगवान को कुछ और ही मंजूर था। इस गम भरी चर्चा के बीच रात करीब पौने नौ बजे वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी अपने पैतृक गांव बिरौल थाने के अफजला पहुंचे। उनके पहुंचने के बाद अंतिम संस्कार रस्म शुरू हुई। पूर्व मंत्री मुकेश सहनी अपने पिता की अर्थी को कंधा देकर मां मीना देवी के स्मारक स्थल के पास ले गए। वहां ठीक बगल में पिता जीतन सहनी की अंत्येष्टि स्थल बनाकर उन्होंने अपने पिता को मुखाग्नि दी। अंत्येष्टि में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। मौके पर छोटे भाई संतोष सहनी, बिहार सरकार के मंत्री मदन साहनी, महेश्वर हजारी, पूर्व मंत्री व विधायक ललित कुमार यादव, यूपी के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद आदि सहित कई गणमान्य लोग थे।

पेय जल योजना को लेकर प्रिंसिपल से मांगा गया जवाब:किशनगंज में विभाग को मिली थी शिकायत, डीईओ ने लिखा पत्र

किशनगंज , एजेंसी। किशनगंज में शिक्षा विभाग में कार्य करने वाले संवेदकों और भ्रष्ट अधिकारियों पर विभागीय शिकंजा कसना शुरू हो चुका है। मालूम हो कि जिला शिक्षा पदाधिकारी मो जफर आलम ने जिले के सभी प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक को पत्र लिख कर तीन दिनों के अंदर पेय जल योजना की राशि निकासी के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा है। जानकारी के अनुसार विद्यालयों में बच्चों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए राशि दी की गई थी। इसमें बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और राशि की बंदर बांट होने की शिकायत मिलने के बाद अब जिला शिक्षा पदाधिकारी ने स्पष्टीकरण मांगा है। सूत्रों की माने तो जमीन पर जो काम होना चाहिए था वह नहीं किया गया। जारी पत्र के अनुसार 109 प्राथमिक और मध्य विद्यालयों को दो लाख पचास हजार की दर से ड्राइंग लिमिट दिया गया था। वहीं 64 उच्च विद्यालयों को राशि दो लाख 72 हजार की दर से ड्राइंग लिमिट दिया गया था। इसमें 93 प्राथमिक और मध्य विद्यालय और 58 उच्च विद्यालय की ओर से राशि की निकासी की गई। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने प्रधानाध्यापकों से जवाब मांगा है कि राशि निकासी का आधार क्या था और कितना फिट बोरिंग करवाया गया है।

खुसरूपुर में दहेज के लिए महिला की हत्या :7 महीने की प्रेग्नेंट भी थी, परिजनों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप

पटना, एजेंसी। पटना के खुसरूपुर में दहेज और लड़की नहीं पसंद आने को लेकर 7 माह के गर्भवती महिला की गला दबाकर हत्या का मामला प्रकाश में आया है। लड़की के परिजनों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए लड़की के सास, ससुर, पति पर मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मृतक महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। फतुहा डीएसपी पंकज कुमार ने बताया कि खुसरूपुर थाने के हैबतपुर गांव में एक महिला के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या का मामला प्रकाश में आया है। उन्होंने बताया कि युवती के परिजनों के द्वारा जो लिखित आवेदन प्राप्त हुई है। उसके आधार पर युवती के ससुराल वालों के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज कर छापेमारी शुरू कर दी गई है।

अक्सर होती थी मारपीट

लड़की के भाई मुकेश कुमार ने बताया कि उनकी बहन संगीता कुमारी की शादी वर्ष 2021 में खुसरूपुर में की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके ससुराल वाले बराबर उनकी बहन के साथ मारपीट किया करते थे। मंगलवार की सुबह उनकी बहन ने फोन कर बताया कि उनके साथ मारपीट की जा रही है और घर में बंद कर दिया गया है। मायके वाले संगीता कुमारी के घर पहुंचे तो देखा कि संगीता का शव घर के आंगन में पड़ा है। सभी लोग घर बंद कर फरार हो गए हैं। उन्होंने इसकी सूचना खुसरूपुर थाना को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस ने स्कूली छात्राओं को किया जागरूक

रक्सौल में डीएसपी ने कहा–किसी भी तरह की परेशानी होने पर पुलिस से करे संपर्क

मोतिहारी, एजेंसी। पूर्वी चंपारण के रक्सौल पुलिस की ओर से मंगलवार को रामजानकी मंदिर रोड स्थित कस्तूरबा बालिका हाई स्कूल में जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। इसमें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार ने स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं से बातचीत किया। स्कूली छात्राओं को संबोधित करते हुए डीएसपी धीरेंद्र कुमार ने कहा कि आप सभी मन लगाकर पढ़ाई कीजिए।

पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए हर वक्त मुस्तैद

आपकी सुरक्षा का ख्याल रखने के लिए पुलिस मुस्तैद है। लड़कियों और महिलाओं की सुविधा के लिए हर थाना में बिहार पुलिस की ओर से महिला हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। जहां पर आप अपनी बातों को बिना किसी परेशानी के महिला पुलिस पदाधिकारी के साथ समस्या को शेयर कर सकती है। किसी भी तरह की परेशानी होने पर आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112 या अपने नजदीकी थाना के मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकती है।

इसके साथ ही डीएसपी धीरेंद्र कुमार ने स्कूली छात्राओं को अपना सरकारी नंबर भी दिया। वहीं महिला पुलिस पदाधिकारियों के साथ पहुंची पुलिस टीम को देख कर स्कूली छात्राएं काफी उत्साहित दिखी। जागरूकता के बाद स्कूली छात्राओं को पाठ?्य सामग्री पुलिस की ओर से दी गई।

मौके पर रक्सौल थानाध्यक्ष राजीव नंदन सिन्हा, महिला पुलिस पदाधिकारी एकता सागर, प्रयास संस्था की समन्वयक आरती कुमारी, माहेर ममता निवास की सुप्रिया बोदरा सहित विद्यालय के शिक्षक और अन्य लोग मौजूद थे।

बिहार में 2,558 ग्रामीण डाक सेवक नियुक्त होंगे: 5 अगस्त तक कर सकते हैं आवेदन

6 से 8 अगस्त तक आवेदन में हुई गलतियों में सुधार का मौका

पटना, एजेंसी। डाक विभाग की ओर से बिहार डाक सर्कल में ग्रामीण डाक सेवकों के 2558 पदों के लिए वैकेंसी निकली है। इसके लिए आवेदन करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

5 अगस्त तक आवेदन करने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। वही 6 से 8 अगस्त तक आवेदन में हुई त्रुटियों में सुधार का मौका मिलेगा। योग्य उम्मीदवार डाक विभाग की आधिकारिक पर जाकर इसके लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

जीडीएस की तीन वर्गों के लिए निकाली वैकेंसी : यह वैकेंसी जीडीएस के तीन वर्गों के लिए निकली है। इनमें ब्रांच पोस्टमास्टर, असिस्टेंट ब्रांच पोस्टमास्टर और डाक सेवक का पद शामिल है। दसवीं पास उम्मीदवार इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन से पहले उम्मीदवारों का अपना पंजीयन करना होगा।

दसवीं में प्राप्त अंकों के आधार पर आवेदकों का चयन : सभी पद पर आवेदन करने के लिए आवेदकों की न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष वही अधिकतम आयु सीमा 32 वर्ष निर्धारित की गई है। आरक्षित श्रेणी में आने वाले उम्मीदवारों को अधिकतम उम्र सीमा में छूट भी दी जाएगी। आवेदकों का चयन दसवीं में प्राप्त अंकों के आधार पर की जाएगी। परिमंडल की ओर से अंकों के आधार पर मेधा सूची जारी की जाएगी। दस्तावेजों को सत्यापन के बाद नियुक्ति होगी।

विपक्ष ने व्यवस्था पर उठाए सवाल

दरभंगा, एजेंसी। राजद के राष्ट्रीय महासचिव सह पूर्व विधायक भोला यादव ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि वीआईपी सुप्रीमो व पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की निर्मम हत्या की खबर सुनकर काफी मर्माहत हूं। उनकी हत्या जिस तरह से घर में घुसकर की गई है, लगता है कि राज्य में शासन नाम की कोई चीज ही नहीं है। मैं इस कायराना कृत्य की कड़ी निंदा करता हूं। वहीं, राजद के वरिष्ठ नेता व दरभंगा के पूर्व महापौर ओमप्रकाश खेड़िया ने कहा कि बिहार में कानून व्यवस्था एकदम चौपट हो गयी है। श्री खेड़िया ने मुकेश सहनी के पैतृक गांव जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने सरकार से मांग की है कि अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी हो तथा कड़ी सजा दी जाए।

निर्देश : परीक्षार्थियों को सुबह 09:30 बजे से प्रवेश करने की अनुमति

19, 20 और 21 जुलाई को जिले में 22 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा का है आयोजन, 15328 अभ्यर्थी होंगे शामिल

मोतिहारी, एजेंसी। बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता पुनर्परीक्षा जिले में 19, 20 व 21 जुलाई को होगी। 19 जुलाई को 14 केंद्रों पर कुल 9756, 20 जुलाई को चार केंद्रों पर कुल 2774 व 21 जुलाई को चार केंद्रों पर 2798 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। इस तरह कुल 22 केंद्रों पर कुल 15328 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा 12 बजे से अपराह्न 2.30 बजे तक आयोजित जाएगी। डीएम सौरभ जोरवाल ने बैठक के दौरान कहा कि परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों को सुबह 09.30 बजे से प्रवेश की अनुमति रहेगी। परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटे पहले अर्थात 11 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा केंद्रों पर विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी सदर मोतिहारी को परीक्षा अवधि के दौरान परीक्षा केंद्रों के आसपास 144 लागू करने का निर्देश दिया गया है। डीएम ने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर स्टैटिक दंडाधिकारी सह केंद्र प्रेक्षक एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है जो स्वच्छ वातावरण में परीक्षा सम्पन्न कराने का काम करेंगे। सभी कर्मी 8.30 बजे तक प्रतिनियुक्ति केंद्र पर होंगे मौजूद, कड़ी होगी निगरानी डीएम ने कहा कि सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी 08.30 बजे पूर्वाहन तक अपनी प्रतिनियुक्ति स्थान ग्रहण कर लेंगे। परीक्षा केंद्र के भीतर परीक्षार्थियों के अतिरिक्त अनधिकृत प्रवेश वर्जित रहेगा तथा परीक्षा केंद्र में प्रवेश के समय परीक्षार्थियों की तलाशी निश्चित रूप से ली जाएगी। कोई भी परीक्षार्थी किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक उपकरण यथा मोबाईल, ब्लूटूथ, पेजर, घड़ी आदि लेकर नहीं जाएगा। परीक्षा कक्ष में एक बेंच पर दो से अधिक अभ्यर्थी नहीं बैठेंगे। सभी परीक्षा कक्षा में सीसीटीवी कैमरा लाइव मोड में रहेगा। परीक्षा केंद्र पर जैमर लगाने की व्यवस्था कराई गई है। परीक्षार्थियों का बायोमेट्रिक अटेंडेंस लिया जाएगा। परीक्षा केंद्र पर गेट से अंदर प्रवेश के समय परीक्षार्थियों की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। परीक्षा कक्षा में वीक्षकों की प्रतिनियुक्ति के पहले केंद्र अधीक्षक और स्टेटिक मजिस्ट्रेट के द्वारा वीक्षकों का रेंडमाइजेशन किया जाएगा।

विपक्ष ने व्यवस्था पर उठाए सवाल

दरभंगा, एजेंसी। राजद के राष्ट्रीय महासचिव सह पूर्व विधायक भोला यादव ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि वीआईपी सुप्रीमो व पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की निर्मम हत्या की खबर सुनकर काफी मर्माहत हूं। उनकी हत्या जिस तरह से घर में घुसकर की गई है, लगता है कि राज्य में शासन नाम की कोई चीज ही नहीं है। मैं इस कायराना कृत्य की कड़ी निंदा करता हूं। वहीं, राजद के वरिष्ठ नेता व दरभंगा के पूर्व महापौर ओमप्रकाश खेड़िया ने कहा कि बिहार में कानून व्यवस्था एकदम चौपट हो गयी है। श्री खेड़िया ने मुकेश सहनी के पैतृक गांव जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने सरकार से मांग की है कि अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी हो तथा कड़ी सजा दी जाए।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper

डोडा हमले में शहीद हुए राजेश अपनी सैलरी से भरते थे गरीब परिवार के बच्चों की फीस

सिलीगुड़ी, एजेंसी। अपने पिता नर बहादुर थापा की तरह कर्नल भुवनेश थापा ने भी भारतीय सेना में 34 साल तक सेवा की और 2014 में रिटायर हुए। उनके बेटे बृजेश थापा ने इस परंपरा को टूटने नहीं दिया। पांच साल बाद सीडीएस की परीक्षा पास कर वह भी सेना में शामिल हो गए। सोमवार को रात करीब 10:30 बजे रिटायर कर्नल भुवनेश थापा को एक फोन कॉल आता है। उन्होंने उनके बेटा के जम्मू के डोडा में आतंकवादियों के साथ गोलीबारी में शहीद होमे की खबर मिलती है।

थापा परिवार मूल रूप से दार्जिलिंग के लेबोंग के पास बड़ा गिंग का रहने वाला है। बृजेश थापा ने बीटेक की पढ़ाई पूरी करने के बाद संयुक्त रक्षा सेवा परीक्षा पास करने के बाद 2019 में सेना में शामिल हुए।

सिलीगुड़ी में भुवनेश थापा ने कहा: मुझे गर्व है कि हमारे बेटे ने देश के लिए कुछ किया है। हम उसे जीवन भर याद करेंगे। उनकी मां नीलिमा थापा ने बताया कि परिवार ने रविवार को अपने बेटे से आखिरी बार बात की थी। उस समय वह किसी सुदूर मोर्चे पर तैनात थे। वहां केवल पैदल ही पहुंचा जा सकता है। उन्होंने कहा, बृजेश को जल्द ही घर आना था, लेकिन मोर्चे पर स्थिति ठीक नहीं होने के कारण कुछ भी स्पष्ट नहीं बता पा रहा था। कैप्टन थापा के पार्थिव शरीर के बुधवार को बागडोगरा हवाई अड्डे पर पहुंचने की उम्मीद है। उनका अंतिम संस्कार बड़ा गिंग में पूरे सम्मान के साथ किया जाएगा। गिंग के अलावा, राजस्थान के झुंझुनू के दो गांवों में भी इसी तरह का मातम छाया हुआ है। अजय सिंह और बिजेंद्र सिंह की शहादत के बाद लोग शोक में डूब गए हैं। भेसवत के रहने वाले अजय के परिवार को मंगलवार सुबह उनकी शहादत की सूचना दी गई। बुधवार को उनके पार्थिव शरीर को उनके गांव पहुंचाया जाएगा। थापा की तरह अजय के पिता कमल सिंह भी सेना में थे। वह 2015 में रिटायर हुए थे। उनके चाचा कमल नरुका वर्तमान में सिक्किम में 23 राजपूत रेजिमेंट में तैनात हैं।

हर किसी को नहीं मिलता है देश की सेवा का मौका

अजय के छोटे भाई रविंद्र ने कहा : हमारे परिवार के कई लोग सेना में सेवा दे चुके हैं। हम हमेशा की तरह सुबह उठे, लेकिन अचानक पता चला कि अजय आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में मारा गया। पूरा गांव शोक में है। हर किसी को देश की सेवा करने और देश की सेवा में खुद को बलिदान करने का सौभाग्य नहीं मिलता है। झुंझुनू के एक गांव डुमोली कलां की ढांडी में भी बिजेंद्र सिंह की मौत की खबर के बाद शोक की लहर है। बिजेंद्र सिंह 2018 में सेना में भर्ती हुए थे और उनके दो बेटे हैं। वे आखिरी बार फरवरी में गांव आए थे। उनकी शहादत की खबर सबसे पहले बिजेंद्र के भाई दशरथ सिंह को दी गई। वह खुद भी सेना में हैं और लखनऊ में तैनात हैं। बिजेंद्र सिंह के पिता रामजी लाल ने कहा : मेरे दोनों बेटे देश की सेवा के लिए सेना में हैं। मुझे अपने बेटे पर गर्व है, लेकिन मैं सरकार से आतंकवाद को खत्म करने का आग्रह करता हूं। अपने बेटे को खोना मेरे परिवार के लिए सबसे बड़ी क्षति है।

चरवाहा परिवार से थे राजेश

सोमवार रात को हुई मुठभेड़ में शहीद हुए चौथे सैनिक डोक्करी राजेश थे, जो आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम के संथाबोम्मली मंडल के चेतलातंद्रा गांव के रहने वाले थे। एक ग्रामीण के अनुसार, राजेश चरवाहों के परिवार से हैं। उन्होंने कहा, राजेश और उनके छोटे भाई को शिक्षा दिलाने के लिए परिवार ने बहुत संघर्ष किया। वह छह साल पहले सेना में भर्ती हुए थे। वह अपने वेतन का एक हिस्सा अपने गांव के गरीब छात्रों की फीस भरने में खर्च करते थे।

20 लाख के इनामी 4 नक्सलियों ने डाल दिए हथियार, 2 महिलाएं भी शामिल

सुकमा, एजेंसी। छत्तीसगढ़ में नक्सलियों की कमर लगातार टूट रही है। अब नक्सल प्रबावित सुकमा जिले में 4 नक्सलियों ने पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया है। इनमें दो महिला नक्सली भी शामिल हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, यह चारों हार्डकोर नक्सली थे। सुकमा जिले में हुई कई नक्सली वारदातों में इनकी भूमिका भी रही है। इन सभी ने सुकमा के एसपी किरण चव्हाण के सामने आत्मसमर्पण किया है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि जिन नक्सलियों ने सरेंडर किया है उनमें - गढ़चिरौली डिवीजन के प्लाटून नंबर-10 का डिप्टी कमांडर कैलाश उर्फ कवासी देवा शामिल है। कैलाश के सिर पर 08 लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया था। इसके अलावा दक्षिण बस्तर डिवीजन में तकनीकी टीम की सदस्य सुक्की मड़कम भी सरेंडर करने वालों में शामिल है। उसपर 05 लाख रुपये का इनाम था।

प्लाटून नंबर 30 का पीपीसीएम सदस्य वंजाम हड़मा ने भी पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया है। उसके सिर पर भी 05 लाख का इनाम घोषित किया गया था। महाराष्ट्र-गढ़चिरौली भामरागढ़ एरिया कमेटी व पार्टी सदस्या रव्वा देवे ने भी समर्पण किया है। उसपर 02 लाख रुपये का इनाम था। बताया जा रहा है कि कैलाश उर्फ कवासी देवा पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में भी शामिल रहा है। वर्ष 2024, 2017 और 2014 में पुलिस के साथ मुठभेड़ में कैलाश शामिल रहा है।

बता दें कि छत्तीसगढ़ में पुलिस-प्रशासन लगातार नक्सलियों के खिलाफ अभियान चल रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में राज्य के कई खूंखार नक्सलियों ने सरकार की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर लाल आतंक का रास्ता छोड़ा है और वो मुख्यधारा से जुड़ गए हैं।

125 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी में शिवसेना

मुंबई, एजेंसी। लोकसभा चुनाव में मिली जीत से गदगद उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। वह महाराष्ट्र की 288 में से 125 सीटों रक विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को संजय राउत, अनिल देसाई, सुभाष देसाई, सुनील प्रभु और राजन विचारे सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इसमें प्रमुख विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव लड़ने की रणनीति तैयार करने पर सहमति बनी। शिवसेना का यह दावा सहयोगी एनसीपी और कांग्रेस की चिंता बढ़ा सकती है।

सूत्रों के हवाले से कहा है कि उद्धव ठाकरे ने बैठक के दौरान सभी 125 विधानसभा सीटों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि वह इन सीटों को टारगेट करने के लिए एक समर्पित 'थिंक टैंक' के साथ एक वार रूम स्थापित करने की भी योजना बना रहे हैं।

क्या होगा शिवसेना का आधार?: शिवसेना (यूबीटी) इन सीटों पर पिछले वोट मार्जिन के आधार पर दावा ठोकेगी। इसके अलावा पार्टी पिछले विधानसभा चुनावों में इन सीटें पर मिले वोटों के आधार पर इन निर्वाचन क्षेत्रों को ए, बी और सी कैटेगरी में विभाजित करेगी। 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में अविभाजित शिवसेना ने एनडीए में रहते हुए 124 सीटों पर चुनाव लड़ा था। 163 सीटें भाजपा और अन्य सहयोगियों के लिए छोड़ी थी।

2024 के लोकसभा चुनावों में उद्धव ठाकरे ने 22 सीटों पर चुनाव लड़ने पर जोर दिया। 2019 के लोकसभा चुनावों में भी भाजपा के साथ रहते हुए इतनी ही सीटों पर चुनाव लड़ी थी। पार्टी लोकसभा वाला ही फॉर्मूला विधानसभा चुनाव में भी अपनाना चाहती है। दिलचस्प बात यह है कि महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने पहले ही कहा था कि पार्टी हालिया लोकसभा चुनावों में एमवीए के प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद आगामी विधानसभा चुनावों में 150 सीटों से कम पर समझौता नहीं करेगी।

2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में अविभाजित शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने क्रमशः 56 और 54 सीटें जीतीं, जबकि कांग्रेस को 44 सीटें मिलीं।

आप गवर्नर पर अपमानजनक बयान नहीं दे सकतीं : ममता बनर्जी

कोलकाता, एजेंसी। कलकत्ता हाई कोर्ट ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो ममता बनर्जी के राज्यपाल सीवी आनंद बोस के खिलाफ अपमानजनक या गलत बयान देने को लेकर आपत्ति जताई और 14 अगस्त तक इस तरह की गलत और अपमानजनक बयान पर रोक लगाने का आदेश दिया। अदालत ने कहा कि स्वतंत्रता के अधिकार के नाम पर कोई संवैधानिक पद पर बैठे किसी व्यक्ति के खिलाफ ऐसे गलत शब्दों का प्रयोग नहीं कर सकता। कलकत्ता हाई कोर्ट ने अंतरिम आदेश जारी करते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तीन अन्य को 14 अगस्त तक राज्यपाल सीवी आनंद बोस के खिलाफ कोई भी अपमानजनक या गलत बयान देने से रोक दिया। दरअसल, राज्यपाल आनंद बोस ने 28 जून को कलकत्ता हाई कोर्ट में मुख्यमंत्री के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। बोस द्वारा दायर याचिका में ममता बनर्जी के अलावा तृणमूल कांग्रेस के दो नवनिर्वाचित विधायकों सायंतिका बनर्जी और रेयात हुसैन सरकार तथा पार्टी के नेता कुणाल घोष के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया गया था।

2 मई को राज्यपाल के घर में एक संविदा महिला कर्मचारी ने बोस पर उसके साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाया था, जिसके बाद कोलकाता पुलिस ने जांच शुरू की थी। इस मुद्दे पर टिप्पणी करते हुए, बनर्जी ने पीटीआई के हवाले से दावा किया कि महिलाओं ने उन्हें बताया कि वे हाल ही में वहां हुई घटनाओं के कारण राजभवन जाने से डरती हैं। सोमवार को, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हाई कोर्ट में महिलाओं के राजभवन जाने से डरने के अपने बयान पर कायम रहीं। उन्होंने दोबारा कहा कि महिलाओं ने उनसे शिकायत की थी कि वे राजभवन जाने से डरती हैं।

बोस की याचिका और ममता की दलील: एक तरफ बोस ने अपनी याचिका में हाई कोर्ट से गुहार लगाई थी राजभवन की कथित घटनाओं के संबंध में ममता बनर्जी और टीएमसी के नेताओं को आगे कोई भी टिप्पणी करने से रोका जाए। दूसरी ओर ममता बनर्जी के वकील ने दलील दी कि उन्होंने राजभवन में कुछ कथित गतिविधियों को लेकर महिलाओं की आशंकाओं को ही दोहराया है। वकील ने कहा कि वह हलफनामे पर उन महिलाओं के नाम बताने के लिए तैयार हैं जिन्होंने ऐसी आशंकाएं व्यक्त की हैं। सुनवाई के दौरान, ममता बनर्जी के वकील ने दावा किया कि याचिका विचारणीय नहीं है, साथ ही उन्होंने यह भी तर्क दिया कि न्यायाधीश न्यायमूर्ति कृष्ण राव की अदालत के पास मामले की सुनवाई करने का अधिकार क्षेत्र नहीं है। 4 जुलाई को, महिला शिकायतकर्ता ने संविधान के अनुच्छेद 361 के तहत राज्यपाल को दी गई छूट के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। एएनआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, महिला ने सर्वोच्च अदालत से यह तय करने के लिए कहा कि क्या यौन उत्पीड़न और छेड़छाड़ राज्यपाल द्वारा कर्तव्यों के निर्वहन या प्रदर्शन का हिस्सा है, ताकि उन्हें पूरी तरह से छूट दी जा सके।

हाई कोर्ट ने क्या कहा: कलकत्ता हाई कोर्ट ने टिप्पणी की कि आनंद बोस एक संवैधानिक प्राधिकारी हैं और वह सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का उपयोग करके व्यक्तिगत हमलों का मुकाबला नहीं कर सकते। अदालत ने कहा कि स्वतंत्रता के अधिकार के नाम पर, कोई मानहानिकारक बयान नहीं दे सकता है और किसी व्यक्ति की प्रतिष्ठा को धूमिल नहीं कर सकता है।

हिमाचल पुलिस के लॉकअप से फरार चिट्टा तस्कर का दिल्ली कनेक्शन

शिमला, एजेंसी। शिमला के ढली पुलिस स्टेशन के लॉकअप से फरार हुए चिट्टा तस्कर आकाश माथुर (23) की दूसरे दिन भी तलाश जारी रही और वह अभी तक शिमला पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया है। आरोपी की धपक्कड़ में पुलिस की कई टीमें लगी हैं। जानकारी अनुसार, आरोपी के छिपे होने को लेकर पुलिस को अहम जानकारी मिली है और जल्द पुलिस आरोपी को गिरफ्त में ले सकती है। ग्रिल काटकर फरार हुआ आरोपी बेहद शातिर और पेशेवर चोर है। उसके खिलाफ बाहरी राज्यों में चोरी व सेंधमारी के करीब 20 केस दर्ज हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपी पहले भी पुलिस की हिरासत से भागा था। आरोपी आकाश माथुर दिल्ली का मूल निवासी है। बीते रविवार की रात वह ढली पुलिस स्टेशन के लॉकअप से फरार हो गया था और वहां तैनात पुलिस को उसकी भनक तक नहीं लग पाई थी।

चोरी के कई मामले दर्ज: लॉकअप की खिड़की की ग्रिल काटकर वह नौ दो ग्यारह हुआ था। इस मामले में लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों पर गाज गिरने की तैयारी है। शिमला के एसपी संजीव गांधी ने बताया कि आरोपी को पकड़ने के लिए प्रयास जारी हैं और जल्द उसे गिरफ्त में ले लिया जाएगा। उसके विरुद्ध चोरी के कई मामले दर्ज हैं।

लॉकअप की ग्रिल तोड़कर फरार: आरोपी आकाश माथुर को ढली पुलिस ने बीते 9 जुलाई को भट्टाकुफर में नशीले पदार्थ चिट्टे (हेरोइन) के साथ गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से 14.61 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार हुआ था। उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज हुआ था। इसके बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया था और वह पुलिस रिमांड पर चल रहा था। ढली थाने में इसे हिरासत में रखा गया था। बीते रविवार की रात आरोपी थाने में लगी खिड़की की ग्रिल तोड़कर फरार हो गया था।

पुलिस को नहीं लगी भनक, सुबह चला पता: थाने में डयूटी पर मौजूद पुलिस को इसकी भनक तड़के करीब साढ़े चार बजे लगी। इस मामले में दर्ज एफआईआर के मुताबिक, आरोपी के फरार होने के बाद लॉकअप की गैलरी में लगी खिड़की की ग्रिल टूटी हुई पाई गई और ग्रिल से बंधी कम्बल से बनी रस्सी ग्रिल के बाहर लटकी हुई थी। आरोपी आकाश माथुर ने फरार होने के लिए थाने के लॉकअप की गैलरी में लगी खिड़की की ग्रिल से कम्बल को काटकर बनाई गई रस्सी का इस्तेमाल किया था।

संक्षिप्त समाचार

डूब रहा था बेटा, पिता लोगों से मदद की लगाता रहा गुहार

नईदिल्ली, एजेंसी। इंदिरापुरम में गौर ग्रीन के सामने नहर में डूब रहे युवक की वहां से गुजर रहे नेवी के पूर्व मरीन कमांडो धनवीर सिंह नेगी ने जान बचाई है। इस दौरान उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बगैर नहर में छलांग लगा दी और युवक को बचा लिया। उन्होंने सीपीआर देकर व पेट में भरा पानी निकालने के बाद युवक को उसके पिता को सौंप दिया। बाद में परिजन उसे अस्पताल ले गए। नहर में डूब रहे युवक के बारे में पुलिस जानकारी जुटा रही है। जानकारी के अनुसार, मिलन विहार अभयखंड में रहने वाले पूर्व नेवी मरीन कमांडो धनवीर सिंह नेगी ने बताया कि वह सोमवार शाम लगभग सवा चार बजे स्कूटी पर नोएडा स्थित कार्यालय से घर लौट रहे थे। इस दौरान जब वह गौर ग्रीन के पास नहर पटरी पर पहुंचे तो लोगों की भीड़ देखकर रूक गए। उन्होंने देखा कि एक युवक नहर में डूब रहा था और उसके पिता लोगों से उसे बचाने की गुहार लगा रहे थे। मामला समझते ही वह बगैर देर किये नहर में कूद गए और डूब रहे युवक को बाहर निकाल लाए। उन्होंने बताया कि युवक के पेट में भरा पानी निकालने और सीपीआर देने के बाद युवक को उसके पिता को सौंप दिया जो उसे ई-रिक्शा में लेकर चले गए। इस दौरान युवक के पिता ने उनका हाथ जोड़कर शुक्रिया अदा किया। नहर में डूबने वाला युवक कौन था और वह नहर में गिर पड़ा या फिर खुद कूदा, इस बारे में उन्हें जानकारी नहीं है। उन्होंने बताया कि कूदने के दौरान उनकी हथेली और कोहनी चोटिल हो गए। इंदिरापुरम पुलिस ने बताया कि युवक के बारे में जानकारी पता लगाई जा रही है कि वह कौन था और उसके साथ क्या हुआ। युवक का पता लगने पर ही सारी बात सामने आ पाएगी।

यमुना सिटी में बसावट बढ़ाने को यीडा ने बनाया सबसे अधिक आवासीय योजना वाला यह खास प्लान

नईदिल्ली, एजेंसी। यमुना प्राधिकरण (यीडा) वर्ष 2024-25 में सबसे बड़ा दाव आवासीय परियोजना पर लगाएगा। इसे लेकर प्राधिकरण ने खाका भी तैयार कर लिया है। यमुना सिटी में बसावट बढ़ाने के लिए प्राधिकरण ने आवासीय और बीएचएस परियोजनाओं से 2596 करोड़, ग्रुप हाउसिंग से 1642 करोड़ रुपये राजस्व प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है। वहीं कई योजनाओं को धरातल पर उतारने की तैयारी भी चल रही है। प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि इस साल के अंत तक जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से विमानों की उड़ान शुरू हो जाएगी। वहीं, दिसंबर तक शहर में 250 से अधिक औद्योगिक इकइयां शुरू करने का भी लक्ष्य रखा गया है। शहर के औद्योगिक सेक्टर 28, 29, 32, 33 में तेजी से कंपनियों का निर्माण कार्य चल रहा है। वीवो समेत कई बंडी कंपनियों का संचालन शुरू हो चुका है। एयरपोर्ट शुरू होने के बाद प्राधिकरण क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियां बढ़ेंगी। ऐसे में प्राधिकरण ने वर्ष 2024 और 25 में होने वाले कार्यों के साथ उनसे होने वाली कमाई का चार्ट तैयार किया है। प्राधिकरण को सबसे ज्यादा मुनाफा आवासीय योजनाओं से होगा। बीते एक माह में प्राधिकरण ने जो भी होटल और ग्रुप हाउसिंग समेत अन्य योजना लॉन्च की है, उनके भूखंड की कीमत 39 प्रतिशत तक ऊंची गई है।

नूंह में फिर माहौल बिगाड़ने की साजिश, बृजमंडल यात्रा पर भड़काऊ बातें करने वाले ताहिर पर एफआईआर

नईदिल्ली, एजेंसी। नूंह जिले में 22 जुलाई से शुरू हो रही बृजमंडल यात्रा (जलाभिषेक) को लेकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में पुलिस ने ताहिर नामक युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी ने अपने फेसबुक अकाउंट पर भड़काऊ पोस्ट किया था, जिससे क्षेत्र में माहौल बिगड़ने की आशंका थी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 22 जुलाई को नूंह में प्रस्तावित जलाभिषेक यात्रा को पुलिस की सोशल मीडिया सेल की ओर से लगातार निगरानी की जा रही है। सेल में तैनात पुलिस अधिकारी-कर्मचारी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर नजर रख रहे हैं। इस बाबत सोशल मीडिया सेल नूंह में तैनात सिपाही मनोज कुमार ने 14 जुलाई को थाना साइबर क्राइम नूंह में एक शिकायत दी। इसमें उसने बताया कि ताहिर नामक युवक ने यात्रा से पहले एक भड़काऊ पोस्ट फेसबुक अकाउंट पर अपलोड किया था। पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने सोशल मीडिया पर लोगों से किसी प्रकार की अप्रिय बातें पोस्ट नहीं करने की अपील की है। हाल ही में गौरक्षक और विवादित हिंदूवादी नेता बिट्टू बजरंगी ने दावा किया था कि उसे बृजमंडल यात्रा में शामिल होने पर जान से मारने की धमकी दी गई है।

भीमराव आंबेडकर की दीक्षाभूमि के विस्तार लिए जमीन चाहिए

हाई कोर्ट पहुंच गया मामला, सरकार को नोटिस

मुंबई, एजेंसी। संविधान निर्माता भीमराव आंबेडकर ने नागपुर में जिस स्थान पर बौद्ध मत की दीक्षा ली थी, उस स्थान को और विकसित करने के लिए हाई कोर्ट में अर्जी दाखिल हुई है। इस याचिका में मांग की गई है कि दीक्षाभूमि का विस्तार करना जरूरी है और वहां कुछ और निर्माण होना चाहिए। इस अर्जी पर बॉम्बे हाई कोर्ट ने राज्य सरकार, जिला प्रशासन, स्थानीय निकाय समेत तमाम एजेंसियों से जवाब मांगा है। याचिका में मांग की गई है कि दीक्षाभूमि के लिए कुछ और जमीन दी जाए ताकि वहां और निर्माण किया जा सके। याचिका में मांग की गई है कि दीक्षाभूमि को ऐसे स्थान के तौर पर विकसित किया जाए, जिससे दुनिया भर के पर्यटकों काध्यान आकर्षित हो।

भीमराव आंबेडकर ने 14 अक्टूबर, 1956 को नागपुर में बौद्ध धर्म अपना लिया था। उन्होंने दो दशक पहले ही मतांतरण की बात कही थी, लेकिन इस पर फैसला 1956 में लिया था। हर वर्ष 14 अक्टूबर को बड़ी संख्या में लोग दीक्षाभूमि में जुटते हैं। यही नहीं आंबेडकर जयंती और पुण्यतिथि पर भी यहां कार्यक्रमों का आयोजन होता है। शैलेष नरनावारे की ओर से दाखिल अर्जी में संवैधानिक नियमों का हवाला देते हुए कहा गया कि देश की सांस्कृतिक विविधता के अनुसार सभी को अपने संस्थानों के विकास का अधिकार है।

जनहित याचिका में शैलेष नरनावारे ने हाई कोर्ट से मांग की कि स्थानीय प्रशासन को जमीन अधिग्रहण करके दीक्षाभूमि को सौंपने का आदेश दिया जाए। उन्होंने कहा कि कॉटन रिसर्च इंस्टिट्यूट से 3.84 एकड़ भूमि और माता कचहरी से 16.44 एकड़ भूमि ली जा सकती है। यदि यह जमीन मिल जाए तो दीक्षाभूमि का विकास हो सकता है। याचिका पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट की डिविजन बेंच जस्टिस नितिन सांबरे और जस्टिस अभय मंत्री ने महाराष्ट्र के शहरी विकास मंत्राल., नागपुर सुधार ट्रस्ट, नागपुर के नगर निगम को नोटिस जारी किया है और इस मांग पर जवाब मांगा है।

याचिकाकर्ता ने कहा कि दीक्षाभूमि के लिए इस जमीन के अधिग्रहण में देरी नहीं करनी चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि दीक्षाभूमि में काम चल रहा है। ऐसे में प्रोजेक्ट्स के विस्तार के लिए जमीन की जरूरत है। यही नहीं कुछ स्मारकों के संरक्षण के लिए भी ऐसा करना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन की ओर से मंजूरी मिलने में देरी हो रही है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों 181 करोड़ रुपये की परियोजना पेश की गई थी, लेकिन उस पर मंजूरी मिलने में देरी हो रही है।

राजस्थान में किसानों को 30 फीसदी ज्यादा मुआवजा मिलेगा, छात्राओं को मिलेगी स्कूटी : दीया कुमारी

जयपुर, एजेंसी। राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने घोषणा की है कि 2027 तक किसानों को दिन में बिजली मिलेगी। इसके साथ ही बिजली की ट्रांसमिशन लाइन के लिए उन्हें 30 फीसदी ज्यादा मुआवजा मिलेगा। राजस्थान सरकार 1000 गांवों को डामर सड़क से जोड़ने, इसके साथ ही 2027 तक किसानों को दिन में बिजली देने, बाड़मेर जिले में 48 करोड़ की लागत से भारत-पाक सीमा चौकियों तक सड़कें बनाने के साथ बिजली की ट्रांसमिशन लाइन के नीचे आने वाली किसानों की जमीनों का डीएलसी की दर से 30 फीसदी ज्यादा मुआवजा देने की घोषणाएं की। इन घोषणाओं के तहत 1000 से ज्यादा की आबादी वाले गांव में डामर सड़क बनाई जाएगी। दीया कुमारी ने कहा कि यह सभी कार्य 2 साल में पूरे करवाए जाएंगे। इसके साथ ही कहा कि पेयजल संबंधी समस्याओं के लिए 33 हजार करोड़ रुपए और दिए जाएंगे। उद्यमियों के लिए रिप्स फंड गठित किया जाएगा। वित्त निगम के वित्तीय शुद्ध अधिकरण के लिए रीको द्वारा 50-50 करोड़ रुपए का अंश प्रदान किया जाएगा। वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत 15000 यात्रियों को अयोध्या की स्पेशल ट्रेन से यात्रा करवाई जाएगी। ब्राह्मणी नदी बेगूं-चित्तौड़गढ़ का सौंदर्यीकरण करवाया जाएगा। इसके अलावा बालिकाओं को तकनीकी पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने पर 500 स्कूटी दी जाएगी। विद्यार्थियों एवं आमजन की विज्ञान के प्रति रूचि बढ़ाने के उद्देश्य से अलवर एवं भरतपुर में काम किए जाएंगे।

संक्षिप्त समाचार

शौर्य बावा मिस्र के मोहम्मद जकारिया से हारे

● विश्व जूनियर स्क्वाश में कांस्य पदक से करना पड़ा संतोष

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के शौर्य बावा ने ह्यूस्टन में चल रही विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप के लड़कों के एकल सेमीफाइनल में मिस्र के शीर्ष वरीयता प्राप्त मोहम्मद जकारिया से 0-3 से हारने के बाद कांस्य पदक हासिल किया। बावा पिछले साल के उपविजेता जकारिया से 41 मिनट तक चले रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में 5-11 5-11 9-11 से हार गए। कुश कुमार (2014 में) के बाद बावा विश्व जूनियर सेमीफाइनल में पहुंचने वाले केवल दूसरे भारतीय पुरुष खिलाड़ी हैं। लड़कियों के वर्ग में अनाहत सिंह क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई थी। भारत की 16 वर्ष की राष्ट्रीय चैम्पियन को मिस्र की नादियां इल्हामामी ने 11-8, 11-9, 5-11, 10-12, 13-11 से हराया था।

जिब्राल्टर स्पेन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई

नई दिल्ली, एजेंसी। जिब्राल्टर फुटबॉल एसोसिएशन ने घोषणा की है कि उन्होंने स्पेनिश पुरुष राष्ट्रीय टीम के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है, क्योंकि 2024 यूरो विजेताओं को बेहद उत्तेजक और अपमानजनक गाने गाते हुए देखा गया था। जिब्राल्टर एफए ने अपनी वेबसाइट पर पोस्ट किए गए बयान में कहा कि जिब्राल्टर एफए ने स्पेनिश पुरुषों की राष्ट्रीय टीम के यूरो 2024 जीतने के आसपास जश्न की बेहद उत्तेजक और अपमानजनक प्रकृति पर ध्यान दिया है।

एसोसिएशन आज सुबह यूरोपीय फुटबॉल के शासी निकाय, यूएफा के पास यूरो 2024 जीतने के बाद स्पेन की पुरुष राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों द्वारा जिब्राल्टर से संबंधित अस्वीकार्य नारे लगाने और गाना गाने को लेकर शिकायत दर्ज करने पर सलाह ले रहा है। फुटबॉल में इस प्रकृति के व्यवहार के लिए कोई जगह नहीं है। यह घटना तब हुई जब यूएफा यूरो टूर्नामेंट के खिलाड़ी रोड्री का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। मैनचेस्टर सिटी का मिडफील्डर जिब्राल्टर स्पेनिश है गाते हुए मैड्रिड में भीड़ के साथ नारे लगा रहा था।

जिब्राल्टर स्पेन के दक्षिणी सिरे पर है जो 18वीं शताब्दी से ब्रिटिश शासन के अधीन है। नौ साल पहले स्पेनिश उत्तराधिकार के युद्ध के दौरान एंग्लो-डच सैनिकों द्वारा स्पेन से द्वीप छीन लेने के बाद, 1713 में यह ब्रिटिश प्रभुत्व बन गया। इसके लोगों ने 1967 में एक जनमत संग्रह में स्पेनिश संप्रभुता के खिलाफ और 2002 में स्पेन और ब्रिटेन के बीच साझा संप्रभुता के खिलाफ मतदान किया था।

मैं पेरिस ओलंपिक में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देना चाहता हूं: किशोर जेना

नई दिल्ली, एजेंसी। जेवलिन थ्रोअर किशोर जेना, जो किसी भारतीय द्वारा दूसरे सबसे लंबे थ्रो के धारक हैं, का लक्ष्य पेरिस 2024 में अपने ओलंपिक डेब्यू में अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ हासिल करना है। जेना की कहानी अनोखी है। सीआईएसएफ में अपनी नौकरी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए तीन साल तक खेल से दूर रहने के बाद, यह नीरज चोपड़ा की ओलंपिक सफलता थी जिसने उन्हें वापसी के लिए प्रेरित किया।

जेना ने जियोसिनेमा के द ड्रीमर्स पर कहा, भाला फेंक में मेरी यात्रा 2014-15 में शुरू हुई। 20 वर्षों से अधिक समय तक, भाला फेंक में हमारा राज्य रिकॉर्ड 65 मीटर था। फिर सितंबर 2017 में, मैंने 72.77 मीटर थ्रो के साथ 20 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। इससे मुझे आत्मविश्वास मिला। 2018 में, मुझे खेल कोटा के माध्यम से सीआईएसएफ में नौकरी मिली। 2018-2020 के बीच, मैंने अपनी नौकरी को प्राथमिकता दी और खेल खेलने के बजाय अपने परिवार की मदद करने पर ध्यान केंद्रित किया। टोक्यो 2020 में चोपड़ा की स्वर्ण पदक जीत के बाद महत्वपूर्ण मोड़ आया।

जब नीरज ने ओलंपिक में जीत हासिल की, तो हमने जश्न मनाया और उनकी जीत का आनंद लिया। लेकिन ईमानदारी से कहूं तो, जीत ने मुझे निराश भी किया क्योंकि मैं भी वही खेल खेल रहा था। मुझे लगा कि मेरे लिए खेलों में कुछ हासिल करने का समय आ गया है। सीआईएसएफ में मेरे कोच ने सुझाव दिया कि अगर मैं 75 मीटर थ्रो में सफल हो जाऊं, तो वह मुझे राष्ट्रीय शिविर में पहुंचने में मदद करेंगे। मेरी कड़ी मेहनत और भावना ने मुझे 76.4 मीटर हासिल करने में मदद की, जिससे मुझे प्रवेश मिला। उनके भाला फेंक करियर को फिर से शुरू करना चुनौतियों से रहित नहीं था। विश्व चैंपियनशिप में मेरी रैंकिंग में गिरावट के बाद मैंने लेबनान राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लिया और 78 मीटर का थ्रो किया। अपना सब कुछ देने के बावजूद, मैं कुछ खास हासिल नहीं कर सका। मुझे संदेह होने लगा कि क्या सारी मेहनत सार्थक है। मैंने अपने पिता को फोन किया, जिन्होंने मुझे श्रीलंका में अगली प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। श्रीलंका एक निर्णायक क्षण साबित हुआ। जेना के उल्लेखनीय 84.38 मीटर थ्रो ने न केवल उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया बल्कि 2022 एशियाई खेलों और 2023 विश्व चैंपियनशिप में उनके प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए मंच तैयार किया, जिससे उन्हें पेरिस 2024 में स्थान मिला।

उन्होंने कहा,मैंने तय किया कि श्रीलंका में होने वाला कार्यक्रम मेरा आखिरी प्रयास होगा जिसके बाद मैं नौकरी छोड़ दूंगा और काम तथा परिवार को प्राथमिकता देने के लिए वापस चला जाऊंगा, भगवान की कृपा से, मैंने अच्छा प्रदर्शन किया, 84.38 मीटर का थ्रो किया जिसके कारण मुझे विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफिकेशन मिला, मैंने विश्व चैंपियनशिप में भी अच्छा प्रदर्शन किया और 84.77 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि हासिल की।

मैंने एशियाई खेलों में 87.54 मीटर के एक और व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ पेरिस 2024 के लिए अपना टिकट हासिल किया। मैं अब पेरिस में अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं। मैं काफी आश्वस्त हूं। हालांकि मैंने कोई विशेष लक्ष्य निर्धारित नहीं किया है, लेकिन मैं अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ सुधारने का लक्ष्य बना रहा हूं। किशोर जेना की प्रभावशाली उपलब्धियों में 2022 एशियाई खेलों में रजत पदक और 2023 विश्व चैंपियनशिप में शीर्ष पांच में जगह बनाना शामिल है। अब वह पेरिस 2024 में भाला फेंक स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हैं।

श्रीलंका दौरे के लिए जल्द होगी भारतीय टीम की घोषणा, सूर्या हो सकते हैं टी20 कप्तान

नई दिल्ली, एजेंसी। गौतम गंभीर का कार्यकाल टीम इंडिया के श्रीलंका दौरे के साथ शुरू हो जाएगा। कोच की कमान संभालते ही गंभीर एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार, श्रीलंका दौरे के लिए टीम की घोषणा बुधवार को हो सकती है। सपोर्टिंग स्टाफ सहित टीम के कप्तान को लेकर गंभीर ने बीसीसीआई को कई सुझाव दिए हैं। टी20 विश्व कप 2024 चैंपियन बनने के बाद टीम इंडिया में बदलाव का दौर शुरू हो चुका है। शुभमन गिल की कप्तानी में टीम इंडिया ने जिम्बाब्वे को 5 मैचों की टी20 सीरीज में 4-1 से हराया। अब टीम का अगला मिशन श्रीलंका दौरा है, जहां तीन टी20 और इतने ही वनडे मैचों की सीरीज खेली जानी है। इस सीरीज के साथ बतौर मुख्य कोच गौतम गंभीर का कार्यकाल टीम इंडिया के साथ शुरू होगा। जानकारी के अनुसार, इस दौरे के लिए टी20 टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव को सौंपी जा सकती है।

टी20 विश्व कप जीतने के बाद रोहित शर्मा ने इस प्रारूप से संन्यास का ऐलान कर दिया था। जिसके बाद भारतीय टीम को नए कप्तान की तलाश है। हालांकि नए कप्तान की दावेदारी की रेस में हार्दिक ही सबसे आगे चल रहे हैं। सूर्यकुमार को नई जिम्मेदारी दिए जाने के पीछे हार्दिक की इंजरी की समस्या बड़ी वजह मानी जा रही है। हालांकि, सूर्यकुमार पहले भी भारतीय टीम की कप्तानी कर चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज और दक्षिण अफ्रीका दौरे पर टी20 सीरीज में भी सूर्यकुमार के हाथ में ही भारतीय टीम का नेतृत्व था। वहीं घरेलू सर्किट में भी सूर्यकुमार मुंबई की कप्तानी कर चुके हैं। बुधवार को चयन समिति आगामी श्रीलंका दौरे के लिए टीम का ऐलान कर सकती है।

26 जुलाई से शुरू होने वाले इस दौरे की शुरुआत तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के साथ ही होनी है। तीन टी20 मैच पल्लेकेले और जबकि तीन वनडे मैच कोलंबो में खेले जाएंगे। यह दौरा गौतम गंभीर के लिए भी बतौर भारतीय कोच पहला दौरा होगा। गंभीर को राहुल द्रविड़ का कार्यकाल समाप्त होने के बाद हाल ही में टीम इंडिया का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है।

न्यूजीलैंड ने घरेलू सीजन के शेड्यूल का किया ऐलान

क्राइस्टचर्च, एजेंसी। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने 2024-25 के घरेलू अंतरराष्ट्रीय समर शेड्यूल का ऐलान कर दिया है। कीवी टीम इस दौरान इंग्लैंड, श्रीलंका और पाकिस्तान जैसे बड़ी टीमों की मेजबानी करेगी। न्यूजीलैंड की ओर से जारी 2024-25 घरेलू सीजन के दौरान कुल मिलाकर न्यूजीलैंड की पुरुष टीम 6 वनडे और 8 टी20 इंटरनेशनल मैच खेलेगी।

कार्यक्रम की शुरुआत इस साल के अंत में इंग्लैंड के खिलाफ पहले से घोषित आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप श्रृंखला से होगी, जिसके बाद श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ सफेद गेंद की श्रृंखला होगी। इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज 28 नवंबर को क्राइस्टचर्च में शुरू होगी। न्यूजीलैंड की पुरुष टीम 28 दिसंबर से 11 जनवरी तक तीन टी20 और इतने ही वनडे श्रीलंका के साथ खेलेगी।

ब्लैककैप्स फरवरी में मेजबान और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय सीरीज के लिए पाकिस्तान जाएगी, उसके बाद आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी अभियान शुरू करेगी। इसके बाद 16 मार्च से 5 अप्रैल तक पाकिस्तान के खिलाफ पांच टी20 और तीन वनडे के लिए स्वदेश लौटेगी।

न्यूजीलैंड की महिला टीम 19 से 23 दिसंबर तक सेलो बेसिन रिजर्व में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज भी खेलेगी और बाद में 4 से 18 मार्च तक श्रीलंका के मल्टी-फॉर्मेट दौरे की मेजबानी करेगी, जो 21-26 मार्च को नंबर 1 रैंक वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज से ठीक पहले होगी।

पेरिस ओलंपिकः

टोक्यो में मिली निराशा, मानसिक द्वंद से पार पाकर किया प्रवेश, ऐसा रहा अंजुम मोदगिल का सफर

नई दिल्ली, एजेंसी। टोक्यो ओलंपिक में भारतीय निशानेबाजों का सफर अच्छा नहीं रहा था और उसे अंजुम मोदगिल भी शामिल थीं। अंजुम पिछले साल एशियाई खेल और विश्व चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं बना सकी थीं। इससे वह काफी निराश हो गई थीं, लेकिन उन्होंने मानसिक द्वंद से पार पाकर पेरिस खेलों में प्रवेश किया। मोदगिल ने स्वीकार किया कि विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में

नहीं चुने जाने के बाद उनकी आंखें खुल गई। इसके बाद उन्होंने अपनी मानसिक दृढ़ता और अभ्यास पर ध्यान दिया। मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों के महत्व को समझते हुए अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) ने एक हेल्पलाइन शुरू की है जो ओलंपिक के दौरान सभी खिलाड़ियों को मानसिक स्वास्थ्य को लेकर परामर्श देगी।

सर्जरी के बाद मैदान पर लौटे मोहम्मद शमी, नेट्स पर शुरू की गेंदबाजी

नईदिल्ली, एजेंसी। स्टार भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी नेट्स पर गेंदबाजी करने के लिए वापस आ गए हैं, जो प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में उनकी वापसी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शमी 2023 वनडे विश्व कप के बाद से चोट के कारण बाहर हैं। उन्हें दाएं एड़ी की चोट के कारण बाहर रखा गया था जिसके लिए सर्जरी की आवश्यकता थी और तब से वह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की सावधानीपूर्वक निगरानी में हैं। 33 वर्षीय तेज गेंदबाज ने इस साल की शुरुआत में अपने अकिलीज टेंडन का ऑपरेशन करवाया था जिसके कारण वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज, इंडियन प्रीमियर लीग 2024 और टी20 विश्व कप से चूक गए थे।

इन असफलताओं के बावजूद शमी अब अपनी वापसी की तैयारी कर रहे हैं और उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया है जिसमें वह ट्रेनिंग नेट्स में सावधानी से गेंदबाजी कर रहे हैं। हालांकि वह टखने की चोट से उबर चुके हैं, लेकिन उन्होंने अभी तक पूरी तीव्रता से गेंदबाजी शुरू नहीं की है। शमी अपनी फॉर्म को फिर से हासिल करने और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) से मेडिकल क्लीयरेंस लेने के लिए काम कर रहे हैं क्योंकि उनका लक्ष्य प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करना है। शमी ने अपने पोस्ट को कैप्शन दिया, नवीनतम के साथ तालमेल बिठाना, महानतम के लिए मेहनत करना। शमी 2023 वनडे विश्व कप में भारत के स्टैंडआउट गेंदबाज थे जिन्होंने 7 मैचों में 10.70 की औसत से 24 विकेट लिए।

टखने की चोट के बावजूद उन्होंने भारत द्वारा आयोजित आईसीसी इवेंट के दौरान भारत के प्रभावशाली प्रदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हालांकि जनवरी में इंग्लैंड सीरीज से पहले शमी के टखने में अकड़न का अनुभव हुआ और वह समय पर ठीक नहीं हो पाए। टखने के दर्द के कारण शमी ने दक्षिण अफ्रीका सीरीज से नाम वापस ले लिया। हालांकि जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह ने सुनिश्चित किया कि शमी की कमी टी20 विश्व कप 2024 के दौरान ज्यादा महसूस न हो। बुमराह और अर्शदीप ने सामूहिक रूप से टूर्नामेंट में 32 विकेट लिए जिससे भारत ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर ट्रॉफी हासिल की। हार्दिक पांड्या ने भी गेंद से महत्वपूर्ण योगदान दिया शमी के पेस अटैक से अनुपस्थित रहने के बावजूद भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई।

चोट के कारण मेसी अनिश्चित काल के लिए मैदान से बाहर

नई दिल्ली, एजेंसी। अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी कोपा अमेरिका के फाइनल में चोटिल होकर बाहर चले गए थे। लेकिन अर्जेंटीना ने उनके बिना भी एक रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज की।

खास बात ये है कि मेसी सही से चल भी नहीं पा रहे थे लेकिन इसके बावजूद वो बेंच से उठकर गए और टीम के साथ जीत का जश्न मनाया। हालांकि, मेसी की चोट को लेकर उनके फैंस काफी परेशान हैं। उनके दाहिने टखने में बहुत अधिक सूजन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय है। इस बीच मेजर लीग सॉकर क्लब इंटर मियामी ने पुष्टि की है कि उनके कप्तान को दाहिने टखने के लिगामेंट में चोट लगी है। उनकी वापसी की कोई तय तारीख नहीं होगी। लेकिन आने वाले कुछ हफ्तों में इस पर चीजें साफ होंगी। इंटर मियामी के बयान में कहा गया, मेडिकल जांच के बाद, यह निर्धारित किया गया है कि लियोनेल मेसी को दाहिने टखने के लिगामेंट में चोट लगी है। कप्तान की उपलब्धता समय-समय पर किए जाने वाले आकलन और उनकी रिकवरी की प्रगति के आधार पर निर्धारित की जाएगी। मियामी के कोच मार्टिनो ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा, मेसी की काफी चोट लगी है, उनका टखना मुड़ गया था। इसलिए जांच की आवश्यकता है और रिपोर्ट की प्रतीक्षा करनी होगी। स्थिति की गंभीरता का पता लगाने के लिए परीक्षण किए जाएंगे।

एशियाई पैरालंपिक समिति का बड़ा फैसला

दीपा मलिक को दक्षिण एशिया के लिए प्रतिनिधि नियुक्त किया

नईदिल्ली, एजेंसी। भारत की पहली महिला पैरालंपिक पदक विजेता दीपा मलिक को एशियाई पैरालंपिक समिति (एपीसी) ने दक्षिण एशिया के लिए उप क्षेत्रीय प्रतिनिधि नियुक्त किया है। एपीसी की 34वीं कार्यकारी बोर्ड बैठक के दौरान यह फैसला लिया गया। दीपा तुरंत पद की जिम्मेदारी संभालेंगी। भारत की पूर्व पैरालंपिक समिति प्रमुख की नियुक्ति से कार्यकारी बोर्ड में महिला प्रतिनिधियों की संख्या पांच हो गई है जो एपीसी के इतिहास में बोर्ड में महिलाओं का सबसे अधिक प्रतिनिधित्व है।

दीपा मलिक ने जताई खुशी

दीपा की भूमिका में दक्षिण एशियाई देशों का प्रतिनिधित्व करना और इस क्षेत्र में पैरा खेलों के विकास और इन्हें प्रोमोट करने के लिए प्रयास करने होंगे। दीपा ने कहा, दक्षिण एशिया का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है और मेरे लिए शानदार मौका है।

एक नजर

एक शराबी गिरफ्तार, गया न्यायालय

रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)। रफीगंज पुलिस ने बशारतपुर गांव से नशे की हालत में पटोई गांव निवासी संतोष यादव को हिरासत में लिया।इस संबंध में प्रशिक्षु डीएसपी चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि नशे की हालत में गांव में ही हंगामा कर रहा था।सूना पर गये और हिरासत में लेकर जांचोपरांत शराब सेवन की पुष्टि के बाद न्यायालय भेजा गया।

जोसा ने जारी किया पांचवें चरण का सीट आवंटन

पटना (नि.सं.)। ज्वाइंट सीट एलोकेशन अथॉरिटी (जोसा) ने बुधवार को काउंसिलिंग 2024 के पांचवें दौर के लिए सीट आवंटन रिजल्ट जारी कर दिया है। जिन उम्मीदवारों ने बीटेक प्रवेश के लिए पंजीकरण कराया है, वे वेबसाइट josaa.nic.in. पर परिणाम देख सकते हैं। सीट आवंटित छात्रों को 22 जुलाई शाम पांच बजे तक ऑनलाइन रिपोर्ट करना होगा, फीस का भुगतान करना होगा और दस्तावेज अपलोड करने होंगे। फीस भुगतान संबंधी समस्याओं का समाधान और प्रश्नों का उत्तर 23 जुलाई तक दिया जायेगा। जिन छात्रों ने एनआईटी काउंसिलिंग में भाग लिया था और इंजीनियरिंग काउंसिलिंग से अपनी सीटें वापस लेना चाहते हैं, वे 17 से 22 जुलाई के बीच सीट आवंटन प्रक्रिया से बाहर निकल सकेंगे। जोसा जेईई मेन और जेईई एडवांस रैंक के आधार पर आईआईटी, एनआईटी समेत 121 संस्थानों की 59917 सीटों के लिए काउंसिलिंग आयोजित कर रही है।

वेतन कटौती के विरोध में शिक्षकेतर कर्मियों का धरना 23 जुलाई को

पटना (नि.सं.)। वेतन कटौती के विरोध में शिक्षकेतर कर्मचारी 23 जुलाई को धरना देंगे। बुधवार को बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी संघ ने आरोप लगाया कि कार्यरत एवं अवकाश प्राप्त कर्मचारियों के वेतन व पेंशन में कटौती की गई है। सरकार के इस कदम के विरोध में कर्मचारी धरना देंगे। संघ के मुताबिक वेतन कोषांग के गठन के लिए निर्गत संकल्प में यह स्पष्ट है कि विश्वविद्यालय महाविद्यालय के शिक्षक/शिक्षकेतर कर्मियों के वेतन का निर्धारण बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1976 एवं पटना विवि अधिनियम 1976 के अनुसार गठित पे फिक्सेसन कमेटी करेगी। इस समिति के द्वारा किये गये वेतन निर्धारण का सत्यापन वित्त विभाग के अंकेक्षक के द्वारा किया जाना है। संघ का आरोप है कि महाविद्यालय के शिक्षकेतर कर्मचारियों का पक्ष भी नहीं सुना जा रहा है। यहां तक कि 10 से 15 वर्ष पूर्व जिनकी प्रोन्नति हुई है उन्हें भी तृतीय वर्ग से चतुर्थ वर्ग में करते हुए वेतन सत्यापन कर दिया गया है।

अंडा कार्टन बनाने वाली फैक्ट्री में पकड़ी गई 35 लाख की बिजली चोरी

पटना (नि.सं.)। बिजली चोरी को रोकने के लिए पटना अंचल ने छापेमारी अभियान तेज कर दिया है। पटना अंचल की टीम के साथ एसटीएफ की टीम मिलकर घरेलू के साथ व्यवसायिक संस्थानों के मीटरों की जांच में जुटी है। इसी दौरान मंगलवार को नौबतपुर इलाके में बड़ी बिजली चोरी पकड़ी गई। वहां एक अंडा कार्टन बनाने वाली फैक्ट्री में ऐसी बिजली चोरी पकड़ी गई कि बिजलीकर्मियों को चौका कर रख दिया। छापेमारी दलों ने संदेह के आधार पर उपभोक्ता अभिषेक कुमार पिता सुरेश राय के नौबतपुर, पीपलावां में चल रहे मेसर्स सुरेश ऐग ट्रेडर्स कंपनी में छापेमारी की। वहां उन्हें मीटर के साथ छेड़छाड़ कर टेंपर्ड सील लगा हुआ मिला।

एक लाख घरों में डेंगू से बचाव के लिए एंटी लार्वा का हुआ छिड़काव

पटना (नि.सं.)। डेंगू से बचाव के लिए नगर निगम ने शहर में एक लाख से अधिक घरों में एंटी लार्वा स्प्रे का छिड़काव किया है। यह काम आगे भी जारी है। जिन इलाकों में एंटी लार्वा स्प्रे का छिड़काव नहीं हुआ है, वहां नगर निगम के कर्मचारियों को भेजा जा रहा है। नगर निगम की चार सौ टीमें इस अभियान में लगी हैं। नगर निगम के अधिकारियों का दावा है कि डेंगू से बचाव के लिए शहर में चल रहे एंटी लार्वा के स्प्रे से मच्छरों का प्रकोप कम हो गया है। इसके अलावा फॉगिंग भी कराई जा रही है।

24 जून को मुक्का मार विधवा को किया था बेहोश, खून से लगा कपड़ा बरामद

महिला से रेप मामले में आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। विधवा महिला के साथ हुए रेप मामले में आरोपी 23 दिन बाद अरेस्ट हो गया है। 24 जून की दोपहर 12 बजे घटना को अंजाम दिया गया था। मामला रफीगंज के कासमा थाना क्षेत्र का है। इस मामले में औरंगाबाद की SP स्वप्ना मेश्राम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी है। इसमें उन्होंने कांड का खुलासा करते हुए बताया कि आरोपी नंद विश्वकर्मा(32) ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। आरोपी ने स्वीकार किया है कि सरावक मोड़ की तरफ से धावा नदी से होकर सुनसान रास्ते आने जाने वाली अकेली महिलाओं, लड़कियों के साथ वो छेड़खानी करता था। इसके साथ ही छिनतई की घटना को भी अंजाम देता था।

एसपी ने बताया कि 24 जून की सुबह पीड़ित महिला 6.30 बजे अपने घर से काम करने के लिए निकली थी। काम खत्म कर वो 12 बजे अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान जैसे ही महिला सिर पर पल्लू डाले सरावक मोड़ के पास पहुंची। तभी झाड़ियों में घात लगाए बैठे आरोपी नंद विश्वकर्मा(32) ने विधवा महिला पर पीछे से मुक्का मार दिया। महिला कमजोर रहने के कारण वो तुरंत बेहोश होकर वहीं गिर गई। इसके बाद महिला को कंधे पर उठाकर आरोपी सुनसान पहाड़ के पास पहुंचा। यहीं पर रेप कर आरोपी महिला को छोड़ फरार हो गया। आरोपी ने इससे पहले भी कई महिलाओं के साथ जोर जबरदस्ती का प्रयास किया था। सफल नहीं होने पर महिलाओं से 4 मोबाइल और 2 बैटरी छीन कर घर में रखे हुए थे। लेकिन किसी महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं करवाया था।

इस अभियान में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर 2 अमित कुमार, साइबर थाना अध्यक्ष डॉ.अनु कुमारी, रफीगंज सर्किल इंस्पेक्टर मधु कुमारी, मदनपुर थाना अध्यक्ष राजेश कुमार, तकनीकी शाखा जिला प्रभारी शंभू कुमार, जिला तकनीकी शाखा रामेश्वर यादव, रफीगंज थाना अध्यक्ष गुफरान अली, कासमा थाना अध्यक्ष इमरान आलम, SI वर्षा कुमारी, संतोष कुमार, अनिकेत कुमार, मुन्ना कुमार, अमरजीत कुमार, अजीत कुमार, पंकज पाल सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

होश आने पर थाने पहुंची महिला

वहीं, विधवा महिला ने बताया कि जब घटना के बाद उसे होश आया तो वो पहाड़ के पास थी। इसके बाद अपनी हालत देख उसे समझ आया की उसके साथ रेप हुआ। उसने तुरंत घटना की जानकारी कासमा थाना क्षेत्र में दर्ज करवाई। इसके बाद पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर अनुसंधान करते हुए टीम गठित कर जांच शुरू कर दी थी। इसके लिए कई संभावित स्थानों पर छापेमारी भी की गई। बाद में नंद विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी की पहचान पचार गांव के रामेश्वर विश्वकर्मा का बेटा नंद विश्वकर्मा(32) के रूप में की गई है। एसआईटी टीम गठित कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी नंद विश्वकर्मा के घर से विभिन्न लोगों से छीनी गई 3 कीपैड मोबाइल, 2 एंड्रॉयड फोन और 2 मोबाइल का बैटरी मिला है। इसके साथ ही रेप की घटना में अभियुक्त द्वारा पहना गया कपड़ा और घटना के समय पहने गए खून लगे अंडर गारमेंट्स बरामद कर जब्त किया है।

ट्रक से आम उतार रहे मजदूर की मौत

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। औरंगाबाद शहर के सब्जी मंडी में ट्रक से आम उतार गोदाम में रखने के क्रम में मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान माली थाना क्षेत्र के फुलडीहा गांव निवासी 55 वर्षीय सुभान साव के रूप में की गई है।

आम से लदा हुआ ट्रक गोदाम पर पहुंचा तो प्रतिदिन की तरह सुभान साव अन्य साथियों के साथ मिलकर ट्रक से आम उतार कर गोदाम में रखने लगे। कुछ देर बाद बेहोश होकर गिर पड़े। इसके बाद अन्य साथियों ने औरंगाबाद सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान डॉक्टर दिवेश भट्ट ने मृत घोषित कर दिया। औरंगाबाद सदर अस्पताल में मृतक सुभान साव के साथियों ने बताया कि सब्जी मंडी में भीड़-भाड़ और बड़े वाहनों के नो एंट्री रहने के कारण रात में ही बाहर से सामान लाया जाता है। मंगलवार की रात हमलोग आम उतार रहे थे। मृतक 25 वर्षों से हम लोगों के साथ सब्जी मंडी में मजदूरी का कार्य करते थे। सदर अस्पताल में इलाज कर रहे डॉ. दिवेश भट्ट ने बताया कि मृतक सुभान साव की हार्ट अटैक से मौत हुई है। अधिक वजन लेकर मजदूरी कर रहे होंगे। गर्मी से इनकी हार्ट अटैक से मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया में जुट गई।

नये बीडीओ ने किया पदभार ग्रहण

नवीनगर (औरंगाबाद)(नि.सं.)। नवीनगर प्रखंड कार्यालय में नये बीडीओ अरूण सिंह ने पदभार ग्रहण किया। बीडीओ के पद संभालने के बाद अरूण सिंह ने प्रखंड कार्यालय के सभी विभागों का निरीक्षण किया और उन्होंने सभी से परिचय प्राप्त किया।

तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से मजदूर की मौके पर मौत

- मुआवजे को लेकर पांच घंटा सड़क जाम
- पुलिस के अस्वासन पर हटाया गया जाम

निज संवाददाता

गोह (औरंगाबाद)। देवकुंड थानाक्षेत्र के आंधी बिगहा आहर के समीप बुधवार की दोपहर करीब साढ़े बारह बजे तेज रफ्तार बाइक ने पानी पीकर लौट रहे एक मजदूर में जबरदस्त टक्कर मार दी जिससे मजदूर की मौत मौके पर ही हो गई।घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को घटना स्थल पर रखकर देवकुंड गोह मुख्य मार्ग को जाम कर मुआवजे की मांग करने लगे।इस दौरान पांच घण्टे तक आवागमन बाधित रहा।

मृतक मजदूर की पहचान देवकुंड थानाक्षेत्र के ओरानी गांव निवासी स्व राजदेव यादव के 45 वर्षीय पुत्र सुदर्शन यादव के रूप में की गई है।घंटो कड़ी मसक्कत के बाद पुलिस आक्रोशितो को समझाने बुझाने में सफल रही और मुआवजे का आश्वासन देते हुए जाम को हटाया गया। तब जाकर पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम में भेजा।

मृतक के भाई विजय यादव ने बताया की रोज की तरह मेरा छोटा भाई सुदर्शन बधार में भैंस चराने गया था।दोपहर को कडी धूप होने के कारण उसे प्यास लगी।उसने प्यास बुझाने को लेकर आंधी बिगहा आहर के समीप चल रहे मोटर पर जाकर पानी पीया और बधार में वापस लौटने के क्रम में जैसे ही सड़क पर अपनी लेन में गया तो उपहारा

के तरफ से तेज रफ्तार से आ रही एक बाइक सवार ने जबरदस्त टक्कर सुदर्शन में मार दिया।जिससे सुदर्शन की मौत मौके पर ही हो गई।बाइक की रफ्तार तेज होने के कारण बाइक के फरकच्चे उड़ गए।और बाइक चालक बाइक छोड़ फरार हो गया।

नाबालिग भांजी का अपहरण करने वाला मामा गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। मामा ने अपनी भांजी का गलत नीयत से अपहरण कर लिया था। पीड़िता की मां ने 12 जून को देव थाना में एफआईआर कराई थी। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी थी। इसी दौरान आरोपी मामा पकड़ा गया और पीड़िता भी बरामद हो गई। दोनों को झारखंड राज्य के पलामू जिला अंतर्गत चैनपुर गांव से पुलिस ने बरामद किया है।

प्राथमिकी पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया था कि मेरी बेटी देव बाजार 12 जून को गई थी, लेकिन शाम तक घर वापस नहीं लौटी। उसकी काफी खोजबीन की पर वो नहीं मिली। इसी क्रम में पता चला कि मेरा सौतेला भाई उसे बहला-फुसलाकर ले गया है। देव थानाध्यक्ष विकास ने बताया कि आवेदन प्राप्त होने पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई। आरोपी को नाबालिग लड़की के साथ उसके घर से बरामद किया गया। आरोपी शादी-शुदा है, उसकी एक बच्ची भी है। फिलहाल पीड़िता को मेडिकल के बाद घर भेज दिया गया। आरोपी को जेल भेज दिया गया।

मुहर्रम जुलूस के वक्त पिस्तौल के साथ युवक गिरफ्तार, पांच जिंदा कारतूस भी बरामद

- आवश्यक कार्रवाई के बाद भेजा जेल

निज संवाददाता

अंबा (औरंगाबाद)। बुधवार को मोहर्रम के जुलूस के दौरान एक युवक को देसी पिस्तौल के साथ अंबा थाना की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान अम्बा थाना क्षेत्र के मनसाय गांव निवासी मो.खालीद राजा के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि इसके पास से एक देसी पिस्तौल के अलावा 5 जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। दरअसल, अम्बा थाना की पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि ग्राम मंसारा और किसुनपुर से निकलने वाले जुलूस में एक युवक अपने पास अवैध हथियार लेकर घूम रहा है। मामले की सूचना मिलते ही अंबा थाना की पुलिस मौके पर पहुंच कर भीड़ पर नजर बनाए हुए था। इसी दौरान किसुनपुर गांव के पास जुलूस को पहुंचते ही भीड़ को रोक कर पुलिस जब जांच पड़ताल शुरू की तो एक मनचले को गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में पुलिस अवर निरीक्षक दिनेश कुमार, गृह रक्षक मनोज कुमार यादव और मंदीप पासवान शामिल थे। थानाध्यक्ष ने बताया कि अवैध हथियार और कारतूस के साथ पकड़े गए आरोपी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि आरोपी युवक लोगों में वर्चस्व कायम करने के लिए अवैध हथियार रखे हुए था। जिसे कागजी प्रक्रिया के बाद आगे की कार्रवाई की जा रही है।

संयुक्त किसान मोर्चा ने किया ऐलान, बगैर मुआवजा मिले नहीं देंगे वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेसवे लिए एक इंच जमीन

निज संवाददाता

कुटुंबा (औरंगाबाद)। भारतमाला परियोजना के तहत निर्मित होने वाले वाराणसी-कोलकाता ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के लिए भूमि अधिग्रहण से प्रभावित औरंगाबाद के किसानों ने कुटुम्बा प्रखंड के बेनी गांव में संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले एक आमसभा की। आमसभा की अध्यक्षता बेनी गांव के किसान अशोक कुमार सिंह ने की जबकि संचालन विकास सिंह ने किया। बैठक में वक्ताओं ने भारतमाला परियोजना के तहत ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के लिए भूमि अधिग्रहण के मामले में अधिकारियों के अन्यायपूर्ण रवैये पर अपने विचार रखें। आमसभा में बतौर मुख्य अतिथि भारतीय किसान यूनियन के बिहार-झारखंड प्रदेश प्रभारी दिनेश कुमार सिंह शामिल के अलावा कैमूर किसान मोर्चा के सचिव पशुपति पारस, राष्ट्रीय मजदूर विकास मंच के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, सचिव राजेंद्र गुप्ता एवं एनटीपीसी के मजदूर नेता भोला यादव बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। इस दौरान किसानों ने सर्वसम्मति से फैसला किया कि जबतक एक-एक किसान को उचित मुआवजा नहीं मिल जाता तबतक एक इंच भूमि भी एक्सप्रेसवे निर्माण के लिए नहीं देंगे। आमसभा में किसानों ने पिछले दिनों नबीनगर की अंचल अधिकारी निकहत परवीन द्वारा दिए गए गलत बयान की निंदा की। कहा कि निकहत प्रवीण नें किसानों को जमीन का किरायेदार बताया था जबकि जमीन का मालिकाना हक संवैधानिक और कानूनी अधिकार में आता है। बैठक में भाकियू के प्रदेश प्रभारी दिनेश सिंह ने कहा कि केंद्र और राज्य की सरकारें बिहार के किसानों के साथ भारी अन्याय कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में कई जगह भूमि अधिग्रहण हो रहा है पर अन्य राज्यों की अपेक्षा बहुत ही कम मुआवजा निर्धारित किया गया है। इतना ही नहीं सरकार बिना मुआवजा दिए जमीनों पर काम करने के लिये उतारू है। वहीं दूसरी तरफ बिहार सरकार के कर्मचारी किसानों के साथ इतना पेंच लगा रहे हैं, मानों किसान को मुआवजा ही नही मिले। सभा में पशुपति पारस नें कैमूर से लेकर गया जिले तक के किसानों को एकजुट होकर लड़ाई लड़ने का आह्वान किया। कहा कि जबतक हम एकजुट नहीं होंगे यह निरंकुश सरकार कोई मुआवजा नहीं देने वाली है। बेढ़नी पंचायत के मुखिया सह राष्ट्रीय मजदूर विकास मंच के अध्यक्ष मनोज सिंह नें कहा कि देश और राज्य की सरकार किसान विरोधी सरकार है। यह कभी काले कृषि कानून बनाती है। कभी 2013 के भूमि सुधार कानून को ताक पर रख कौड़ियों के भाव जमीन हड़पना चाहती है। इसके लिए किसानों को आरपार की लड़ाई लड़नी ही होगी।

हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (से.) औरंगाबाद जिला इकाई की संगठनात्मक बैठक संपन्न

निज संवाददाता

औरंगाबाद। हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (से.) औरंगाबाद जिला इकाई की संगठनात्मक बैठक जिला कार्यालय औरंगाबाद में किया गया ।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला के नवनियुक्त प्रभारी आदरणीय दिलीप यादव जी उपस्थित हुए।। इस बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रंधीर कुमार सिंह एवं संचालन युवा जिलाध्यक्ष गुलाम सरवर ने किया।। बैठक का उद्देश्य के बारे में जानकारी जिलाध्यक्ष ने बताया कि पार्टी के संरक्षक केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी का अभिनंदन समारोह में औरंगाबाद जिला की उपस्तिथि ज्यादा से ज्यादा संख्या में हो आगामी 24 जुलाई को पार्टी का स्थापना दिवस धूमधाम तरीके से वृक्षारोपण कर प्राकृतिक संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। जिसमें जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष एवं सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। संगठन का विस्तार बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा तथा अपने पार्टी के विचारधारा को जमीनी स्तर पर मजबूत किया जाएगा तथा हमारे नेता के विचारों को जन जन तक पहुंचाया जाएगा।। इस बैठक में विशेष अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय महासचिव सुनील चौबे, कुटुम्बा विधानसभा के प्रत्याशि रहे श्रवण भुईयां, पूर्व जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, युवा जिला सचिव सह मुखिया संतोष गौतम, जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी सूरज कुमार राय, वरीय नेता रंजय सिंह, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष प्रेम भुईयां, जिला सचिव अभय सिंह, जिला कोषाध्यक्ष विकास मिश्रा, जिला प्रधान महासचिव भीम प्रताप सिंह, छात्र जिला अध्यक्ष राहुल कुमार सिंह, विकास, बिरजू भुईयां, ओबरा प्रखंड अध्यक्ष रंजीत भगत, मिथिलेश, सिकंदर, डॉक्टर शेखर मुख्य रूप से उपस्थित थे।

27 को सीबीआई के ज्वाइंट डायरेक्टर एवं उनके आईएएस पुत्र का सम्मान समारोह होगा आयोजित

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सामाजिक संस्था पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट की महत्वपूर्ण बैठक पृथ्वीराज चौक ब्लॉक मोड़ अवस्थित पृथ्वीराज स्मृति स्थल के प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप नारायण सिंह ने किया। जबकि, संचालन की जिम्मेवारी सचिव स्वर्णजीत कुमार सिंह ने निभाई। बैठक में सदस्यों ने आपसी विचार समन्वय किया एवं आगामी 27 जुलाई को सीबीआई के ज्वाइंट डायरेक्टर विनित विनायक एवं उनके आई ए एस पुत्र वीरुपाक्ष विक्रम सिंह के सम्मान समारोह की तैयारी से संबंधित चर्चा की गई। चर्चा के क्रम में सम्मान समारोह की तैयारी के लिए एक समिति का गठन किया गया जिसका संयोजक जगदीश सिंह को बनाया गया। सरपंच संघ के प्रांतीय अधिकारी रविंद्र कुमार सिंह, वरीय सदस्य रामप्रवेश सिंह, प्रोफेसर ज्ञानेश्वर प्रसाद सिंह, मनोज कुमारसिंह, कोषाध्यक्ष विकास कुमार सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. संजीव रंजन को सदस्य बनाया गया। समिति के सदस्य संयोजक के नेतृत्व में सम्मान समारोह की तैयारी के लिए अगले बैठक में अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।चार बड़े-बड़े होर्डिंग जैसे बैनर शहर के प्रमुख चौक चौराहा पर लगाने का निर्णय लिया गया। सम्मान समारोह में सदस्यों एवं दानदाताओं को मोबाइल से सूचना देने की जिम्मेवारी सचिव स्वर्णजीत कुमार सिंह को दी गई। आज के महत्वपूर्ण बैठक में वरीय सदस्य प्रोफेसर विजय कुमार सिंह, प्रसिद्ध ज्योतिर्विद शिवनारायण सिंह, भीम सिंह, कमलेश सिंह, मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी सहित अन्य उपस्थित थे।बैठक के अंत में संस्था के वरीय सदस्य पोईंवा निवासी गोरखनाथ सिंह के पत्नी के आकस्मिक निधन पर सभी सदस्यों ने 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

तीसरे चरण की शिक्षक नियुक्ति में उम्र सीमा में छूट नहीं

पटना(नि.सं.)। बिहार लोक सेवा आयोग के द्वारा ली जा रही तीसरे चरण की शिक्षक नियुक्ति में संबंधित अभ्यर्थियों को अधिकतम उम्र सीमा में दस वर्ष की छूट नहीं मिलेगी। पटना उच्च न्यायालय के निर्णय के आलोक में शिक्षा विभाग ने इसका आदेश जारी किया है। विभाग ने जारी आदेश में कहा है कि पटना उच्च न्यायालय में दायर याचिका संख्या 4044/2024 संख्या कन्हैया प्रसाद एवं अन्य बनाम राज्य सरकार एवं अन्य में पारित न्यायादेश के आलोक में यह आदेश जारी किया जा रहा है। मालूम हो कि याचिकाकर्ताओं ने तीसरे चरण की नियुक्ति में भी दस वर्ष की अधिकतम उम्र सीमा में छूट की बात कही थी, जिसे स्वीकृत नहीं किया गया है। विभाग ने कहा है कि बिहार राज्य विद्यालय अध्यापक (नियुक्ति, स्थानांतरण, अनुशासनिक कार्रवाई एवं सेवा शर्त) नियमावली 2023 के आलोक में इसे अस्वीकृत करते हुए मामले को निस्तारित किया जाता है।

जन-जन की वाणी...

सोन वर्षा वाणी

2 राज्य | 4 संस्करण

केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक

प्रकाशन के गौरवपूर्ण 25 वर्ष रजत जयंती

आवश्यकता :

25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है|

इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com

नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगे.

प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121

आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546

रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433